जबलपुर
शनिवार 27 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष–13
वर्ष : 21, अंक : 56
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम
अधि. 33
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

316 साल वाली तीन बहनों की लंबी उम्र में छिपा यह सीक्रेट

# मिलेगा 100 साल तक जीने का राज

इस प्रोजेक्ट का नाम है डीएनए लॉन्गेवो प्रोजेक्ट


ब्राजील की तीन बहनें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

लंबी उम्र और स्वस्थ रहने की ख्वाहिश हर किसी की होती है। पूरी दुनिया में इसे लेकर प्रयोग हो रहे हैं कि कैसे इंसान की उम्र बढ़ाई जा सके। यहां तक कि ऐसी खबरें आती रहती हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी अपनी उम्र बढ़ाने को लेकर फिक्रमंद रहते हैं और कोशिशें कर रहे हैं। मगर, अब शायद लंबी उम्र पाने का राज मिल सकता है। वैज्ञानिकों को लंबे जीवन का राज शायद ब्राजील की उन तीन बहनों में मिल सकता है, जिनकी संयुक्त रूप से उम्र 316 साल है। इसी महीने उनके नाम दुनिया की सबसे ज्यादा उम्र वाली तीन बहनों के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल हो सकते हैं।

## लोकतंत्र सेनानियों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की ढेरों घोषणाएं

# लोकतंत्र सेनानियों के 'इलाज' का सारा खर्चा सरकार उठाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकतंत्र सेनानी दिवस पर आज उनके सम्मान में अनेक घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में लोकतंत्र सेनानियों के लिए स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था कर उन्हें तीर्थ दर्शन कराया जाएगा। शासकीय रेस्ट हाउस में 2 दिन तक रूकने की व्यवस्था, दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों के नाम पर शिलालेख लिखवाए जाएंगे। उनके गांव, कस्बे, नगर या निवास क्षेत्र के समीप मौजूद सार्वजनिक भवनों, पार्क एवं रोड आदि का नाम भी इनके नाम पर रखा जाएगा।


लोकतंत्र सेनानियों का अभिनंदन कर सीएम ने स्मृति चिन्ह भेंट किए

### मेरे पिता भी 19 महीने तक जेल में रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपातकाल के समय किसी को भी जेल में डाल दिया जाता था। एक प्रकार से देशभर में भय का वातावरण था। उन्होंने बताया कि उनके पिता भी 19 महीने तक जेल में रहे।

**दूसरी आजादी के आंदोलन की तरह था आपातकाल का संघर्ष:** लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। लोकतंत्र सेनानी जब मिलते हैं, तो ऊर्जा का संचार होता है।

### ये महत्वपूर्ण घोषणाएं

1. पीएमश्री एयर एंबुलेंस की मिलेगी निःशुल्क सुविधा
2. स्पेशल ट्रेन से लोकतंत्र सेनानियों को तीर्थ दर्शन कराएगी सरकार
3. सभी लोकतंत्र सेनानियों को दिए जाएंगे ताम्रपत्र
4. सम्मान निधि वाली बैंक या शाखा बदलने की सुविधा भी मिलेगी
5. दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों के बनवाए जाएंगे शिलालेख
6. सार्वजनिक भवनों, पार्क एवं रोड के नाम भी इनके नाम पर रखे जाएंगे

inh
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़



**इंदौर।** गांधीनगर थाना पुलिस ने ऑनलाइन तकनीक सीखकर नकली नोट छापने और उन्हें बाजार में खपाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों दीपक पटेल, संजय उर्फ जय वैष्णव और रवि चौधरी को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 200 के 424 नकली नोट, 500 के अधछपे नोट, कलर प्रिंटर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं।

### कॉलेज बैग में मिला 14.5 किलो गांजा, 4 गिरफ्तार



**जबलपुर।** अधारताल थाना पुलिस ने करौंदा बायपास के पास नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 5 लाख कीमत का 14.5 किलो अवैध गांजा, दो बिना नंबर स्कूटी और चार मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

### महेश दीक्षित बने देश के नए आईबी प्रमुख



**नई दिल्ली।** आईपीएस अधिकारी महेश दीक्षित को भारत की आंतरिक खुफिया एजेंसी, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे देश के पहले ऐसे इंटेलिजेंस चीफ होंगे जो पेशे से एक मेडिकल डॉक्टर भी हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। वे मौजूदा आईबी प्रमुख तपन डेका का स्थान लेंगे।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला

एफआईआर में चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत ट्रस्ट के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के नाम शामिल नहीं

# राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा नपे


चंपत राय


अनिल मिश्रा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने अपना त्यागपत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को सौंप दिया है। ट्रस्ट के ट्रस्टी नृपेंद्र मिश्रा ने दोनों के इस्तीफे की सूचना मिलने की पुष्टि की है। वहीं, चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। अब तक रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज की गई। दर्ज एफआईआर में चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत ट्रस्ट के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के नाम शामिल नहीं हैं।

*पीएमओ से मांग की गई कि ट्रस्ट गठन के बाद से अब तक का सारा वित्तीय और संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किया जाए*

**महंत नृत्य गोपाल दास को सौंपा त्यागपत्र ट्रस्टी नृपेंद्र मिश्रा ने की पुष्टि**



***8 आरोपी न्यायिक हिरासत में, उनके पास से करीब 80 लाख रुपए बरामद***

### ये हैं आरोपियों के नाम

रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव (चंपत राय का करीबी), अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, सुभाल चंद्र श्रीवास्तव, करुणेश पांडेय, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला और रामशंकर मिश्रा।

### कोर्ट का एक्शन : 8 आरोपी जेल भेजे गए

इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अयोध्या की सीजेएम कोर्ट ने गिरफ्तार किए गए सभी 8 आरोपियों को सोमवार (29 जून) तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। कोर्ट के प्रॉसिक्यूशन ऑफिसर केसी वर्मा के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में सरकारी सैलरी पाने वाले लोग और एसबीआई के 5 से 6 कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से अब तक कुल 79,85,493 (करीब 80 लाख रुपए) और आभूषण बरामद किए हैं।

### पीएमओ से हो चुकी शिकायत

12 जून को भाजपा नेता रजनीश सिंह ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को शिकायत भेजकर मांग की थी कि ट्रस्ट गठन के बाद से अब तक का सारा वित्तीय और संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किया जाए। रजनीश सिंह ने आरोप लगाया था कि चंपत राय ने एसआईटी जांच का हवाला देकर ट्रस्ट की आमदनी, खर्च और बैंक खातों की जानकारी देने से मना कर दिया था।

### एसआईटी कर रही है जांच

चढ़ावा चोरी का मामला तूल पकड़ने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जून को ही एक हाई-लेवल एसआईटी का गठन कर दिया था। इस तीन सदस्यीय टीम में लखनऊ के कमिश्नर विजय विश्वास पंत, आईजी किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले को लेकर बेहद गंभीर हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिस किसी के पास भी इस घोटाले से जुड़े सबूत हों, वे तुरंत एसआईटी को सौंप दें।


1
जुलूस और अस्पताल का दृश्य

## मुहर्रम जुलूस के दौरान दो दर्दनाक हादसे

# रतलाम में हाईटेंशन लाइन से ताजिया टकराया, 3 की मौत, 10 लोग झुलसे

***ताजिए में लगी लोहे की रॉड के कारण करंट तुरंत नीचे फैल गया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

हतनारा गांव में गुरुवार रात मुहर्रम के जुलूस के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। यहां निकाला जा रहा एक ताजिया ऊपर से गुजर रही 11 केवी की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। ताजिए में करंट फैलते ही जोरदार धमाका हुआ, जिसकी चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग बुरी तरह झुलस गए। घटना रात करीब 11 बजे की है, जब मेवाती मोहल्ले से जुलूस आगे बढ़ रहा था। महज 15 फीट की ऊंचाई पर स्थित बिजली के तारों से ताजिया छू गया। ताजिए में लगी लोहे की रॉड के कारण करंट तुरंत नीचे फैल गया।

# दमोह में मुहर्रम जुलूस में स्टंट करते समय युवक के चेहरे पर लगी आग


2

**दमोह।** दमोह के गड़ी मोहल्ले में गुरुवार देर रात मुहर्रम के पारंपरिक शहर गश्त जुलूस के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। यहां एक 28 वर्षीय युवक शाहरुख खान मशाल के साथ आग उगलने का स्टंट कर रहा था। मुंह में पेट्रोल भरकर मशाल पर फूंक मारते समय पेट्रोल की कुछ छींटें उसके चेहरे पर गिर गईं, जिससे अचानक उसके मुंह और चेहरे पर आग लग गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई, लेकिन पास खड़े लोगों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत आग बुझाई। शाहरुख को मामूली चोटें आई हैं और उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सीबीएसई का बड़ा फैसला

# 7वीं और 9वीं में अभी नहीं लागू होगी 'नई भाषा नीति'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


■ 10वीं तक पुराने नियम ही रहेंगे

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 7वीं, 8वीं और 9वीं के छात्रों को बड़ी राहत दी है। दो विदेशी भाषाएं चुन चुके छात्र 10वीं तक उसी भाषा संयोजन के साथ पढ़ाई जारी रख सकेंगे। दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल कक्षा 6 से नए छात्रों पर लागू होगी। तीन-भाषा नीति के तहत कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल आगे आने वाले छात्रों पर लागू होगी।

## श्रद्धालुओं को मिली बड़ी राहत

# मरम्मत के बाद दोबारा शुरू हुआ ममलेश्वर झूला पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओंकारेश्वर



■ सुरक्षा को लेकर प्रशासन अब बरत रहा कड़ाई

नर्मदा नदी पर बना प्रसिद्ध ममलेश्वर झूला पुल (हैंगिंग ब्रिज) दो दिन बंद रहने के बाद शुक्रवार को श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए दोबारा खोल दिया गया है। सुरक्षा कारणों के चलते पुल का एक मुख्य हुक टूट जाने के बाद इसे तुरंत बंद कर दिया गया था। एनएचडीसी और तकनीकी टीम ने युद्धस्तर पर काम करते हुए क्षतिग्रस्त हुक को बदला और जरूरी मरम्मत कार्य पूरा किया।

## जबलपुर-नागपुर हाईवे पर हादसा

# घर में घुसा ओवरलोड वाहन 3 मजदूरों की मौत, 12 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी


■ चालक को झपकी आ गई थी

जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर शुक्रवार तड़के करीब 4:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कुरई थाना क्षेत्र के पचधार हाईवे के पास मजदूरों से भरा एक ओवरलोड तूफान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसा। इस भीषण दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य मजदूर घायल हुए हैं।

## वेनेज़ुएला भूकंप : मलबे में तड़पती मां ने दिया बच्चे को जन्म


देवदूत बनकर पहुंचे बचावकर्मियों ने सुरक्षित निकाला

# मौत के मलबे से जिंदगी की गूंज उठी किलकारी



**काराकास।** विनाशकारी भूकंप की मार झेल रहे वेनेजुएला के कराकस शहर से तबाही के बीच एक कुदरती चमत्कार सामने आया है। यहां चारों तरफ कांक्रीट के ढेर और मौत के सन्नाटे के बीच मलबे के नीचे फंसी एक गर्भवती महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। जिंदगी और मौत के बीच झूलते हुए भारी मलबे के दबाव और असहनीय प्रसव पीड़ा के बावजूद महिला ने हिम्मत नहीं हारी और एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे दिया।

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के अफसर पर एक्शन

# सांभर को पोहा खिलाने पर सहायक संचालक निलंबित

***इंसानी भोजन खिलाना उनकी प्राकृतिक प्रवृत्ति के विपरीत***


सांभर को पोहा खिलाते हुए ये वीडियो आया

**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में एक वन्यजीव (सांभर) को पोहा खिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। क्षेत्र संचालक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इटारसी के प्रभारी सहायक संचालक एवं बोरी के प्रभारी अधीक्षक विनोद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल, वायरल वीडियो में अधिकारी विनोद वर्मा सांभर के साथ अस्वाभाविक और पालतू जानवरों जैसा व्यवहार करते हुए नजर आ रहे थे। वन्यजीव कार्यकर्ताओं ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि जंगली जानवरों को मानव संपर्क में लाना, उन्हें इंसानी भोजन खिलाना उनकी प्राकृतिक प्रवृत्ति के विपरीत है।

## दिन के पारे में 4.9 डिग्री का उछाल, दक्षिण हिस्सों में बरस रहे बादल

छतरपुर में 41.5 व ग्वालियर में 40.5 डिग्री पर पहुंचा पारा

# मानसून आने के बाद भी प्रदेश में लू जैसे हालात बालाघाट में बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत

**भोपाल-इंदौर सहित 40 से अधिक जिलों में आंधी-वर्षा का अलर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहली बार प्रदेश में मानसून आने के बाद भी अधिकतर जिलों में दिन के समय लू जैसे हालात बने हुए हैं। शुक्रवार को दिन के पारे में 4.9 डिग्री का उछाल आया। बुंदेलखंड और ग्वालियर-चंबल के जिलों में जून के आखिरी सप्ताह में लू जैसे हालात बने हुए हैं। जबकि दक्षिणी हिस्सों में पानी बरस रहा है, हालांकि तीन दिन बाद मानसून के पूरे प्रदेश में फैलने की संभावना जताई जा रही है। जिससे ज्यादातर जिलों में झमाझम बारिश होगी। मानसून फिलहाल प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में दो दिन से अटका हुआ है।


मंदसौर में बारिश

**चार बड़े शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 32.8 | 22.0 |
| इंदौर | 33.9 | 21.5 |
| ग्वालियर | 40.5 | 29.5 |
| जबलपुर | 38.1 | 26.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में

**इधर आंधी-बारिश का अलर्ट :** अगले 3 दिनों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ सकता है। हालांकि राहत की बात यह है कि मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और सागर सहित प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।


## प्रदेश में मौसम की मार

# देवास में गैलरी ढहने से मलबे दबे लोग, दो महिलाओं की मौत

देवास और बालाघाट में तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। बालाघाट के बैहर क्षेत्र में भमोड़ी वन विभाग कैंप के पास तेज बारिश से बचने के लिए 9 लोग एक वॉच टॉवर के नीचे छिपे थे। इसी दौरान नजदीक के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से सतीश वलके (19), लक्की मेरावी (18) और झामसिंह ताराम (34) सहित अन्य की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग झुलस गए। वहीं, देवास के खटांबा गांव में हुआ, जहां सूरज पूजा के कार्यक्रम के दौरान तेज आंधी-बारिश के कारण एक मकान की गैलरी भरभराकर नीचे भोजन कर रहे लोगों पर गिर गई। इस हादसे में मां भगवंताबाई और बेटी लक्ष्मीबाई की मौके पर ही मौत हो गई। तीन घायल हो गए।

## खबर संक्षेप

### सहारनपुर में एक ही परिवार के 4 की मौत



**सहारनपुर।** दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर पर हलगोया कट के पास सोनीपत से हरिद्वार जा रहे श्रद्धालुओं की टाटा टियागो कार में पीछे से आ रही स्कार्पियो कार ने टक्कर मार दी। जिससे टियागो में बैठे 9र्षीय बच्चे, दो महिलाओं व एक व्यक्ति की मौत हो गई। गांव मड़ोरा निवासी सात लोग टाटा टियागो में सोनीपत, बागपत, शामली होते हुए हरिद्वार जा रहे थे।

### जेल से भागा कैदी दबोचा, पैर में लगी गोली



**परतापुर।** आजीवन कारावास की सजा काट रहा सिद्धदोष कैदी इज्जतनगर स्थित केंद्रीय कारागार से भाग गया था। चार दिन बाद पुलिस ने उसे परतापुर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी से बचने के लिए कैदी ने पुलिस पर फायरिंग भी की, जवाबी फायरिंग में कैदी के पैर में गोली लगी।बंदी दिनेश ने बताया कि वह अमरोहा के डिडोली थाना क्षेत्र का निवासी है।

### मुंडका में जहरीली गैस से 3 की मौत



**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मुंडका में शुक्रवार को एक फैक्टरी में हादसा हुआ। 3लोगों की मौत हो गई। वेसेप्टिक टैंक के अंदर जहरीली गैस की चपेट में आ गए।दिल्ली फायर सर्विस के अनुसार,दोपहर 12:03 बजे एक कॉल आई जिसमें बताया गया कि मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्टरी में कुछ लोग सेप्टिक टैंक के अंदर फंस गए हैं।

### शाह ने ली नारको-कोऑर्डिनेशन सेंटर की शीर्ष-स्तरीय बैठक

# 'नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट' जारी किया..6,000 करोड़ के नशीले पदार्थ नष्ट

### केंद्र- राज्य सरकारों के साथ जांच एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ केंद्र सरकार अपनी कार्रवाई को और तेज करने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह शुक्रवार को नारको-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक की की। इस दौरान उन्होंने 'नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029' जारी किया। इससे देश को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए अगले 3 वर्षों का रोडमैप तय किया गया।

बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों के साथ विभिन्न जांच एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। गृह मंत्रालय और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की ओर से आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देशभर में ड्रग तस्करी और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ चल रहे अभियानों की समीक्षा करना और उन्हें और मजबूत बनाना है। बैठक में विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों और ड्रग कानून लागू करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सरकार का कहना है कि ड्रग्स के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति को और प्रभावी बनाने बेहतर समन्वय बनाएं।

3 साल के लिए प्रभावी

ड्रग माफिया पर बड़ा प्रहार



विजन डाक्यूमेंट के बाद बोले गृहमंत्री शाह

#### 'ऑनलाइन ड्रग डिस्पोजल फोर्टनाइट कैंपेन' शुरू

गृह मंत्री शाह ने इस दौरान 'ऑनलाइन ड्रग डिस्पोजल फोर्टनाइट कैंपेन' की भी शुरुआत की। इस अभियान के तहत देशभर में जब्त किए गए लगभग 2,09,500 किलोनशीले पदार्थों को नष्ट किया। इन नशीले पदार्थों की अनुमानित कीमत करीब 6,000 करोड़ बताई गई है।

#### नए विजन डॉक्यूमेंट में खास

'नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029' में नशीले पदार्थों की मांग कम करने, तस्करी की सप्लाई चेन तोड़ने और नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही यह दस्तावेज आने वाले वर्षों में ड्रग्स के खिलाफ राष्ट्रीय रणनीति का आधार बनेगा।विजन डॉक्यूमेंट में नई चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी शामिल की गई है। इनमें सिंथेटिक ड्रग्स का बढ़ता इस्तेमाल और डार्कनेट के जरिए हो रही ड्रग तस्करी प्रमुख हैं। इसके अलावा, नशे से प्रभावित लोगों के लिए जागरूकता अभियान, इलाज की सुविधाएं और पुनर्वास सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार किया गया है।

#### अभियान को सक्रियता रूप से आगे बढ़ाएं



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने एक्स पर लिखा, मैं उन विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों और संगठनों की सराहना करता हूं जो इस अभियान को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहे हैं। हम जागरूकता फैलाएं, नशा छोड़ने की प्रक्रिया से गुजर रहे लोगों का समर्थन करें और सक्रियता बढ़ाए।

#### जागरुकता अभियान में शामिल हुए सीएम विजय



तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने शुक्रवार को चेन्नई के मरीना बीच पर 'स्टार्ट रन, स्टॉप ड्रग्स' एंटी-ड्रग अवेयरनेस रन को हरी झंडी दिखाई। ट्रैकसूट, स्नीकर्स और धूप के चश्मे पहने विजय ने 'स्टार्ट रन, स्टॉप ड्रग्स' टी-शर्ट पहने प्रतिभागियों के साथ दौड़ते हुए जोरदार तालियां बटोरीं।

#### स्वस्थ समाज के लिए नशा से दूर रहें: रेड्डी



तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोगों से नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने की अपील की। रेड्डी ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण हो।

#### गृहमंत्री शाह की अहम बातें

- सभी संबंधित एजेंसियों और अधिकारियों को एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट को ध्यान से पढ़ना चाहिए।
- अगले एक वर्ष में किसी भी सूचकांक - में गिरावट नहीं आनी चाहिए।
- हर मानक में उल्लेखनीय सुधार होना चाहिए और यह अगले वार्षिक रिपोर्ट में भी दिखाई देना चाहिए।
- नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई खुफिया जानकारी आधारित होनी चाहिए।
- ड्रग तस्करी से निपटने के लिए नेटवर्क-केंद्रित रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।
- नशे के कारोबार के खिलाफ लड़ाई में कठोर और निर्दयी रवैया अपनाना जरूरी है।
- केवल सख्त और समन्वित कार्रवाई के जरिए ही इस चुनौती पर विजय हासिल की जा सकती है।

### मुंद्रा पोर्ट ड्रग्स मामला

## 3000 किलो हेरोइन मामले में मुख्य आरोपी तलवार अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 24 और 25 जून को राष्ट्रीय राजधानी में छह परिसरों पर तलाशी अभियान के दौरान दिल्ली निवासी हरप्रीत सिंह तलवार को गिरफ्तार किया है। यह तलाशी अभियान 13 सितंबर, 2021 को मुंद्रा बंदरगाह पर जब्त की गई लगभग 3000 किलोग्राम हेरोइन से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग की चल रही जांच के अंतर्गत किया गया है।



यहां पर लंबे समय से ड्रग की देश और देश के बाहर तस्कारी की खबरे थीं। इस पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

#### कर्मचारियों, व्यापारिक सहयोगियों से भी की पूछताछ

तलवार को 24 जून को गिरफ्तार किया गया और रिमांड के लिए विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के समक्ष पेश किया गया। अगस्त 2022 में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने भी इसी मामले के संबंध में तलवार उर्फ कबीर तलवार को गिरफ्तार किया था। ईडी ने कहा कि तलवार इस मामले में मुख्य आरोपी है। ईडी के टीमों ने उनके कर्मचारियों, व्यापारिक सहयोगियों और संगठनों पर तलाशी के बाद उसे गिरफ्तार किया था।

### ऑपरेशन कवच-14.0

## दिल्ली पुलिस ने भी 255 ड्रग तस्कर समेत सैकड़ों को दबोचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों और संगठित अपराध के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन कवच-14.0' के तहत 48 घंटे के विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। यह अभियान 22 जून से 24 जून तक चलाया गया, जिसमें सभी 15 पुलिस जिलों में एक साथ व्यापक कार्रवाई की गई। 1,474 पुलिस टीमों ने 4,035 स्थानों पर छापेमारी



की। इस कार्रवाई में 212 मामले दर्ज किए। 255 आरोपितों को गिरफ्तार किया 237.466 किलोगांजा, 5.184 किलो ओजी गांजा, 1.096 किलोहेरोइन, 159.8 ग्राम कोकीन, 366.48 ग्राम चरस, 101.1 ग्राम एमडीएमए आदि जब्त किए।

### डीसीएम में पीछे से घुसी बाइक, 3 की मौत



**भीटी।** अहिरौली के पियारेपुर मंदिर के पास हाइवे पर सरिया लदे डीसीएम वाहन के पीछे अनियंत्रित बाइक घुस गई। इससे बाइक चालक, उनकी पत्नी व बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शव व वाहनों को कब्जे में ले लिया है। अयोध्या जिले के गोशाईगंज के गौहनिया गांव के सुरेंद्र कुमार की सास बीमार हैं और जिला मुख्यालय के ओम हॉस्पिटल में भर्ती हैं।

### डेडलाइन से पहले राबड़ी आवास से पैकिंग शुरू



**पटना।** पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास को खाली करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। सरकार की ओर से 29 जून तक बंगला खाली करने का अंतिम अल्टीमेटम दिया गया है। इसी बीच आवास से सीसीटीवी कैमरे हटाए जाने और सामान की पैकिंग शुरू होने से शिफ्टिंग की तैयारियां तेज होती दिख रही हैं। नोटिस दिया है।

### अकूत संपत्ति मिली.. 12 लाख कैश,1.20 करोड़ के गहने जब्त



**हैदराबाद।** तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सस्पेंड शमीरपेट की तहसीलदार और जॉइंट सब-रजिस्ट्रार थुम्माकोम्मा सुचरिता के खिलाफ आय के ज्ञात स्त्रोतों से कहीं ज़्यादा संपत्ति जमा करने का मामला दर्ज किया है। उन्होंने नौकरी के दौरान भ्रष्ट और संदिग्ध तरीकों से अकूत संपत्ति जुटाई थी। उसके घर रिश्तेदारों और सहयोगियों से जुड़ी 3 अन्य जगहों पर तलाशी ली।






स्मारक की 'रोल ऑफ ऑनर' सूची में शामिल

शहादतों की पहली औपचारिक स्वीकृति सार्वजनिक की

केंद्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर उन छह भारतीय सैन्य कर्मियों के नाम सार्वजनिक किए हैं, जिन्होंने इस अभियान के दौरान देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक

## अब केंद्र सरकार ने जारी किए नाम

# 'ऑपरेशन सिंदूर' में बलिदान हुए थे 6 सपूत, इनमें वायुसेना का एक और थल सेना के 5 जवान शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मई 2025 में आतंकवादी ढांचे को ध्वस्त करने के लिए भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार ने बड़ा और अहम खुलासा किया है। केंद्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर उन छह भारतीय सैन्य कर्मियों के नाम सार्वजनिक किए हैं, जिन्होंने इस अभियान के दौरान देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 'रोल ऑफ ऑनर' सूची में इन वीर जवानों के नाम शामिल किए गए हैं। इसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई शहादतों की पहली औपचारिक सार्वजनिक स्वीकृति माना जा रहा है।

## इन सभी के नाम दीवारों पर अंकित किए जाएंगे

सरकार की ओर से जारी जानकारी के अनुसार बलिदान देने वाले सैन्य कर्मियों में सेना के पांच और भारतीय वायुसेना का एक जवान शामिल हैं। इनमें मुख्यालय दस इन्फैंट्री ब्रिगेड के सूबेदार मेजर पवन कुमार, चार जम्मू एंड कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के राइफलमैन सुनील कुमार, पांच फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक दिनेश कुमार, 851 लाइट रेजिमेंट के अग्निवीर मूड मुरलीनायक, 237 फील्ड वर्कशॉप कंपनी के हवलदार सुनील कुमार सिंह और भारतीय वायुसेना की 39 विंग के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार शामिल हैं। इन सभी के नाम अब राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की ग्रेनाइट दीवारों पर भी अंकित किए जाएंगे। बलिदानी सूबेदार मेजर पवन कुमार जरियाल हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के शाहपुर उपमंडल से थे।

### 'त्याग चक्र' में इनके नाम की ईंट में स्मारक का हिस्सा

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में 'त्याग चक्र' नाम का एक विशेष स्मारक क्षेत्र है, जिसमें ग्रेनाइट से बनी 16 गोलाकार दीवारें हैं। इन दीवारों की प्रत्येक ईंट पर स्वतंत्रता के बाद देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों का नाम, रैंक और उनकी रेजिमेंट अंकित की जाती है। ऑपरेशन सिंदूर के इन छह वीर जवानों के नाम भी अब इसी स्मारक का स्थायी हिस्सा बन गए हैं। इनके नाम की भी ईंट अब इस स्मारक का हिस्सा बनेगी।

### वायु पदक और वीर चक्र से हो चुके सम्मानित

*ऑपरेशन सिंदूर में बलिदान देने वाले भारतीय वायुसेना की 39 विंग के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार को वायु पदक प्रदान किया गया। बलिदानी सुरेंद्र कुमार मेडिकल वायुसेना में असिस्टेंट सार्जेंट थे। वे 39 विंग उधमपुर में तैनात थे। वे झुंझुनूं के मंडावा के मेहरादासी गांव के रहने वाले थे। राइफलमैन सुनील कुमार को मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया है, जो भारत का तीसरा सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कार है। अरनिया सेक्टर के तरेवा गांव के रहने वाले सुनील सैन्य पृष्ठभूमि वाले परिवार से आते थे। उनके दो बड़े भाई भी सेना में हैं, जबकि पिता पूर्व सैन्यकर्मी हैं।*

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बोलीं

# आत्मनिर्भरता ही संकट में देश का असली रक्षक



आज के दौर में आत्मनिर्भरता सिर्फ विकास का लक्ष्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक मजबूती की भी अहम जरूरत बन गई है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ कर दिया कि किसी देश की सैन्य तैयारी और रणनीतिक प्रभाव को मजबूत बनाने में स्वदेशी रक्षा क्षमताओं की कितनी बड़ी भूमिका होती है। यह बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज के 2023 और 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय संघर्षों और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में वही देश ज्यादा मजबूत स्थिति में रहता है, जो अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर कम और खुद पर ज्यादा निर्भर हो। आत्मनिर्भर देश संकट की घड़ी में अपनी आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के साथ-साथ विकास संबंधी प्राथमिकताओं को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकता है। उन्होंने कहा कि एमईएस देश के रक्षा ढांचे की रीढ़ है। रणनीतिक महत्व के सैन्य ठिकानों का निर्माण और रखरखाव कर यह संगठन सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमता को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

## खबर संक्षेप

### शंखमित्रा का सालाना 7500 करोड़ का पैकेज

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के शंख मित्रा दुनिया के दूसरे सबसे महंगे सीईओ हैं। कोलकाता से अपनी पढ़ाई शुरू करने वाले शंख मित्रा अमेरिका की प्रमुख रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट कंपनी वेलटावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। यह कंपनी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास, हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और देखभाल से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। मित्रा का कुल वार्षिक वेतन पैकेज लगभग 821 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 7,750 करोड़ रुपए आंका गया है।



### केइको पेरू की पहली महिला राष्ट्रपति बनेंगी

**लीमा।** केइको फुजीमोरी पेरू की पहली महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। केइको वो शख्स हैं, जो 19 वर्ष की आयु में पेरू की फर्स्ट लेडी की जिम्मेदारी भी निभा चुकी हैं। वे वे 28 जुलाई को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। वे पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी की बेटी हैं। 2018 में चुनावी फंडिंग मामले में केइको फुजीमोरी को जेल हो गई। वे जेल से ही अपनी दोनों बेटियों को चिट्ठी लिखती थीं। अपने पिता की तरह वे भी बेटियों से कहती थीं कि वो पढ़ाई पर ध्यान दें। करीब 13 महीने बाद वे रिहा हुईं और राजनीति में सक्रिय हुईं।



### क्रीमिया पर यूक्रेन का भीषण ड्रोन हमला


**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि उनकी वायु सेना ने यूक्रेन के 660 ड्रोनों को मार गिराया है। यह हमला रूस के 12 अलग-अलग इलाकों के साथ-साथ क्रीमिया प्रायद्वीप, काला सागर और आजोव सागर में किया गया। हमले में मॉस्को के दक्षिण में स्थित तुला क्षेत्र में एक घर को नुकसान पहुंचा और एक महिला घायल हो गई। तुला के गवर्नर ने बताया कि नोवोमोस्कोव्स्क शहर में एक बिजली लाइन और एक औद्योगिक केंद्र को नुकसान पहुंचा है।



## 60 पैरा फील्ड हॉस्पिटल से 41 सदस्यीय दल भूकंप प्रभावितों को चिकित्सा सेवाएं देंगे

# भारत ने शुरू किया 'ऑपरेशन अमिस्ताद', सेना की एक विशेष मेडिकल टीम वेनेजुएला रवाना

*भारतीय सेना के अनुसार उनकी यह मेडिकल टीम अपने साथ लगभग छह टन चिकित्सा सामग्री और मानवीय राहत सामग्री लेकर गई है। इनमें भारत के आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत विकसित अत्याधुनिक भीष्म क्यूब भी शामिल है*



सेना के दो विमानों में 9 अनुभवी सैन्य चिकित्सक शामिल

उपचार, सर्जरी, ट्रामा प्रबंधन, गहन चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने मानवीय सहायता और आपदा राहत के तहत 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से भारत ने प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की पहल की है। इसके लिए भारतीय सेना की एक विशेष मेडिकल टुकड़ी को वेनेजुएला रवाना किया गया है। भारतीय सेना के 60 पैरा फील्ड हॉस्पिटल से 41 सदस्यीय दल, भारतीय वायुसेना के दो विमानों से वेनेजुएला के लिए रवाना हुआ है। इनमें नौ अनुभवी सैन्य चिकित्सक भी शामिल हैं। यह दल वेनेजुएला के आपदा-प्रभावित क्षेत्रों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, गंभीर रूप से घायल लोगों का उपचार, सर्जरी, ट्रॉमा प्रबंधन तथा प्रभावित लोगों को गहन चिकित्सा प्रदान करेगा। भारतीय सेना के अनुसार उनकी यह मेडिकल टीम अपने साथ लगभग छह टन चिकित्सा सामग्री और मानवीय राहत सामग्री लेकर गई है। इनमें भारत के आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत विकसित अत्याधुनिक भीष्म क्यूब भी शामिल है। यह एक मॉड्यूलर और तेजी से तैनात किया जा सकने वाला फील्ड अस्पताल है। यह एक ऐसा सिस्टम है जो आपदा प्रभावित क्षेत्रों में उन्नत ट्रॉमा केयर, आपातकालीन सर्जरी और गहन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है।



सेना की विशेष मेडिकल टीम

### भारत हर संभव मदद के लिए तैयार

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि ऑपरेशन अमिस्ताद जारी है। उन्होंने लिखा कि भारतीय वायु सेना के दो सी-17 विमान भूकंप प्रभावित वेनेजुएला के राहत एवं बचाव प्रयासों में सहायता के लिए तत्काल राहत सामग्री लेकर रवाना हुए। इस सहायता में भारतीय सेना की फील्ड हॉस्पिटल यूनिट के साथ 35 टन से अधिक राहत सामग्री, दवाइयां और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा दो भीष्म क्यूब भी भेजे गए हैं।

### मदद में अत्याधुनिक भीष्म क्यूब शामिल

भीष्म क्यूब कम समय में स्थापित होकर लगभग 200 मरीजों तक को उपचार और जीवनरक्षक सुविधाएं प्रदान कर सकता है। इस प्रणाली ने भारत की आपदा प्रतिक्रिया क्षमता को नई मजबूती दी है। इसे दुनिया के विभिन्न संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।


## वेनेजुएला की मदद के लिए ब्राजील भी आया आगे

### पीड़ितों के राहत विकास काम पर नजर रखने का किया वादा

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ फोन पर बात करने के बाद, भूकंप प्रभावित वेनेजुएला में एक सर्च और रेस्क्यू टीम भेजने का वादा किया। उन्होंने कहा कि ब्राजीलियाई एयर फोर्स का केसी-390 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को ग्वारूलहोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना होगा, जिसमें 36 फायरफाइटर्स, 4 नेशनल सिविल डिफेंस टेक्नीशियन और नेशनल टेलीकम्युनिकेशन एजेंसी के 4 स्पेशलिस्ट की टीम होगी। यह एयरक्राफ्ट गिरी हुई इमारतों के मलबे में फंसे पीड़ितों के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन को मजबूत करने के लिए 9 टन का सामान भी ले जाएगा। शनिवार को मदद का काम जारी रहेगा और दूसरी फ्लाइट में फील्ड हॉस्पिटल बनाने के लिए सामान, 100 सोलर-पावर्ड वॉटर प्यूरीफायर, दवाएं और सर्जरी के लिए मेडिकल सप्लाई ले जाई जाएगी। हम पीड़ितों के लिए राहत के कामों के विकास पर नजर रखते रहेंगे।



### भूकंप से करीब 235 लोगों की मौत 4300 घायल, बढ़ सकती है संख्या



वेनेजुएला में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 235 हो गई है, वहीं कम-से-कम 4,300 लोग घायल हैं। स्वास्थ्य मंत्री कार्लोस अल्वाराडो ने कहा कि दुर्भाग्यवश हमारे स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 235 ऐसे लोग लाए गए, जो या तो पहले ही दम तोड़ चुके थे या अस्पताल पहुंचने पर उनकी मौत हो गई। भूकंप के बाद हजारों लोगों के लापता होने की खबर है जिससे आशंका जताई जा रही है कि मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है। वेनेजुएला की सरकार क्षतिग्रस्त अस्पतालों और घरों के पुनर्निर्माण के लिए 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर का कोष बना रही है।

## गोयल की लंदन में व्यापार मंत्री काइल से भेंट

# भारत और यूके के बीच जुलाई मध्य से लागू होगा 'सीईटीए'



एजेंसी ▶▶ लंदन

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूके एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए इनोवेशन, निवेश और व्यापक विकास को बढ़ावा दे। बिजनेस और ट्रेड सेक्रेटरी पीटर काइल के साथ बातचीत के बाद गोयल ने कहा कि इस बातचीत में वह आत्मीयता, भरोसा और भविष्य की सोच दिखी, जो हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की पहचान बनी हुई है। 15 जुलाई, 2026 से भारत-यूके कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट (सीईटीए) और डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन (डीसीसी) के लागू होने के साथ, हम एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए इनोवेशन, इन्वेस्टमेंट और व्यापक विकास को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि सीईटीए दोनों देशों में विकास और समृद्धि के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा।

### अहम समझौते का फायदा उठाएं

*इससे पहले, पीयूष गोयल ने एक व्यापार जगत से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित किया जिसमें भारत और यूके, दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स और इन्वेस्टर्स ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। गोयल ने कहा सीईटीए व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी और रणनीतिक सेक्टर में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करके वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक 'फोर्स मल्टीप्लायर' साबित होगा। उन्होंने निवेशकों और व्यापार प्रमुख से इस अहम समझौते का पूरा फायदा उठाने का आग्रह किया ताकि सहयोग को गहरा किया जा सके, व्यापार और निवेश को बढ़ाया जा सके और अलग-अलग सेक्टर में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा सके। इससे पहले, लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम के यूके-इंडिया वीक 2026 में बोलते हुए, गोयल ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच साझेदारी पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ी है और अब यह कई सेक्टर को शामिल करते हुए एक बहुत ही रणनीतिक रिश्ते में बदल गई है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अब पारंपरिक व्यापारिक रिश्तों से आगे बढ़कर टेक्नोलॉजी, निवेश, रक्षा और जरूरी खनिजों में सहयोग तक फैल गए हैं।*

### गोयल को लंदन में ब्रिटेन-भारत पुरस्कार से नवाजा

पीयूष गोयल को 'ब्रिटेन-भारत संबंधों के उन्नयन में असाधारण नेतृत्व दिखाने' के लिए यहां एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस समारोह में दोनों देशों की मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने वाली टीमों को भी सम्मानित किया गया। इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के 'यूके-इंडिया अवाड्र्स 2026' की गुरुवार को दसवीं वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर 'भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते' (सीईटीए) के लिए खुशी मनाई गई, जो 15 जुलाई से लागू होने वाला है। विशेष पुरस्कार लेते समय गोयल के साथ मंच पर ब्रिटेन के उनके समकक्ष मंत्री पीटर काइल और आईजीएफ के संस्थापक मनोज लाड़वा भी मौजूद थे।

## अप्रवासन मंत्री बोडस्कोव का ऐलान

# अजान पर रोक लगाएगा डेनमार्क 'इस्लामीकरण' बढ़ने पर चिंता जताई

एजेंसी ▶▶ कोपेनहेगन

यूरोपीय देश डेनमार्क अजान को लेकर एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत सरकार ने देशभर में लाउडस्पीकर पर अजान देने पर रोक लगाने की योजना है। डेनमार्क के अप्रवासन मंत्री मॉर्टन बोडस्कोव ने इस योजना का ऐलान किया है। बोडस्कोव ने ने कहा कि देश के कुछ हिस्से अब ऐसे लगने लगे हैं जैसे वे पाकिस्तान की इस्लामाबाद के मोहल्ले हों। देश में धीरे-धीरे बढ़ रहा 'इस्लामीकरण' सार्वजनिक जगहों पर बहुत ज्यादा जगह घेर रहा है। उन्होंने कहा कि



अजान की आवाजा डेनमार्क की छतों के ऊपर से नहीं सुनाई देनी चाहिए। किसी को भी डेनमार्क की सड़कों पर चलते हुए यह शक नहीं होना चाहिए कि वह इस्लामाबाद के किसी इलाके में घूम रहा है। उन्होंने माना कि सरकार पहले इस बात की कानूनी जांच करेगी कि धार्मिक आजादी के संवैधानिक अधिकारों को ठेस नहीं पहुंचे।

## जेजू फोरम 2026 में बोले जयशंकर

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय 'सहयोग' अब अनिवार्य

एजेंसी ▶▶ सिओल

रिपब्लिक ऑफ कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के निमंत्रण पर दक्षिण कोरिया के आधिकारिक दौरे पर गए भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को जेजू में शांति और समृद्धि के लिए जेजू फोरम फॉर पीस एंड प्रॉस्पेरिटी 2026 के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण दिया। इस अवसर पर जयशंकर ने कहा कि विडंबना यह है कि जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं, उन्होंने एकजुटता की आवश्यकता को और अधिक मजबूत किया है। चाहे कोविड जैसी





महामारी हो, आतंकवाद की घटनाएं हों या फिर चरम जलवायु घटनाओं का प्रभाव, इन समस्याओं को राजनीतिक सीमाओं के भीतर सीमित नहीं किया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि क्योंकि हमारी मुख्य पहचान और फैसले लेने की आदत असल में देश से जुड़ी है, इसलिए यह अपने आप नहीं होता।

## अमेरिका में दूसरे पैक्स सिलिका शिखर सम्मेलन का आयोजन

# भारत समेत दुनिया के 35 देशों ने एआई अवसर संबंधी घोषणा-पत्र पर किए साइन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत सहित 35 देशों ने कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकियों को गति देने के लिए विश्वसनीय और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने की अमेरिकी पहल का समर्थन करते हुए 'एआई अवसर संबंधी संयुक्त घोषणा-पत्र' पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका के आर्थिक मामलों के अवर विदेश मंत्री जैकब हेलबर्ग ने बताया कि गुरुवार को आयोजित द्वितीय पैक्स सिलिका शिखर सम्मेलन में 35 देशों ने आपसी प्रतिबद्धता जताई।



जैकब हेलबर्ग और एस. कृष्णन

### एआई क्रांति को मिलेगी शक्ति

*हेलबर्ग ने कहा कि यह एमओयू आने वाली सदी की एआई क्रांति को शक्ति प्रदान करेगा। हम सब मिलकर ऐसे एआई भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं, जो हमारे नागरिकों की सेवा करे, हमारी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत बनाए तथा उद्यमिता, नवाचार और कानून के शासन को सशक्त करे।*

### क्वात्रा ने की व्यापारिक संबंधों पर चर्चा

*अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की 'वेज एंड मीन्स कमेटी' के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बनाने के रास्तों पर चर्चा की। 'वेज एंड मीन्स कमेटी' अमेरिकी कांग्रेस की सबसे पुरानी समिति है और प्रतिनिधि सभा में कर संबंधी कानून का मसौदा तैयार करने वाली प्रमुख समिति मानी जाती है। उन्होंने कहा कि हमने विचारों का आदान-प्रदान किया और व्यापारिक साझेदारी को और अधिक विस्तारित तथा गहरा बनाने के लिए आगे की दिशा पर चर्चा की।*

## आयातित दवाओं की एक्सपायरी डेट से जुड़ा नियम बदलने का प्रस्ताव

# केंद्र सरकार ने मसौदा जारी किया, लोगों से मांगे सुझाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर कोई दवा विदेश से भारत लाई जाती है, तो अब उसके लिए लागू नियमों में बड़ा बदलाव हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम 31 में संशोधन का मसौदा (ड्राफ्ट) जारी किया है और इस पर आम लोगों व संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। अभी तक नियम यह था कि भारत में आयात की जाने वाली दवा की कुल शेल्फ लाइफ का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बचा होना जरूरी था।

अब सरकार इस नियम को आसान बनाते हुए प्रस्ताव लाई है कि दवा के भारत पहुंचने के समय उसकी एक्सपायरी में कम से कम 12 महीने बाकी होने चाहिए। हालांकि, बायोलॉजिकल दवाओं और रेडियोफार्मास्यूटिकल्स जैसी विशेष श्रेणी की दवाओं के लिए पुराना 60 प्रतिशत वाला नियम ही लागू रहेगा।

भारत में दवा पहुंचने के समय एक साल की एक्सपायरी डेट होना जरूरी



### आम आदमी को मिल सकेंगी जरूरी दवाएं

इस बदलाव का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि विदेश से आने वाली कई जरूरी दवाएं अब आसानी से भारत पहुंच सकेंगी। कई बार सिर्फ 60 प्रतिशत शेल्फ लाइफ की शर्त पूरी न होने के कारण अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं भी आयात नहीं हो पाती थीं। नई व्यवस्था लागू होने पर मरीजों को जरूरी दवाएं समय पर मिलने की संभावना बढ़ेगी। दवाओं की कमी की स्थिति कम होगी। दवाओं की बर्बादी घटेगी। दवा कंपनियों की सप्लाई बेहतर होगी, जिससे लागत भी कम हो सकती है।

### गुणवत्ता और सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

*स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी साफ किया है कि नए प्रस्ताव का मतलब गुणवत्ता के नियमों में ढील देना नहीं है। सरकार का कहना है कि दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। यानी नई व्यवस्था का मकसद सिर्फ नियमों को अधिक व्यावहारिक बनाना और दवाओं की बर्बादी कम करना है।*

### सुझावों पर होगा विचार

*सरकार ने इस मसौदे पर सभी हितधारकों और आम लोगों से सुझाव व आपत्तियां मांगी हैं। सुझाव निर्धारित अवधि के भीतर स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजे जा सकते हैं। सुझावों पर विचार करने के बाद अंतिम नियम जारी किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस बदलाव से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा, दवा आपूर्ति श्रृंखला अधिक प्रभावी बनेगी, दवाओं की बर्बादी कम होगी और देश में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बेहतर होगी। मरीजों को भी पर्याप्त शेल्फ लाइफ वाली दवाएं मिलती रहेंगी।*

## पीएम मोदी की नीदरलैंड्स की रानी मैक्सिमा से मुलाकात

# जन धन, डिजिटल भुगतान समेत भारत की वित्त से संबंधी उपलब्धियों पर की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड की महारानी मैक्सिमा से मुलाकात की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि नीदरलैंड्स की रानी मैक्सिमा से मिलकर खुशी हुई। वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव की वित्तीय स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रतिनिधि (यूएनएसजीएसए) भी हैं और लंबे समय से दुनिया भर में वित्तीय समावेशन की समर्थक रही हैं। बैठक के दौरान उन्होंने इस बात पर चर्चा की कि कैसे भारत में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए हो रहा बदलाव कैसे वित्तीय सेवाओं को ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहा है और उन्हें किफायती बना रहा है। इससे लोगों की 'जीवन को आसान बनाने' में मदद मिल रही है और बड़े स्तर पर लोगों को सशक्त बनाया जा रहा है।



# अंग्रेजों से भी अधिक यातनाएं आपातकाल में कांग्रेस सरकार ने दीः डॉ. महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर गुरूवार को प्रदेशभर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने जबलपुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बैतूल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सागर, कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद पटेल ग्वालियर, पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तानसिंह सोलंकी इंदौर, राज्य वित आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया उज्जैन एवं वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने रीवा में मीसाबंदियों का सम्मान किया।

पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि आपातकाल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोपा था। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है।

## आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम

## वरिष्ठ नेताओं ने संगोष्ठी को किया संबोधित, मीसाबंदियों का हुआ सम्मान



सम्मान के बाद फोटो सेशन में सभी मीसाबंदी।

## लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों का त्याग अतुलनीय : खंडेलवाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरूवार को आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर बैतूल जिले के भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर मीसाबंदियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार सत्ता पर अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने से भी पीछे नहीं हटे। इसी मानसिकता के कारण 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपा गया, जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोकतंत्र सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही आज देश लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों से देश को वास्तविक स्वतंत्रता मिली है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जिन लोगों ने अपने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग किया, उनका सम्मान करना समाज और राष्ट्र का दायित्व है। खंडेलवाल ने कहा कि जो कांग्रेस आज लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की बात करती है, उसी ने आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं और मूल्यों को कमजोर करने का काम किया है और आज भी लगातार कर रही है।



बैतूल के भाजपा जिला कार्यालय में मीसाबंदियों को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल।

## आपातकाल के काले सच को जनता तक पहुंचाएंः शुक्ल

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था।



## लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र सिंह ने लोकतंत्र सेनानियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। उन्होंने आपातकाल दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

## इन जगहों पर भी हुए सम्मान समारोह

### कांग्रेस ने हमेशा संविधान का अपमान किया : मंत्री प्रह्लाद

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने ग्वालियर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी। आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी और संजय गांधी ने जिस तरह से न्यायालय और संविधान का अपमान किया, आज भी उस परिवार के लोग वही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते समय कहा था कि इस सरकार के पीछे कई पीढ़ियों का बलिदान है, संघर्ष है, त्याग और तपस्या है।



### कांग्रेस ने स्वार्थ के लिए संविधान में कई संशोधन किए : जयभान

राज्य वित आयोग के अध्यक्ष जयभानसिंह पवैया ने उज्जैन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल दिवस देश की जनता को यह याद दिलाता है कि संविधान का गला घोंटने वाली ताकतों से कैसे लड़ना चाहिए। इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अपने निज स्वार्थों के लिए संविधान में कई संशोधन किए। लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया।



### कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी : प्रो. सोलंकी

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तानसिंह सोलंकी ने इंदौर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाने के लिए कैबिनेट की सामूहिक जिम्मेदारी की परंपरा को भी नष्ट किया। जेल के अंदर लोकतंत्र सेनानियों को तरह-तरह की यातनाएं दी गईं, बीमार होने पर उनका इलाज नहीं कराया गया। कई राष्ट्रवादी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।



### कांग्रेस ने हमेशा स्वयं को संविधान से ऊपर माना : डॉ. मिश्रा

पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आपातकाल केवल इतिहास की एक घटना नहीं, बल्कि कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का आईना है। कांग्रेस हमेशा स्वयं को संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं से ऊपर मानती रही है। कांग्रेस को जब भी सत्ता मिली, उसने लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने और सत्ता को सर्वोपरि रखने का प्रयास किया, जो लोकतंत्र के लिए घातक है।



## सतपुड़ा के कुकरू हिल स्टेशन में सीएम का दो दिवसीय दौरा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पचमढ़ी के बाद एक और हिल स्टेशन को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। बैतूल जिले के सतपुड़ा क्षेत्र में स्थित कुकरू हिल स्टेशन को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिवसीय प्रवास पर यहां पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शनिवार और रविवार को कुकरू में रात्रि विश्राम भी करेंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के इस दौरे का उद्देश्य क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं का आकलन करना और स्थानीय विकास को गति देना है। प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीणों से संवाद करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और विकास से जुड़े सुझाव प्राप्त करेंगे। साथ ही किसी ग्रामीण परिवार के यहां भोजन करने और स्थानीय जनजीवन को करीब से समझने का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है। कुकरू में पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, डेली कॉरिडोर, रॉक क्लाइम्बिंग और अन्य एडवेंचर गतिविधियों की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि योजनाबद्ध विकास होने पर कुकरू आने वाले वर्षों में प्रदेश का प्रमुख एडवेंचर पर्यटन केंद्र बन सकता है। ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे मुख्यमंत्री दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों से सीधे चर्चा करेंगे।

## डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए 203 करोड़

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा: सीएम

# निर्धन परिवार, वृद्धजन और दिव्यांग स्वयं को न समझें बेसहाराः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी कोशिश है कि राज्य का कोई भी निर्धन परिवार, माताएं, बहनें या हमारे दिव्यांग साथी स्वयं को बेसहारा न समझें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अंत्योदय का संकल्प सिद्ध हो रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार भी गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के कल्याण में जुटी है।

डॉ. यादव ने गुरुवार को सिंगल क्लिक से सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण के लिए मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने 33 लाख 92 हजार 695 से अधिक भाई-बहनों और बुजुर्गों के खातों में मई माह की 203 करोड़ 56 लाख रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। कार्यक्रम से विभिन्न जिलों के हितग्राही वर्चुअली जुड़े, जिनसे मुख्यमंत्री ले संवाद किया।

- मध्य प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध
- सूबे के मुखिया ने मंत्रालय से हितग्राहियों को किया वर्चुअली संबोधित



हितग्राहियों को राशि का ऑनलाइन वितरण करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

### पेंशन सरकार के स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं है, अपितु निर्धन परिवारों, दिव्यांग साथियों में आपके प्रति सरकार का स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन है। राज्य सरकार सभी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है। सरकार प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसान हितैषी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश के किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कर्ज दिया जाएगा और इसे चुकाने की समयावधि 31 मार्च नहीं होगी, बल्कि किसान जिस तारीख को कर्ज लेंगे, उसे अगले 12 माह की अवधि में ऋण भरना होगा।

### गरीबी से बाहर आए 25 करोड़ से ज्यादा लोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव सोनाली वायंगणकर मौजूद थे।

### आपदा में बचाव पर ब्रेल लिपि में प्रकाशित पुस्तक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निःशक्तजन के लिए आग, हीटवेव (लू) और आकाशीय बिजली से बचाव के संबंध में ब्रेललिपि में प्रकाशित पुस्तक का गुरूवार को मंत्रालय में लोकार्पण किया। पुस्तक का मुद्रण आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से कराया गया है। केरल और असम के बाद निःशक्तजन के लिए आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में इस तरह की पहल मध्यप्रदेश द्वारा की गई है।



### शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों

## दिव्यांगता के बारे में स्कूली स्तर पर सभी को बनाएं संवेदनशील

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन के आवागमन के लिए सभी शासकीय भवनों को बाधारहित बनाना आवश्यक है। बच्चों में दिव्यांगता के बारे में संवेदनशीलता विकसित करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में आवश्यक सामग्री शामिल की जाए। उन्होंने नशामुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूली और महाविद्यालयीन स्तरों के पाठ्यक्रमों में नशे के विरूद्ध जागरूकता पर केंद्रित सामग्री शामिल की जाए। डॉ. मोहन यादव ने यह निर्देश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए।

### दिव्यांगजन के लिए की गईं 168 स्मार्ट क्लास

बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान वर्ष 2025 अंतर्गत प्रदेश में 6 करोड़ 52 लाख रुपए के कृत्रिम अंग एवं सहायक यंत्र दिव्यांगजन को उपलब्ध कराए गए। प्रदेश में दिव्यांगजन के लिए संचालित विशेष विद्यालयों में दिव्यांगजन के लिए 168 स्मार्ट क्लास तैयार की गई हैं। दिव्यांगजन को रोजगार उपलबध कराने के लिए संस्थानों से एमओयू किया गया है। इन संस्थाओं द्वारा 12 दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

## गांवों में हर घर नल कनेक्शन पर लगेगा मासिक शुल्क, 3 माह बिल नहीं देने पर कटेगा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं के संचालन और रखरखाव के लिए नए नियम लागू किए हैं। इसके तहत अब ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शन पर मासिक जल शुल्क लिया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी नियमों के अनुसार जल शुल्क 60 से 120 रुपए प्रतिमाह तक निर्धारित किया गया है। साथ ही लगातार तीन माह तक बिल जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन बंद किया जा सकेगा। जनजातीय विकासखंड क्षेत्रों के परिवारों से 60 रुपए प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। मास्टर प्लान के अधिसूचित क्षेत्रों में शामिल पंचायतों के परिवारों को 120 रुपए प्रतिमाह जल शुल्क देना होगा। अन्य पंचायतों में प्रति परिवार 100 रुपए मासिक जल शुल्क निर्धारित किया गया है।

### नए कनेक्शन के लिए अलग-अलग शुल्क

नए नल कनेक्शन लेने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवारों को 1,000 रुपए, जबकि अन्य परिवारों के लिए यह राशि 2,500 रुपए है। सार्वजनिक संस्थानों के लिए 5,000 रुपए, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए 8,000 रुपए देने होंगे।

### मंत्रालय में हुई जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा

## स्लीमानाबाद टनल का शीघ्र होगा उद्घाटन सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषक कल्याण वर्ष में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

इस वर्ष 14 जिलों में जिन सिंचाई परियोजनाओं के कार्य पूर्ण हो गए हैं, उनके लोकार्पण की तैयारी कर ली गई है। आगामी 6 माह में लगभग 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि करने वाली इन परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को मंत्रालय में हुई जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि कृषक कल्याण वर्ष में बड़वानी, सीहोर, झाबुआ, खण्डवा, खरगोन, आदि जिलों की सिंचाई परियोजनाएं के लोकार्पण होंगे।

### भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

## मंत्री काश्यप ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का निवारण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।



कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री काश्यप।

## महिला सरकारी डॉक्टर से 51 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में मकान निर्माण के नाम पर 51 लाख रुपए से अधिक की राशि लेकर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने का मामला सामने आया है।

सरकारी पशु चिकित्सक की शिकायत पर पुलिस ने बिल्डर मोहित सोलंकी और उसके पिता गुलाब सिंह सोलंकी के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप में एफआइआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता डॉ. स्नेहलता दास वर्तमान में भाठागांव स्थित सांई विला कॉलोनी में रहती हैं और पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2021 में सड्डु स्थित अविनाश कैपिटल्स होम्स-2 में 1489 वर्गफीट का प्लाट खरीदा था। इस पर मकान निर्माण के लिए 16 मार्च 2023 को मोहित सोलंकी, प्रोपराइटर यूके कांसेप्ट डिजाइनर से अनुबंध किया गया। निर्माण कार्य 22 मई 2023 से शुरू होकर 22 मई 2024 तक पूरा कर मकान सौंपना तय हुआ था। शिकायत के मुताबिक, मकान निर्माण की कुल लागत 51,00,916 रुपए तय हुई थी। इसके लिए उन्होंने अपनी जीवनभर की बचत, रिश्तेदारों से उधार और भारतीय स्टेट बैंक से 45 लाख रुपए का होम लोन लेकर समय-समय पर कुल 51,31,887 रुपए का भुगतान कर दिया। सभी भुगतान बैंक माध्यम से किए गए। आरोप है कि पूरी राशि लेने के बाद भी आरोपियों ने मकान का निर्माण पूरा नहीं किया। वर्तमान में केवल अधूरा ढांचा खड़ा है,। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियां ने जानबूझकर पूरी राशि लेने के बाद निर्माण कार्य बंद कर दिया और कार्यालय बंद कर मोबाइल फोन भी स्विच आफ कर फरार हो गए। उनसे संपर्क के सभी प्रयास विफल रहे। डॉ. स्नेहलता दास ने बताया कि उन्हें हर महीने बैंक की ईएमआइ, ब्याज, बिजली बिल, टैक्स और मेंटेनेंस का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है।

### किसी का नाम तो किसी की जन्मतिथि गलत

## शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाहीः 5वीं-8वीं की मार्कशीट में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पांचवीं और आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा में इस बार छात्रों को अंकसूचियां काफी देर से मिलीं। लेकिन वितरण के बाद उनमें कई त्रुटियां सामने आने लगी हैं। कई स्कूलों में पहुंची सैकड़ों अंकसूचियों में विद्यार्थियों के नाम, जन्मतिथि और स्कूलों के नाम तक गलत दर्ज पाए गए हैं।

इन त्रुटियों के कारण विद्यार्थियों और पालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए त्रुटिपूर्ण अंकसूचियों को वापस लेने और सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला शिक्षा कार्यालय ने सभी विकासखंडों को निर्देश जारी कर कहा है कि सत्र 2025-26 की केंद्रीकृत परीक्षा की अंकसूचियां संकुल समन्वयकों के माध्यम से संबंधित विद्यालयों तक पहुंचा दी गई हैं। अब जिन अंकसूचियों में त्रुटियां हैं, उन्हें एक जुलाई तक संकलित कर कार्यालय में जमा की जाए, ताकि समय पर मुद्रक को भेजकर सुधार कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग पिछले वर्ष से पांचवीं और आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित कर रहा है। इस व्यवस्था में विद्यार्थियों को फेल नहीं किया जाता और पूरक परीक्षा में सफल नहीं होने की स्थिति में भी उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाता है। इस वर्ष परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किए गए थे।

### देरी के बाद बढ़ी परेशानी

स्कूलों का कहना है कि अंकसूचियां पहले ही काफी देर से मिलीं, ऐसे में अब त्रुटियों के कारण सुधार प्रक्रिया में अतिरिक्त समय लगेगा। इसका असर विद्यार्थियों के दस्तावेजी कार्य और आगामी शैक्षणिक प्रक्रियाओं पर भी पड़ सकता है। ऐसे में विभाग समयबद्ध सुधार पर जोर दे रहा है।

### ऐसे होगी त्रुटिपूर्ण अंकसूचियों की जांच और सुधार

- विद्यालय पहले अंकसूची का परीक्षाफल, दाखिल-खारिज रजिस्टर और अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों से मिलान करेंगे। केवल वास्तविक टंकन त्रुटि पाए जाने पर ही सुधार के लिए अंकसूची स्वीकार होगी।
- त्रुटि वाले हिस्से को लाल स्याही से गोला लगाकर सही जानकारी दर्ज करनी होगी।
- संबंधित दस्तावेज संलग्न कर अंकसूची कार्यालय में जमा करनी होगी।



- सभी संशोधित अंकसूचियां संकुल समन्वयकों के माध्यम से एक जुलाई तक भेजना अनिवार्य किया।

हाईकोर्ट ने एमपीआरडीसी से पूछा, केंद्र सरकार से भी जवाब मांगा

# कब तक सुधरेगा शहपुरा रेल ओवरब्रिज का क्षतिग्रस्त हिस्सा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित शहपुरा रेल ओवरब्रिज का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद लोगों को हो रही परेशानी पर गंभीरता दर्शाई। एसीजे विवेक रूसिया की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) से पूछा कि पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कब तक पूरी होगी। केंद्र सरकार से भी पूछा गया कि जब तक पुल दुरुस्त नहीं हो जाता, तब तक पौड़ी रेलवे फाटक को बंद रखने का औचित्य क्या है। अगली सुनवाई 2 जुलाई तक जवाब मांगा गया।

शहपुरा तहसील निवासी राजेश सिंह राजपूत ने याचिका में कहा है कि 2023 में बने रेल ओवरब्रिज में दौरान दरारें आने लगीं हैं। सितंबर 2028 में पुल का एक हिस्सा गिर गया था। इसके बाद से इस मार्ग पर रोजाना जाम लग रहा है। भारी वाहनों का आवागमन अब कृषि उपज मंडी शहपुरा परिसर और अंदरूनी मार्गों से कराया जा रहा है। पुल ढहने के बाद पौड़ी रेलवे फाटक भी बंद कर दिया गया, जिससे लोगों को लंबा चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा है। इसके अलावा पुल क्षतिग्रस्त होने के बावजूद वाहनों से अवैध तरीके से टोल टैक्स की वसूली की जा रही है।

## रादुविवि कुलगुरु नियुक्ति विवाद : मप्र लोक सेवा आयोग सहित अन्य को जवाब के लिए चार सप्ताह की अंतिम मोहलत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के



कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की मूल प्राध्यापक पद पर नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मोहलत दी है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी सचिन रजक व अन्य की ओर से अधिवक्ता उत्कर्ष अग्रवाल ने पक्ष रखा। राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता राजेश तिवारी, प्रतिवादी क्रमांक-दो की ओर से अधिवक्ता पराग तिवारी तथा प्रतिवादी क्रमांक चार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार शर्मा, अधिवक्ता दृष्टिका सिंह के साथ उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी क्रमांक दो की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने चार सप्ताह की अंतिम मोहलत प्रदान की और मामले को चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। याचिका में दावा किया गया है कि कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की मूल प्राध्यापक पद पर नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्धारित शैक्षणिक मानकों एवं वैधानिक प्रविधानों के अनुरूप नहीं थी। इसी आधार पर नियुक्ति की वैधता को चुनौती देते हुए कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जवाब पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है, जबकि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन व अन्य संबंधित प्रतिवादियों का जवाब अभी शेष है।

# अग्नि दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए 3 परिसरों पर ननि ने की सीलिंग कार्रवाई



**जबलपुर।** देश के विभिन्न शहरों में हुई अग्नि दुर्घटनाओं को देखते हुए नगर निगम जबलपुर द्वारा सार्वजनिक भवनों, मॉल एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों की जांच के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अग्निशमन विभाग, भवन विभाग, अतिक्रमण शाखा एवं बाजार विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत 26 जून 2026 को विजय नगर एवं चेरीताल क्षेत्र में स्थित तीन परिसरों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अग्नि सुरक्षा प्रणालियों की स्थिति, भवन निर्माण स्वीकृति, लिफ्ट संबंधी दस्तावेज, विद्युत सुरक्षा एवं ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण की व्यवस्था का परीक्षण किया गया। निरीक्षण में विजय नगर स्थित एस.आर. मॉल में अग्नि सुरक्षा प्रणाली निष्क्रिय पाए जाने, भवन स्वीकृति एवं लिफ्ट से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध न होने तथा सुरक्षा मानकों का पालन न किए जाने पर मॉल को पूर्णतः सील कर दिया गया। इसी प्रकार चेरीताल क्षेत्र स्थित बजाज एंटरप्राइजेज एवं पारस एजेंसी में भी अग्नि सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता, अनियमित ज्वलनशील भंडारण तथा असुरक्षित विद्युत व्यवस्था पाए जाने पर दोनों परिसरों को सील किया गया। नगर निगम ने संबंधित संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक दस्तावेजों का अनुपालन कर विभागीय सत्यापन के बाद ही पुनः संचालन सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि जन-सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

मेरेगांव में अवैध रेत भंडारण पर बड़ी कार्रवाई

# 20 लाख की 4 हजार घनमीटर रेत जब्त



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को शहपुरा तहसील के ग्राम मेरेगांव में बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान लगभग 4 हजार घनमीटर अवैध रूप से भंडारित रेत जप्त की। जप्त अवैध रेत की कीमत लगभग 20 लाख रुपए है। यह कार्यवाही खनिज अधिकारी ए.के. राय एवं एसडीएम शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में की गई। निरीक्षण के दौरान अवैध रेत भंडारण पाए जाने पर संपूर्ण सामग्री को मौके पर ही जप्त कर आगामी आदेश तक ग्राम मेरेगांव के वार्ड पंच ज्ञानी सिंह राजपूत की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखा गया है।

संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार महेश सोलंकी, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कल्याण सिंह क्षत्रि, थाना प्रभारी बेलखेड़ा धन्नू सिंह गौंड, खनिज निरीक्षक विवेकानंद यादव, पटवारी दिलीप ठाकुर, होमगार्ड महेंद्र पटेल सहित पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग का अमला मौजूद रहा। खनिज अधिकारी एके राय ने बताया कि मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## ट्रेन से टकराकर एक व्यक्ति की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत जबलपुर की ओर जाने वाली ट्रेन के अप ट्रेक पर ट्रेन से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शव छत विछत हालत में पड़ा मिला जिसके पहने हुए कपड़ों एवं पर्स में मिले आधारकार्ड से मृतक की पहचान हुई। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह जबलपुर की ओर जाने वाली ट्रेन के अप ट्रेक पर ट्रेन से टकराने पर आजाद वार्ड पनागर निवासी 56 वर्षीय मनोहर श्रीवास की मौत हो गई। छतरपुर फाटक के गेटमैन शैलेंद्र से जानकारी मिलने पर मृतक का बेटा शुभम श्रीवास, मोहल्ले पड़ोस के लोगों के साथ जाकर देखा तो लाश छत विछत हालत में पड़ा मिला, कपड़ों एवं पर्स में मिले आधारकार्ड से पिता मनोहर श्रीवास की पहचान हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

परियट जलाशय में 25 कर्मियों की टीम तैनात

# पेयजल प्रबंधन के लिए नगर निगम की व्यापक तैयारियां

**जबलपुर।** नागरिकों को सुचारू एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जल विभाग कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर जल वितरण व्यवस्था की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निगमायुक्त ने बताया कि परियट जलाशय में घटते जलस्तर को देखते हुए पानी को पंपिंग स्टेशन के नजदीक लाने के लिए 25 कुशल कर्मचारियों की टीम दिन-रात कार्य कर रही है। अत्याधुनिक मशीनों एवं पारंपरिक ड्रेजिंग तकनीक के माध्यम से जल प्रवाह बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जल शोधन संयंत्रों को निरंतर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।



उन्होंने वार्डवार जल आपूर्ति, प्रेशर, टैंकर रूट चार्ट एवं वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जिम्मेदार अधिकारी अधिकतम समय फील्ड में उपस्थित रहें तथा मुख्य पाइपलाइनों में लीकेज एवं अवैध कनेक्शनों की तत्काल जांच कर सुधार सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने जल विभाग के साथ-साथ फायर, अतिक्रमण, बाजार, स्वास्थ्य एवं सीएम हेल्पलाइन से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की और सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन, फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर, बाजार अधीक्षक राजेंद्र दुबे, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उपभोक्ता आयोग का आदेश

# 24 एलईडी बल्ब नहीं पहुंचे, फेडेक्स को लौटानी होगी पूरी कीमत, ब्याज और हर्जाना

**जबलपुर।** ऑनलाइन या कंपनी से खरीदा गया सामान यदि ट्रांसपोर्टर की लापरवाही से उपभोक्ता तक नहीं पहुंचता, तो उसकी जवाबदेही तय होगी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, जबलपुर क्रमांक-एक ने इसी सिद्धांत को दोहराते हुए फेडेक्स एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन को उपभोक्ता को 90,785 रुपये, उस पर 31 अक्टूबर, 2018 से भुगतान की तिथि तक सात प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज, 10 हजार रुपये मानसिक प्रताड़ना तथा दो हजार रुपये वाद व्यय देने के निर्देश दिए हैं। यह राशि दो माह के भीतर अदा करनी होगी। परिवादी जबलपुर निवासी कपिल कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता अरुण जैन ने पैरवी की। उन्होंने तर्क दिया कि महाराष्ट्र की एक कंपनी से 24 एलईडी बल्ब फेडेक्स के माध्यम से जबलपुर भेजे गए थे। लेकिन माल बुक होने के बावजूद उसकी डिलीवरी नहीं की गई। ना ही कीमत लौटाई गई।

जबलपुर स्टेशन पर चला सर्च ऑपरेशन, नहीं मिला कोई सांप

# 'सांप... सांप...' की चीख से दहली ट्रेन, 1 घंटे तक रुकी रही

**जबलपुर।** पुर्णे से पटना जा रही एक्सप्रेस (17610) शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का केंद्र बन गई, जब एस-8 कोच में सफर कर रहे एक यात्री ने अचानक चिल्लाते हुए दावा किया कि उसे सांप ने काट लिया है। यात्री की चीख सुनते ही पूरे डिब्बे में भगदड़ मच गई और लोग अपनी सीटें छोड़कर दूसरे कोचों की ओर भागने लगे।

जानकारी के अनुसार, बर्थ नंबर 69 पर यात्रा कर रहे विकास कुमार गहरी नींद में



थे। इसी दौरान उन्हें पैर में किसी चीज के काटने का एहसास हुआ। उन्होंने नीचे पूंछ जैसी कोई वस्तु देखी, जिससे उन्हें सांप होने का संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया कि उन्हें सांप ने काट लिया है।

### 1 घंटे तक खड़ी रही ट्रेन

घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन सुबह करीब 9:15 बजे जबलपुर स्टेशन पर रोकी गई। रेलवे अधिकारियों, चिकित्सकों और स्थानीय सर्प विशेषज्ञों ने एस-8 कोच के हर हिस्से की बारीकी से तलाशी ली। सीटों के नीचे, लगेज रैक और अन्य संभावित स्थानों की करीब एक घंटे तक जांच की गई, लेकिन कहीं भी सांप नहीं मिला। कुछ यात्रियों ने संभावना जताई कि अंधेरे में दिखाई देने वाली वस्तु चूहे की पूंछ भी हो सकती है।

### यात्री को विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया

एहतियात के तौर पर विकास कुमार को ट्रेन से उतारकर प्राथमिक जांच के बाद विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत सामान्य है और फिलहाल सांप के काटने की पुष्टि नहीं हुई है। कोच को पूरी तरह सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद सुबह करीब 10:15 बजे ट्रेन को पटना के लिए रवाना कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घटना की सभी पहलुओं से जांच की गई, लेकिन कोच में किसी सांप के होने का कोई प्रमाण नहीं मिला। फिर भी यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए गए।

मारपीट कर वीडियो वायरल, एसपी कार्यालय पहुंचे परिजन

# नाबालिग किशोरी का कथित अपहरण

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के कथित अपहरण, मारपीट और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। घटना के तीन दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने का आरोप लगाते हुए पीड़िता के परिजन और क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, पड़ोस में रहने वाली चार युवतियां, पवन और शिब्बू नामक दो युवक तथा एक महिला ने मिलकर साजिश के तहत घर में घुसकर हंगामा किया और किशोरी को जबरन अपने साथ ले गए। आरोप है कि उसे एक सुनसान खंडहरनुमा स्थान पर ले जाकर मारपीट की गई, कपड़े उतरवाकर अपमानित किया गया तथा पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

### घरेलू विवाद बना घटना की वजह

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पीड़ित किशोरियों ने अपनी एक सहेली को घर में शरण दी थी। सहेली ने अपनी सौतेली मां द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात बताई थी। आरोप है कि इसी बात से नाराज सौतेली मां ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर दोनों किशोरियों को सबक सिखाने की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

### पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

परिजनों का आरोप है कि घटना की शिकायत गौरीघाट थाने में किए जाने के बावजूद पुलिस ने गंभीर धाराओं में कार्रवाई नहीं की और अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे नाराज परिजन और स्थानीय नागरिक एसपी कार्यालय पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी

सतना से लेकर सिवनी सप्लाई करने जा रहे थे गांजा

# जबलपुर पुलिस का नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार...

7.28 लाख रुपये कीमती 14.572 किलो गांजे के साथ चार गिरफ्तार, अधारताल पुलिस की कार्रवाई, दो स्कूटी जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

नशा मुक्त मध्य प्रदेश अभियान के तहत जबलपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 किलो 572 ग्राम गांजा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक विधि-विवादित बालक भी शामिल है। पुलिस ने करीब 7.28 लाख रुपये मूल्य का गांजा तथा तस्करी में प्रयुक्त दो बिना नंबर की स्कूटी जब्त की हैं। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश एवं सीएसपी अधारताल राजेश्वरी कौरव के मार्गदर्शन में थाना अधारताल पुलिस ने यह कार्रवाई की।

### पुलिस को देखकर लगाई दौड़

टीआई विपिन ताम्रकार ने बताया कि करौंदा बायपास के पास दाऊ मैरिज गार्डन के आगे दो संदिग्ध बिना नंबर की जुपिटर स्कूटी खड़ी मिलीं। पुलिस को देखकर चारों युवक भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान बैग और बोरी से कुल 14.572 किलो गांजा बरामद हुआ।



### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इन अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त आरोपिरयों को पकड़ने में एसआई दीपक मंडलोई, आरक्षक दुर्गेश दुबे, शशि प्रकाश एवं सुरजीत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सतना का पवन निकला सप्लायर

टीआई ताम्रकार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दिशांत सिंह परिहार (21), अंशुल राय (21), नवीन झारिया (21) तथा एक 17 वर्षीय विधि-विवादित बालक शामिल है। पूछताछ में सामने आया कि गांजा सतना जिले के पवन बागरी से लाया गया था और सिवनी में बिक्री के लिए पहुंचाया जा रहा था।

### सप्लाई चेन को खंगाल रही पुलिस

पुलिस अब सप्लाई चेन से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना जारी है।

## रंगदारी वसूलने लोडिंग वाहन चालक को चाकू मारा

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत विनोवाभावे वार्ड पनागर में शराब पीने के लिए रुपए देने से मना करने की बात से नाराज एक बदमाश ने एक युवक के साथ गालीगलौज व मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोटिया मंदिर के पास पनागर निवासी 23 वर्षीय सचिन लोधी गत दिवस करौंदा निवासी शंकर सेठ की लोडिंग गाड़ी में रिछाई से माल लोड करके शहडोल उमरिया जाने के लिये निकला था जैसे ही शाम लगभग 5.20 बजे विनोवाभावे वार्ड पनागर पहुॅचा तभी पीछे से गोपाल बर्मन आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांग करते हुए गालीगलौज व मारपीट करने लगा और चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अज्ञात आवाज सुन डरी चिकित्सक, साइबर सेल ने की जांच शुरू

# महिला डॉक्टर के घर का सीसीटीव्ही कैमरा हैक

**जबलपुर।** महिला घर की सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे ही यदि आपकी निजता के लिए खतरा बन जाएं तो यह गंभीर चिंता का विषय है। जबलपुर में ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां शहर की एक प्रसिद्ध गायनाकोलॉजिस्ट के घर लगे सीसीटीवी कैमरे कथित रूप से हैक कर लिए गए। कैमरों से अज्ञात व्यक्ति की आवाजें सुनाई देने, धमकाने और अभद्र टिप्पणियां करने की शिकायत के बाद साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है।



आदर्श नगर निवासी डॉ. प्राची सक्सेना ने बताया कि क्लीनिक से घर लौटने पर उन्हें लिविंग एरिया में लगी सीसीटीवी यूनिट से आवाजें सुनाई दीं। पहले उन्हें लगा कि घर में कोई मोबाइल पर बात कर रहा है, लेकिन बाद में पता चला कि आवाजें कैमरे से आ रही हैं। उन्होंने मोबाइल से घटना रिकॉर्ड करने का प्रयास किया, लेकिन रिकॉर्डिंग शुरू होते ही आवाजें बंद हो जाती थीं और बाद में फिर सुनाई देने लगती थीं। कैमरे के माध्यम से उन्हें धमकाने और अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने का भी आरोप है। इसके बाद उन्होंने कैमरे को ढंक दिया और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

### 5 साल से नहीं बदला गया था पासवर्ड

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे करीब पांच वर्ष पुराने हैं और उनका पासवर्ड लंबे समय से नहीं बदला गया था। साइबर सेल के अनुसार, इसी कारण कैमरे हैक होने की आशंका है। कैमरा सर्विस प्रोवाइडर से पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरों का पासवर्ड नियमित रूप से, लगभग हर दो महीने में बदलना चाहिए।

### विशेषज्ञों की सलाह

साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरों का मजबूत पासवर्ड रखें, समय-समय पर उसे बदलते रहें, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन उपलब्ध हो तो उसे सक्रिय करें और कैमरे के सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट करते रहें। छोटी-सी लापरवाही आपकी निजता और सुरक्षा दोनों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

# शहीदी पर्व मोहर्रम पर ताजिया-सवारी-अखाड़े के साथ निकला जुलूस

**सिहोरा।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि.) की शहादत के पर्व मुहर्रम की शुक्रवार को दसवीं तारीख योमे आशूरा पर नगर में ताजिया जुलूस निकाला गया जिसमें ताजिया,सवारी और अखाड़ों के साथ अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की।

ताजिया जुलूस दोपहर के बाद जामा मस्जिद से शुरु होकर सरावगी मुहल्ला पहुंचा जहां नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनेक ताजियों-सवारियो के साथ दोपहर 5 बजे से जुलूस की शुरुआत हुई।सैकड़ों की तादात में मुस्लिम धर्मावलंबी या हुसैन या अली के नारे लगाते चल रहे थे। सरावगी परिवार द्वारा वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार नगर के सभी ताजियों का स्वागत एंव ताजियादारों और अकीदतमंदों का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल पेश की। इस अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब की झलक भी देखने को मिली। जुलूस काल भैरव चौक से झंडा बाजार से होकर निकला जिसमें बिल्हा का ताजिया के साथ नए मोहल्ले के ताजियों सहित





आशिक बाबा सहित अन्य सवारी के साथ मुहर्रम के जुलूस में मर्सिया शहीदी कलाम पढ़ते हुए मुस्लिम धर्मावलंबी चल रहे थे। कटरा मोहल्ला के पास स्थित कर्बला में जुलूस का समापन हुआ जहां ताजियों को ठंडा किया गया। जुलूस में अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ नगर की विभिन्न कमेटियों द्वारा लोगों को लंगर भी तकसीम किया गया। इसी तरह उपनगर खितौला में भी ताजिया जुलूस निकाला गया। ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण एंव आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा

## मेंगो क्वीन प्रतियोगिता एवं मेला का आयोजन

**सिहोरा।** महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित मैंगो क्वीन प्रतियोगिता एवं मेंगो व्यंजन मेला के आयोजन में 78 वर्षीय तनु नौगरहिया ने तरह-तरह के अचार व चटनी का स्वाद चखाया वही 13 वर्षीय अंशिका कनकने ने भी सहभागिता की आम के केक पुडिंग अमराखंड श्रीखंड मैंगो रसमलाई आइसक्रीम लस्सी फालूदा चाट आदि व्यंजनों की खुशबुओं ने सभी का मन मोह लिया । माया जैन ने आम की खट्टी मीठी चाट बनाकर प्रथम,मैंगो क्वीन का ताज पहना नैंसी जैन दूसरे एंव मीनू परिहार तीसरे स्थान पर थी। कला क्वीन रमा सरावगी को वहीं जानकी साहू ने मैंगो देसी की क्वीन का,दीप्ति जैन ने अपनी सेलिंग क्षमता से मैंगो लस्सी का,किरण नकरा ने आध्यात्मिकता का परिचय देते हुए प्रथम पूज्य गणपति जी को भोग लगाकर अपना अवार्ड हासिल किया । साधना जैन एडवोकेट एवं शासकीय कॉलेज के एस के मेहरौलिया के द्वारा प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे एंव जनपद अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री,कृष्णा सरावगी,पार्षद रीता शुक्ला विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सुषमा सिंह करचूली ने की। संचालन और संयोजन समिति सचिव सारिका साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर अर्चना जैन, कार्तिका गुप्ता,साधना साहू,चंदा नौगरहीया ममता गुप्ता, रवि चरण गुप्ता,अंजू पहारीया,जयश्री जैन, उपासना चौरसिया,पदमा विश्वकर्मा,किरण जैन, आयुशि आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

# अकीदत के साथ निकला शहादत पर्व यौमे आशूरा का जुलूस

**पाटन।** नगर में मोहर्रम शहादत पर्व की दसवीं तारीख यौमे आशूरा श्रद्धा, अकीदत और एहतिराम के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की कर्बला की शहादत को याद करते हुए नगर में जुलूस एवं ताजिया सवारी निकाली गई। कर्बला के इतिहास के अनुसार पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अन्याय के विरुद्ध सत्य के मार्ग पर चलते हुए अपने साथियों के साथ कर्बला के मैदान में तीन दिन की प्यास और कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए दसवीं मोहर्रम को शहादत स्वीकार की। उनकी यह कुर्बानी सत्य, न्याय और इंसानियत की सबसे बड़ी मिसाल मानी जाती है। जुलूस के दौरान "या अली", "या हुसैन" के नारों से नगर का वातावरण गूंज उठा। ताजिया एवं सवारी नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुराना थाना क्षेत्र पहुंची, जहां कुछ समय ठहराव के बाद कर्बला एवं हिरन नदी की ओर ताजिया ठंडा करने के लिए काफिला आगे बढ़ा। इस दौरान तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी एवं थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत पुलिस बल के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु मुस्तैद रहे। जुलूस में सागर जिले के धमनी बाबा सैयद जी शेख बहादुर बाबा की सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जहां अकीदतमंदों ने दुआओं के



साथ अकीदत पेश की। कार्यक्रम में आचार्य जागेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह, राजेश तिवारी, गुरु पंडित संजय, गुरु पंडित संदीप सहित अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए, जिससे सामाजिक एकता और सौहार्द का संदेश भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

# मझौली में शांतिपूर्वक निकला दसवीं मोहर्रम का ताजिया जुलूस, कर्बला में हुआ सम्पन्न

**मझौली।** नगर में मोहर्रम की दसवीं तारीख (आशूरा) के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा पारंपरिक ताजिया जुलूस श्रद्धा और शांतिपूर्ण वातावरण में निकाला गया। जुलूस की शुरुआत पठानी मोहल्ला, पुरानी बाजार एवं चंडी मोहल्ला से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ कर्बला पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातम किया और उनकी कुर्बानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे मार्ग में अनुशासन और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला।



बड़ी संख्या में श्रद्धालु ताजिया सवारी के साथ शामिल हुए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा, जिससे जुलूस शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सका। इस अवसर पर नगर में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

## रोटरी क्लब जबलपुर एक्सीलेंस के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन



**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर एक्सीलेंस के सत्र 2026-27 के लिए नवीन पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। आगामी 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले नए कार्यकाल के लिए रोटेरियन शैलेन्द्र जेठा को अध्यक्ष, रोटेरियन राजेश पटेल को सचिव तथा रोटेरियन अभिषेक केसरवानी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर अखिलेश बादशा, आशीष जैन, अशोक साहू, आर.के. चौकसे, एम.एल.वी. राव, मयंक ठाकुर, जिनेश मोदी एवं अमित जैन सहित क्लब के अनेक सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सदस्यों ने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में क्लब मानव सेवा, सामाजिक सरोकार और जनकल्याण की गतिविधियों को नई दिशा देते हुए आगामी सत्र में कई प्रभावी सेवा परियोजनाओं का सफल संचालन करेगा।

# नशा निवारण दिवस पर मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जनजागृति कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर मादक पदार्थों के सेवन एवं व्यापार व्यवसाय की रोकथाम हेतु नवज्योति नशा मुक्ति केंद्र अवधपुरी में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन ने नशा मुक्ति की ओर अग्रसर लोगों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव मुक्ति एवं आंतरिक शांति के लिए पांच दिवसीय "नव चेताना शिविर" का आयोजन किया। शिविर का मार्गदर्शन वरिष्ठ प्रशिक्षक ऋतुराज असाटी ने किया। शिविर में प्रतिभागियों को प्राणायाम, ध्यान एवं जीवन कौशल के माध्यम से सकारात्मक और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा दी गई। साथ ही मादक पदार्थों से होने वाले शारीरिक दुष्प्रभाव को भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में प्रशांत मटानी,



गौरी कनक, शिवानी मिश्रा, श्रद्धा मिश्रा, हेमंत सोलंकी, मीता परमार, दीनानाथ सोनी, नीरज रजक, नरेश सरकार, श्वेता मिश्रा, संतोष बर्मन का विशेष योगदान रहा।

# मेहरा समाज ट्रस्ट की बैठक में कल होने वाले आदर्श विवाह सम्मेलन को दिया गया अंतिम रूप



**जबलपुर।** मेहरा समाज ट्रस्ट (पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट) की विशेष बैठक शुक्रवार को घंटाघर स्थित इंडियन कॉफी हाउस के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य रामदीन पठारिया ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक इंजी. भूपेंद्र मेहरा ने किया। बैठक में 28 जून को मानस भवन में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के विशाल सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तय की गई तथा सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बताया गया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में जगदीश देवड़ा (उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री, मप्र) तथा राकेश सिंह (लोक निर्माण मंत्री, मप्र) शामिल होंगे। समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। बैठक में अमित मेहरा, इंजी. डी.सी. खंडेलकर, एड. कंचन सिंह मेहरा, जमना प्रसाद मेहरा, हरि मेहरा, इंजी. देवा झारिया, राकेश झारिया, सूरज झारिया, सुनील झारिया, अजय झारिया, अंकित झारिया, दशरथ प्रसाद बामने, प्रभा देवी खंडेलकर एवं इंजी. हिमानी खंडेलकर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



# बरेला में भी शालीनता और सौहार्द के साथ मनाया गया मोहर्रम पर्व

**बरेला।** नगर में मोहर्रम का पर्व शांति, शालीनता और कौमी एकता के वातावरण में मनाया गया। विभिन्न इमामबाड़ों से ताजिए एवं सवारियां निकाली गईं, जो मदार छल्ला होते हुए कर्बला पहुंचीं। इस दौरान डिस्को बाबा, अब्बास बाबा, साबू बाबा, जमील बाबा एवं आनंद बाबा की सवारियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लंगर और छबील का आयोजन भी किया गया। मोहर्रम जुलूस में शेख सलीम, साबू बाबा, अब्बास बाबा, जमील बाबा, आनंद बाबा, ज़हीर खान, शेख मल्लू, बाबू सलाम, शेख सद्दाम, शेख सुलेमान, शेख सानू, शेख नईम एवं शेख समीर सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

# रेलवे स्टेशन पर महिला की मृत्यु, गरीब नवाज कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर एक महिला की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। मृतिका की पहचान मीना चौधरी (50–55 वर्ष), पिता मिसरी चौधरी, निवासी भट्टा मोहल्ला, कटनी के रूप में हुई है। बताया गया कि महिला लंबे समय से जबलपुर में मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रही थी और रेलवे स्टेशन परिसर में ही अस्थायी रूप से निवास करती थी। सूचना मिलने पर पुलिस एवं गरीब नवाज कमेटी के सदस्य मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान मृतिका के पुत्र राजा चौधरी एवं राजकुमार चौधरी से संपर्क कर परिजनों को सूचित किया गया, लेकिन परिवारजनों ने अंतिम संस्कार के लिए आने से मना कर दिया। इसके बाद गरीब नवाज कमेटी द्वारा मानवीय पहल करते हुए मृतिका का अंतिम संस्कार तिलवारा मुक्तिधाम में कराया गया। इस सेवा कार्य में रियाज अली, बाबू खान, बछु नांकनी, दीपक निगम, यूसुफ मालगुजार, अतहर एवं मो. करीम सहित कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।



# श्री अमरनाथ यात्रा जत्था 30 जून को होगा रवाना

**भेडाघाट।** धार्मिक आस्था, सेवा और सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से ब्रह्मलीन महंत अमरपुरी महाराज सेवा मंडल आश्रम भोले कुटी परिवार द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री अमरनाथ जी की यात्रा का आयोजन किया गया है। संस्था के तत्वावधान में लगभग 200 श्रद्धालुओं का विशाल जत्था 30 जून को प्रातः 6 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगा।यात्रा संयोजक एवं संरक्षक राजकुमार सिंगरहा ने बताया कि यह यात्रा वर्ष 2004 से निरंतर आयोजित की जा रही है और इस वर्ष यह 21वीं अमरनाथ यात्रा होगी। यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बाबा बर्फानी के दिव्य दर्शन कराना तथा समाज में धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा अमरनाथ के दर्शन कर देश, समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना करेंगे। साथ ही मां नर्मदा का पवित्र जल एवं त्रिशूल बाबा बर्फानी को अर्पित किया जाएगा। संस्था द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है।




# एक रोटी गौ के नाम वाहन प्रारंभ

**बरेला।** भगवा दल बरेला एवं समाजसेवी सोनी साहू द्वारा गौ सेवा के लिए एक रोटी गौ के नाम वाहन नगर में प्रारंभ किया गया है। इस योजना के तहत प्रतिदिन वाहन नगर में घूम-घूम कर गौ माता के लिए भोजन इकठ्ठा करेगा तथा नगर की गायों को खिलाया जाएगा। इस संबंध में समाजसेवी सोनी साहू ने बताया कि सनातन धर्म में गौ सेवा ही सर्वोत्तम पूजा है इसके लिए यह वाहन नगर में प्रारंभ किया गया है तथा नगर के सभी लोगों से अपील की है कि गाय के लिए एक रोटीकी व्यवस्था अवश्य करें तथा गौ माता की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज

**सिहोरा।** श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा लखराम मोहल्ला खितौला बाजार में आज शनिवार को सुबह प्रातः 10 बजे से नेत्र शिविर के दसवें प्रवेश उत्सव पर निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष राकेश पहारिया ने बताया संत श्री सियावल्लभ दास वेदांती जी महाराज के पावन सानिध्य,संतोष बरकडे विधायक सिहोरा के मुख्य आतिथ्य, संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता,भीष्म शुक्ला, दिनेश बड़ेरिया, सुषमा कर्चुली, माधुरी दाहिया,अशोक गुप्ता,राकेश मालवीय, दीपक अग्रवाल, दीपक पहारिया, लता रघुवंशी, रमा सरावगी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया है। पिछले नौ वर्षों में करीब 13 हजार मरीजों का नेत्र परीक्षण,2446 मरीजों का सफर नेत्र आपरेशन के साथ 2678 मरीजों को निःशुल्क चश्मा वितरित किए जा चुके हैं।



# साहित्यकार संतोष सरगम को मिला राजेंद्र ऋषि सम्मान

**बरेला।** नगर के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं दादा ठनठनपाल फिल्म के निर्देशक संतोष सरगम को उनकी दीर्घकालीन सेवा के लिए विगत दिवस आयोजित कार्यक्रम में महाकवि आचार्य भगवत दुबे एवं महामहोपाध्याय डॉ हरिशंकर दुबे द्वारा राजेंद्र ऋषि सम्मान से अलंकृत किया गया। सरगम के सम्मानित होने पर नगर की सभी साहित्य एवं सामाजिक संस्थाओं ने हर्ष व्यक्त कर बधाई व्यक्ति हैं।

**श्रीमती सुदेश भसीन-** मदनमहल शारदा चौक गुरूद्वारा के निकट निवासी श्री सत्येंद्र भसीन की धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश भसीन (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आनंद कुमार सेन-** बघराजी कुंडम निवासी श्री कमलेश कुमार सेन के पुत्र श्री आनंद कुमार सेन (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री देवी श्रीवास-** कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राम लाल श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी श्रीवास (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला गोंड़-** इंद्रा बस्ती एलआईसी मदनमहल निवासी श्री रंजीत गोंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला गोंड़ (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अईता बर्मन-** पुरानी बस्ती बर्मन मोहल्ला गौरीघाट निवासी श्री अईता बर्मन (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री विजय कुमार श्रीवास-** गुलौआ चौक गढ़ा निवासी श्री विजय कुमार श्रीवास (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गुड्डा मेहरा-** वंदना नगर अमखेरा निवासी श्री गुड्डा मेहरा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती साहू-** प्रेमनगर ईसाई मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री मनीष साहू की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती साहू (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शंकर पटेल-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री कुंवर लाल पटेल के पुत्र श्री शंकर पटेल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप



### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 जून को समाप्त सप्ताह में 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.07 अरब डॉलर घटकर 541.217 अरब डॉलर रह गईं।

### बजाज ऑटो में साइबर घटना के बाद कामकाज संचालित




**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि 23 जून 2026 को सामने आई साइबर घटना के बावजूद उसकी सभी प्रमुख व्यावसायिक गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जांच जारी रहने के बावजूद वह कारोबार की निरंतरता और ग्राहकों, डीलर, विक्रेताओं तथा अन्य साझेदारों को निरंतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किए हुए है।

### बीईएमएल को पश्चिम एशिया से मिला बड़ा निर्यात ऑर्डर




**बेंगलुरु।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीईएमएल लिमिटेड को पश्चिम एशिया से क्रेन जैसे भारी उपकरणों की आपूर्ति के लिए 53.5 लाख अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त निर्यात ऑर्डर मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि यह ऑर्डर अप्रैल 2026 में घोषित 3.63 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उसके पिछले निर्यात अनुबंध का विस्तार है। बीईएमएल के अनुसार, बड़े पैमाने पर खनन कार्यों के लिए विकसित उसके भारी भू-उत्खनन (अर्थमूविंग) उपकरणों को अब बुनियादी ढांचा विकास और रणनीतिक निर्माण परियोजनाओं की बदलती जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है।

### टीएमपीवी, टीपीईएम ने यूको बैंक से मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) ने अपने अधिकृत डीलर को 'इन्वेंटरी' वित्त पोषण समाधान उपलब्ध कराने हेतु यूको बैंक के साथ साझेदारी की शुक्रवार को घोषणा की। 'इन्वेंटरी' वित्त एक अल्पकालिक ऋण सुविधा है। इसमें व्यवसायी अपने खरीदे हुए या बेचे जाने वाले माल (स्टॉक) को गिरवी रखकर कार्यशील पूंजी के लिए बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान से ऋण लेते हैं।

### एनटीपीसी ने मॉरीशस में किया कंपनी का गठन




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने मॉरीशस में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी 'एनटीपीसी (मॉरीशस) एनर्जी लिमिटेड' का गठन किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनटीपीसी (मॉरीशस) एनर्जी लिमिटेड प्रस्तावित फ्लोटिंग सौर फोटोवोल्टिक (एफएसपीवी) परियोजना को बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के साथ विकसित करेगी।

# फॉक्सवैगन में बड़ी छंटनी की तैयारी, 1 लाख नौकरियां खत्म करने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑडी और पोर्श जैसी लग्जरी कार बनाने वाली यूरोप की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी अब ग्लोबल स्तर पर लोगों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रही है। फॉक्सवैगन एजी को लग्जरी और स्पोर्ट्स कार बनाने के बारे में जाना जाता है। लैम्बोर्गिनी, स्कोडा और डुकाटी को भी इसी कंपनी ने बनाया है। यह कंपनी करीब 1 लाख लोगों को नौकरी से निकालने पर विचार कर रही है और कई कारखानों को भी बंद किया जा सकता है। मैनेजर मैगजिन की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरोप की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी ज्यादा कम्प्टेटिव बनाने के लिए एक्स्ट्रा जॉब्स में कटौती की योजना बना रही है। छंटनी का ये प्लान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलिवर ब्लूम के प्रयासों का हिस्सा है।

### 657,000 लोग करते हैं काम

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सप्ताह की शुरुआत में मैनेजिंग बोर्ड की बैठक के दौरान सीईओ ने एक प्रस्ताव पेश किया था, जिसके तहत कर्मचारियों की संख्या में दोगुनी कटौती करके 100,000 तक की छंटनी शामिल है। पोर्श और ऑडी की मालिक कंपनी फॉक्सवैगन ग्रुप में मौजूदा समय में लगभग 657,000 लोग काम करते हैं। सीईओ के इस नए प्रस्ताव को अगले महीने बोर्ड के सामने रखा जाएगा। ऐसे में फैसला अब सिर्फ बोर्ड के ऊपर है कि वह कितने लोगों की छंटनी पर मोहर लगाता है या फिर कोई अन्य रास्ता तलाश लेता है।

**यूरोप की सबसे बड़ी कंपनी अपने चार प्लांट भी बंद करेगी**



### खर्चों में 11 अरब यूरो की कटौती करना है

रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी रणनीति में इस दशक के अंत तक सामान्य खर्चों में 11 अरब यूरो (12.5 अरब डॉलर) की कटौती करना है, जिस कारण इतने बड़े स्तर पर छंटनी की तैयारी चल रही है। वहीं मिड टर्म में जर्मनी में चार कारखाने बंद करना भी शामिल है। इनमें नेकरसुलम में ऑडी का एक कारखाना और हनोवर, ज़्विकाऊ और एम्डेन में वीडब्ल्यू के प्लांट शामिल हैं।

### कंपनी पर आया संकट

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फॉक्सवैगन समूह को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए कंपोनेंट प्लांटों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से वीडब्ल्यू ब्रांड को अलग करने पर भी विचार कर रहे हैं। यह ब्रांड लंबे समय से कम मुनाफे से जूझ रहा है। कंपनी पर यह संकट तक आया है जब कंपनी अमेरिकी टैरिफ, चीन में लगातार कमजोर सेल और यूरोप में बीवाईडी और स्टेलेंटिस एनवी समेत कई कम्प्टेटिव प्लेयर आ गए हैं। जिस कारण कंपनी फाइनेंशियल दिक्कतों से जूझ रही है।

### आसान नहीं होगी छंटनी की राह

श्रमिक नेताओं ने नई योजनाओं का तुरंत विरोध किया है। कंपनी की श्रमिक परिषद और आईजी मेटल यूनियन के संयुक्त बयान के अनुसार, ये योजनाएं कर्मचारियों और उन क्षेत्रों में अशांति पैदा करती हैं जहां हम काम करते हैं। अगर ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाता है, तो हम उनका पूरी ताकत से विरोध करेंगे। खैर रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फॉक्सवैगन में छंटनी करना मुश्किल है। कार निर्माता कंपनी के बोर्ड में आधी सीटें श्रमिक प्रतिनिधियों के पास हैं और जर्मनी के लोअर सैक्सोनी राज्य (जो आमतौर पर श्रमिक संघों का पक्ष लेता है ) के पास दो और सीटें हैं।

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी रिपोर्ट में कहा

# युद्धविराम कायम रहने से भारतीय कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर होगा आधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम कायम रहने और ऊर्जा आपूर्ति सामान्य बनी रहने से पश्चिम एशिया संघर्ष का भारतीय कंपनियों के लाभ पर पड़ने वाला असर शुरुआती आशंका की तुलना में लगभग आधा रह जाएगा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने यह जानकारी दी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि यह संघर्ष वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय कंपनियों के परिचालन मुनाफे में लगभग एक प्रतिशत की कमी लाएगा। पहले लंबे समय तक संघर्ष जारी रहने और होर्मुज जलडमरूमध्य से आवाजाही बाधित होने की स्थिति में दो प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया गया था।

**वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनियों के मुनाफे में एक फीसदी की कमी आएगी**

**होर्मुज दोबारा खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई**

### भू-राजनीतिक जोखिम अब भी बने हुए

'संशोधित अनुमान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका-ईरान के बीच हुए नाजुक समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है। हालांकि, क्रिसिल ने आगाह किया कि भू-राजनीतिक जोखिम अब भी बने हुए हैं और गैस आपूर्ति को पूरी तरह सामान्य होने में अधिक समय लग सकता है।




### पहले छमाही की भरपाई दूसरी छमाही में

क्रिसिल रेटिंग्स के प्रबंध निदेशक सुबोध राय ने कहा, '' यदि युद्धविराम कायम रहता है, तो हमारे आकलन वाले 34 क्षेत्रों में से दो-तिहाई का न्यूनतम असर पड़ेगा। पहली छमाही के दबाव की भरपाई दूसरी छमाही में मुनाफे में सुधार से काफी हद तक हो जाएगी। हालांकि, संघर्ष बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। इसलिए हमारा मानना है कि भारतीय कंपनियां सतर्क रहेंगी और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने पर ध्यान देती रहेंगी।''

### क्रिसिल ने 34 क्षेत्रों का किया आकलन

क्रिसिल के 34 क्षेत्रों पर आधारित इस आकलन में यह पाया गया कि चालू वित्त वर्ष में ब्रेंट कच्चे तेल का औसत भाव 80-85 डॉलर प्रति बैरल रहेगा और गैस आपूर्ति में व्यवधान करीब चार महीने तक बना रहेगा। संशोधित परिदृश्य में अब केवल 10 क्षेत्रों की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आने की आशंका है, जबकि एजेंसी के पहले के तनावपूर्ण परिदृश्य में 22 क्षेत्रों पर असर का अनुमान था।

### गैस की उपलब्धता में धीरे-धीरे सुधार

एजेंसी ने कहा कि कच्चे तेल की कम कीमतें और गैस की उपलब्धता में धीरे-धीरे सुधार से अधिकतर उद्योगों को राहत मिलेगी। वहीं, सरकार का बुनियादी ढांचा खर्च और घरेलू मांग में स्थिरता राजस्व वृद्धि को समर्थन देते रहेंगे। तेल विपणन कंपनियां और उर्वरक विनिर्माता ऊर्जा कीमतों में नरमी के सबसे बड़े लाभार्थियों में शामिल हो सकते हैं।

### 45,000 करोड़ की शुद्ध कम वसूली

क्रिसिल का अनुमान है कि मार्च और मई के बीच सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को 40,000-45,000 करोड़ रुपये की शुद्ध कम वसूली का सामना करना पड़ा। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के साथ चालू वित्त वर्ष में उनके फिर से परिचालन लाभ में लौटने की उम्मीद है। बेहतर परिदृश्य के बावजूद, क्रिसिल ने दो प्रमुख जोखिमों की ओर इशारा किया है।

## नासकॉम के एक रिपोर्ट में अनुमान की दी जानकारी

# एआई सेवाओं से भारतीय आईटी कंपनियां 12 अरब डॉलर कमाएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी सेवा उद्योग को कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सेवाओं से 10-12 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व अर्जित करने का अनुमान है और करीब एक-चौथाई कंपनियां एआई के प्रयोगों को सफलतापूर्वक उत्पादन स्तर पर लागू कर चुकी हैं। उद्योग संगठन नैसकॉम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। न्यूयॉर्क में आयोजित 'नासकॉम यूएस सीईओ फोरम' में उद्योग जगत के दिग्गजों ने उन चिंताओं को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि एआई के आने से पारंपरिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं का महत्व कम हो जाएगा। नेसकाम ने कहा कि एआई के इस दौर में भी वैश्विक कंपनियों के बदलाव में आईटी क्षेत्र की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी। नासकॉम के अनुसार, एआई से उत्पादकता बढ़ेगी और मानकीकृत तथा दोहराए जाने वाले कार्यों का दायरा घटेगा। हालांकि, इसके साथ ही एआई के उपयोग के लिए आंकड़ों को तैयार और व्यवस्थित करने, अनुप्रयोगों के आधुनिकीकरण, विभिन्न प्रौद्योगिकियों के एकीकरण, एआई प्रशासन, साइबर सुरक्षा, एजेंट प्रबंधन तथा उद्योग-विशिष्ट समाधानों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

- एक चौथाई कंपनियां एआई का सफलता पूर्वक उत्पादन कर रही



बयान के मुताबिक, लगभग 25 प्रतिशत प्रौद्योगिकी सेवा कंपनियों ने एआई प्रयोगों को उत्पादन स्तर पर लागू कर दिया है।

### वर्ष 2030 तक एजेंटिक एआई सेवा

नासकॉम के अनुसार, वर्ष 2030 तक 'एजेंटिक एआई' प्रौद्योगिकी सेवा उद्योग के लिए 300 से 400 अरब डॉलर के अतिरिक्त संभावित व्यय अवसर उपलब्ध करा सकता है। इसमें पुरानी प्रणालियों के आधुनिकीकरण, एआई परिचालन, साइबर सुरक्षा और प्रशासन जैसे क्षेत्र शामिल होंगे।

## निवेश जनवरी-जून में घटकर 1.13 अरब डॉलर: नाइट फ्रैंक

# रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश में 23 प्रतिशत गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश जनवरी-जून अवधि के दौरान 23 प्रतिशत घटकर 1.13 अरब डॉलर रह गया। नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। पिछले वर्ष की समान अवधि में निजी इक्विटी (पीई) निवेश 1.47 अरब डॉलर था।

रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, इस वर्ष की पहली छमाही में कुल पीई निवेश में कार्यालय परिसंपत्तियों की हिस्सेदारी 89 प्रतिशत रही जबकि शेष निवेश आवासीय क्षेत्र में हुआ। नाइट फ्रैंक इंडिया के अंतरराष्ट्रीय साझेदार, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, '' 2026 की पहली छमाही में निजी इक्विटी निवेश में आई नरमी की मुख्य वजह वैश्विक पूंजीगत माहौल में बदलाव है, न कि भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र की बुनियादी मजबूती में कमजोरी।''



बैजल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर उधारी लागत में तेज वृद्धि हुई है, जिससे उभरते बाजारों में निवेश से मिलने वाले प्रतिफल का लाभ कम हुआ है। बैजल ने कहा, '' इससे अब पूंजी निवेश के फैसले मुख्य रूप से परियोजनाओं के समय पर पूरा होने, कराधान, नकदी और वास्तविक प्रतिफल जैसे कारकों से प्रभावित हो रहे हैं।''

आंकड़ों के अनुसार, कार्यालय

### गोदाम और रिटेल में कोई बड़ा सौदा नहीं हुआ

रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में गोदाम और रिटेल क्षेत्र में कोई बड़ा निजी इक्विटी निवेश सौदा नहीं हुआ। सलाहकार कंपनी ने हालांकि कहा कि इन क्षेत्रों में बड़े सौदों का न होना, उनकी निवेश आकर्षण क्षमता में कमी का संकेत नहीं है।

### मुहर्रम के कारण भारतीय शेयर बाजार रहा बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार मुहर्रम के कारण शुक्रवार को बंद रहा। बंद के कारण व्यापारिक गतिविधियां देखने नहीं मिली। शनिवार और रविवार को शेयर बाजार बंद रहेगा। रोज की तरह शेयर बाजार में सोमवार को कामकाज होगा।

# लाभ बढ़ाने के लिए खुदरा, कृषि ऋण और जमा पर ध्यान देगा पीएनबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक खुदरा, कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) ऋण के साथ-साथ चालू खाता एवं बचत खाता (कासा) जमा बढ़ाने पर अपना ध्यान देता रहेगा। बैंक का मानना है कि इन रणनीतिक क्षेत्रों पर ध्यान देने से कारोबार वृद्धि और लाभप्रदता को और मजबूती मिलेगी।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्र ने हाल में जारी बैंक की




वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों के नाम संदेश में कहा कि मजबूत बही-खाता और पर्याप्त पूंजी के दम पर बैंकिंग क्षेत्र ऋण विस्तार को गति देने तथा बाजार की बदलती वित्तीय जरूरतों को सहजता से पूरा करने की स्थिति में है। सीईओ ने कहा, '' बैंक खुदरा, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) ऋण, कासा जमा, डिजिटलीकरण, ग्राहक सेवा और मानव संसाधन जैसे रणनीतिक क्षेत्रों पर भी लगातार ध्यान केंद्रित करेगा।'' बैंक का खुदरा, कृषि और एमएसएमई ऋण 31 मार्च, 2026 तक 12 प्रतिशत बढ़कर 6.76 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 6.03 लाख करोड़ रुपये था। मार्च, 2026 के अंत तक बैंक के घरेलू ऋण में आरएएम खंड की हिस्सेदारी 56.6 प्रतिशत रही। कम लागत वाली जमा के मोर्चे पर 31 मार्च, 2026 तक पीएनबी की घरेलू कासा हिस्सेदारी 37 प्रतिशत रही।

### बचत खातों में जमा राशि 5.30 लाख करोड़ रुपए

बैंक के चालू खाते में जमा राशि 79,294 करोड़ रुपये, जबकि बचत खाते में जमा राशि 5.30 लाख करोड़ रुपये रही। चंद्र ने कहा, '' बैंक अपने नेटवर्क का विस्तार जारी रखेगा। ग्राहकों को अधिक सुविधा उपलब्ध कराना हमारा प्रयास रहेगा। बैंकिंग क्षेत्र की अग्रणी संस्था होने के नाते बैंक वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान देगा।'' देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक की 10,324 शाखाएं हैं।

# भारत में 90 अरब डॉलर से अधिक निवेश की घोषणा

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक तनाव, व्यापारिक व्यवधानों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद वैश्विक कंपनियों तथा संस्थागत निवेशकों ने हाल के महीनों में भारत में 90 अरब डॉलर से अधिक के नए निवेश की घोषणा की है। यह भारत की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं और निवेश गंतव्य के रूप में उसकी बढ़ती वैश्विक साख को दर्शाता है। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित निवेश कृत्रिम मेधा (एआई), क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल अवसंरचना, विनिर्माण और औद्योगिक प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। इससे वैश्विक कंपनियों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने तथा उच्च वृद्धि वाले बाजारों में विस्तार के बीच अहम निवेश गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। अमेजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात के बाद वह वर्ष 2030 तक भारत में अपने कुल निवेश की प्रतिबद्धता बढ़ाकर 48 अरब डॉलर करेगा। यह निवेश क्लाउड अवसंरचना, एआई और डिजिटल सेवाओं के विस्तार में किया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया की डेटा सेंटर कंपनी एयरट्रंक ने वर्ष 2030 तक भारत में पांच गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने के लिए 30 अरब डॉलर निवेश करने की योजना की घोषणा की। यह देश में अब तक के सबसे बड़े डिजिटल अवसंरचना निवेशों में से एक है।

**वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच नए निवेश की घोषणा**

## वैश्विक ऊर्जा बाजार धीरे-धीरे सामान्य होने लगे

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमान: ईवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक ऊर्जा बाजारों में धीरे-धीरे सामान्य स्थिति बहाल होने और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद के साथ चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्तीय सेवा कंपनी ईवाई की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

'ईवाई इकॉनमी वॉच' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए यदि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें अपेक्षाकृत निचले स्तर पर स्थिर रहती हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सामान्य हो जाती है, तो भारत की आर्थिक वृद्धि की सकारात्मक गति फिर से मजबूत हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 से 6.8 प्रतिशत, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत, बाजार मूल्य पर जीडीपी वृद्धि 12.5




प्रतिशत, केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत तथा चालू खाते का घाटा जीडीपी का 1.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

ईवाई ने कहा कि बाहरी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू आर्थिक बुनियाद और निजी क्षेत्र की निरंतर सक्रियता के कारण उल्लेखनीय मजबूती दिखा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक ऊर्जा बाजारों में धीरे-धीरे सामान्य स्थिति बनने से आपूर्ति संबंधी दबाव कम होंगे, लागत की स्थिति बेहतर होगी और वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा।

रिपोर्ट में कहा गया कि जिंसों की कीमतों में नरमी और आपूर्ति की स्थिति में सुधार के कारण मुद्रास्फीति लगभग 4.5 प्रतिशत के स्तर पर नियंत्रित रहने की संभावना है।

### पीएमआई आदि की मजबूती का संकेत

रिपोर्ट में कहा गया कि महत्वपूर्ण आंकड़ें (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, पीएमआई आदि) अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत दे रहे हैं। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं, ऋण वृद्धि स्थिर है, औद्योगिक उत्पादन में सुधार हो रहा है तथा वाहन क्षेत्र की मांग भी मजबूत बनी हुई है।

## एम5 सीरिज चिप वाले मैकबुक प्रो की कीमत बढ़ी 20 फीसदी तक

# एप्पल ने मैकबुक और आइपैड की कीमतें 20-42% तक बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने मेमोरी चिप की बढ़ती लागत के कारण भारत सहित वैश्विक स्तर पर मैकबुक और आईपैड के सभी मॉडल की कीमतों में 20 से 42 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। एप्पल इंडिया की वेबसाइट पर जारी नई मूल्य सूची के अनुसार, कंपनी ने एम5 सीरीज चिप वाले मैकबुक प्रो की कीमत में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। एम5 प्रो चिप वाले 14 इंच के मैकबुक प्रो की कीमत 2,49,900 रुपये से बढ़ाकर 2,99,900 रुपये प्रति इकाई कर दी गई है।

**मेमोरी चिप की बढ़ती लागत के कारण यह वृद्धि की गई**

### बाजार की लागत संरचना में बदलाव

वैश्विक प्रौद्योगिकी बाजार अनुसंधान कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के सह-संस्थापक एवं अनुसंधान उपाध्यक्ष नील शाह ने कहा कि मैकबुक नियो, मैकबुक एयर, मैकबुक प्रो, आईपैड एयर और आईपैड प्रो वाई-फाई की कीमतों में एप्पल की बढ़ोतरी उपभोक्ता और एंटरप्राइज पीसी तथा टैबलेट बाजार की लागत संरचना में आए सबसे बड़े बदलाव को दर्शाती है।



### आईपैड एयर का बेसिक मॉडल बढ़कर 1,19,900 रुपए

वहीं 13 इंच के आईपैड एयर के बेसिक मॉडल की कीमत में भी भारी बढ़ोतरी की गई है। इसकी कीमत 84,900 रुपये से 41.22 प्रतिशत बढ़ाकर 1,19,900 रुपये प्रति इकाई कर दी गई है।

**मेमोरी से लेकर प्रोसेसर तक चिप की कीमतें प्रभावित** : इस पर मेमोरी से लेकर प्रोसेसर तक सेमीकंडक्टर चिप की बढ़ती कीमतों का प्रभाव पड़ा है। एप्पल ने बयान में कहा कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है।

**एआई डेटा सेंटर विस्तार के कारण मांग में वृद्धि**

कंपनी ने कहा, '' एआई डेटा सेंटर के तेजी से विस्तार के कारण मेमोरी और स्टोरेज की मांग में असाधारण वृद्धि हुई है। हमने पहले कभी किसी घटक की कीमतों में इतनी अधिक और इतनी तेज बढ़ोतरी नहीं देखी।''

### अब तक बोझ ग्राहकों पर नहीं डाला था

बयान के अनुसार, '' अब तक हमने इन बढ़ी हुई लागतों का बोझ अपने ग्राहकों पर नहीं डाला था, लेकिन अब हम ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां हमें कई उत्पादों की कीमतें बढ़ानी पड़ रही हैं। इनमें आज आईपैड और मैकबुक की कीमतों में की गई बढ़ोतरी भी शामिल है। हमें पता है कि यह ग्राहकों के लिए अच्छी खबर नहीं है और हम इसका समाधान खोजने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।''

## चिंतन

# धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता जरूरी

देश में मंदिर केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। श्रद्धालु बिना किसी अपेक्षा के मंदिरों में दान और चढ़ावा अर्पित करते हैं। उनका विश्वास होता है कि उनकी मेहनत की कमाई धर्म, सेवा और जनकल्याण के कार्यों में उपयोग होगी। ऐसे में यदि चढ़ावे में चोरी, गड़बड़ी या वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात है। हाल ही में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में कथित चोरी का मामला सामने आने के बाद पूरे देश में चिंता का माहौल बना है। इससे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद के लिए उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता को लेकर विवाद भी श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा चुका है। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि धार्मिक संस्थाओं में केवल श्रद्धा पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। अयोध्या मामले में जांच के बाद कई आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दिया है, जबकि मंदिर निर्माण से जुड़े अधिकारी गोपाल राव को भी जिम्मेदारियों से अलग किया गया है। हालांकि इस्तीफा देना नैतिक जिम्मेदारी का एक पहलू हो सकता है, लेकिन यदि किसी स्तर पर लापरवाही या जवाबदेही तय होती है तो केवल पद छोड़ देना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया, वह काफी सराहनीय है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे जाने की जानकारी सामने आई है। इससे यह संदेश गया है कि धार्मिक संस्थाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को हल्के में नहीं लिया जाएगा, लेकिन केवल दोषियों को सजा देना ही समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि देश के सभी बड़े धार्मिक संस्थानों में आय-व्यय की आधुनिक और पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाए। दान और चढ़ावे का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए, नियमित स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए और उसकी रिपोर्ट समय-समय पर सार्वजनिक की जाए। मंदिर ट्रस्टों की कार्यप्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा वित्तीय प्रबंधन के लिए स्पष्ट और समान मानक बनाए जाएं। तकनीक के इस दौर में डिजिटल निगरानी, सीसीटीवी, ऑनलाइन लेखा-जोखा और स्वतंत्र निगरानी तंत्र जैसी व्यवस्थाएं भ्रष्टाचार की संभावनाओं को काफी हद तक कम कर सकती हैं। देश के अधिकांश मंदिर और धार्मिक संस्थान ईमानदारी और सेवा भाव से समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। इसलिए आवश्यक है कि दोषियों और संस्थाओं के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए तथा पूरी व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाया जाए। आस्था तभी मजबूत रहती है जब उसके साथ विश्वास भी जुड़ा हो। श्रद्धालु मंदिरों में केवल धन नहीं, बल्कि अपनी भावनाएं और उम्मीदें भी समर्पित करते हैं। इसलिए सरकार, मंदिर ट्रस्टों और समाज तीनों की जिम्मेदारी है कि धार्मिक संस्थाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यही करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की सबसे बड़ी रक्षा होगी और यही धर्मस्थलों की गरिमा बनाए रखने का सर्वोत्तम मार्ग भी है।




मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# एक चेतावनी है वेनेजुएला का भूकंप

भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। हिंदुकुश क्षेत्र में आया यह भूकंप भारत के लिए भी चेतावनी हैं। हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी समयपूर्व मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। अधिक गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। कम गहराई से फूटने वाले भूकंप बर्बादी का जलजला धरती पर परोस देते हैं।

दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में एक मिनट के अंतराल पर आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने बड़ी तबाही मचा दी है। 7.2 और 7.5 तीव्रता वाले भूकंपों ने पूरे देश की बुनियाद को हिला दिया है। इसे वेनेजुएला का एक सदी में आए सबसे ज्यादा विनाशकारी भूकंप का दर्जा दिया गया है। इस शक्तिशाली भूकंप के प्रभाव से राजधानी कराकस और उसके आसपास की सैकड़ों इमारतें कंक्रीट और स्टील के मलबे में बदल गईं। 188 लोगों की मृत्यु हो गई और हजारों लोग मलबे में दबे हुए हैं। यूएस भूगर्भीय सर्वेक्षण में कहा गया है कि आशंका है कि 10,000 से भी अधिक लोग इस विनाशलीला में समा गए हों? चूंकि यह भूकंप छुट्टी के दिन आया था, इस कारण ज्यादातर लोग बहुमंजिला इमारतों के घरों में थे। इस कारण मौतों का अनुमान 10,000 तक लगाया जा रहा है।

इसकी आशंका इसलिए की जा रही है, क्योंकि गुमशुदा लोगों की जानकारी के लिए बनाई गई वेबसाइट पर 66 हजार से भी अधिक लापता लोगों की सूची सामने आ गई। इस भूकंप के झटके जापान और नेपाल में भी दर्ज किए गए हैं। उथले भूकंप गर्भ से भूमि की सतह पर फूटने के साथ भीषण बर्बादी का कारण बनते हैं। भूकंप की चेतावनी संबंधी प्रणालियां अनेक देशों में संचालित हैं लेकिन वह भू-गर्भ में हो रही दानवी हलचलों की सटीक जानकारी समय पूर्व देने में लगभग असमर्थ हैं। प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले अमेरिका, जापान, भारत, नेपाल, अफगानिस्तान, चीन और अन्य देशों में भूकंप आते ही रहते हैं। इसलिए यहां लाख टके का सवाल उठता है कि चांद और मंगल जैसे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने का सपना और पाताल की गहराइयों को नाप लेने का दावा करने वाले वैज्ञानिक आखिर पृथ्वी के नीचे उत्पात मचा रही हलचलों की जानकारी प्राप्त करने में क्यों असफल हैं ? जबकि वैज्ञानिक इस दिशा में लंबे समय से कार्यरत हैं। अमेरिका एवं भारत समेत अनेक देश मौसम व भू-गर्भीय हलचल की जानकारी देने वाले सैकड़ों उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित कर चुके हैं। हिंदुकुश क्षेत्र में आया यह भूकंप भारत के लिए भी चेतावनी हैं। लेकिन ये उपग्रह 2025 में आए अफगानिस्तान के भूकंप की तरंगों को नहीं पकड़ पाए थे। दरअसल दुनिया के नामचीन विशेषज्ञ व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में मानवीय हस्तक्षेप शामिल है। इसीलिए इस भूकंप को स्थानीय भू-गर्भीय विविधता का कारण माना गया है। दरअसल प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। पहले 13 सालों में एक बार भूकंप आने की आशंका बनी रहती थी, लेकिन अब यह घटकर 4 साल हो गई है। यही नहीं, आए भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है, उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मोन्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागासाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर



था। जापान और फिर क्वोटो में आए, सिलसिलेवार भूकंपों से पता चला है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भूकंप के मुहाने पर खड़े हैं। विकास की अंधी दौड़ में पर्यावरण की अनदेखी प्रकृति को प्रकोप में बदल रही है। इसलिए, बाढ़, भू-स्खलन, सूखा, हिमनदों का पिघलना, भूकंप और सुनामी जैसे तूफानों का आना निरंतर बना हुआ है। भूकंप आना कोई नई बात नहीं है। पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है, जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया की वजह से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगें जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। मैक्सिको में सितंबर 2017 में आया भूकंप धरती की सतह से महज 40 किमी नीचे से उठा था। इसलिए इसने भयंकर तबाही का तांडव रचा था। तिब्बत में आए भूकंप की गहराई तो मात्र 10 किमी आंकी गई है,अफगानिस्तान का भूकंप मात्र 8 से 10 किमी की गहराई से उठा था, और अब वेनेजुएला में आया भूकंप भी 10 किमी की गहराई से फूटा है। सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे से भी आते हैं, लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है, इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती। दरअसल, इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। बावजूद इन भूकंपों से ऊर्जा बड़ी मात्रा में निकलती है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। कम गहराई से फूटने वाले भूकंप बर्बादी का जलजला धरती पर परोस देते हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## अधिकार
सुशील देव



# फुटपाथ पर दादागिरी दिखाता अतिक्रमण !

बढ़ती आबादी के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है और सड़कें छोटी पड़ती जा रही हैं। ऐसे में अवैध पार्किंग जहां एक नासूर बनती जा रही है, वहीं सड़कों के किनारे पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बची है। इससे राहगीरों को न केवल चलने-फिरने में परेशानी होती है, बल्कि फुटपाथों पर अवैध कब्जों और अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि अतिक्रमण ने एक तरह से फुटपाथों को निगल लिया है। कई शहरों में तो फुटपाथ दिखाई तक नहीं देते। कहीं उन पर अवैध पार्किंग का कब्जा है, कहीं दुकानों, रेहड़ी-पटरी और ठेलों ने रास्ता रोक रखा है, तो कहीं कूड़े-कचरे और अव्यवस्थित रखरखाव के कारण वे पूरी तरह बाधित हैं। नतीजतन, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्ते लगातार कम होते जा रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि फुटपाथों पर पहला अधिकार पैदल चलने वालों का है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही से भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि पैदल यात्री फुटपाथों पर बिना किसी बाधा के सुरक्षित रूप से चल सकें। यह निर्णय स्वागत योग्य और सराहनीय है, जिसने सरकारों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया है तथा नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार की याद दिलाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ केवल सड़क दुर्घटनाओं से बचने की जगह नहीं हैं, बल्कि लोगों के चलने के अधिकार का प्रतीक हैं। सुरक्षित और सुविधाजनक फुटपाथ हर नागरिक का बुनियादी अधिकार हैं। उनका उद्देश्य लोगों को स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से पैदल चलने की सुविधा देना है, जो स्वस्थ जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। फुटपाथ केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अभिव्यक्ति, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और सामाजिक जुड़ाव के लिए भी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान हैं। सड़क निर्माण के दौरान केवल वाहनों की सुविधा का ही नहीं, बल्कि पैदल यात्रियों की जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। दुर्भाग्यवश, देश के अधिकांश हिस्सों में अतिक्रमण के कारण फुटपाथ लगभग गायब हो चुके हैं। कई विकासशील देशों की तुलना में भारत में फुटपाथ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण के शिकार हैं। कहीं रेहड़ी-पटरी वालों ने कब्जा जमा रखा है, तो कहीं दुकानदारों के साइन बोर्ड और सामान ने रास्ता घेर लिया है। ऐसे में पैदल चलने वाले आखिर करें तो क्या करें? आमतौर पर उन्हें सड़क के किनारे चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे वे दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। हर वर्ष हजारों लोग ऐसी दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। दूसरी ओर, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण यातायात जाम की समस्या भी गंभीर होती जा रही है, जिससे आम लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



सबसे चिंता की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की ओर ट्रैफिक पुलिस, प्रशासन और सरकारें अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखातीं। परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप कर यह याद दिलाना पड़ता है कि फुटपाथ पर सुरक्षित और बाधारहित रूप से चलना जनता का मौलिक अधिकार है। फुटपाथों का उपयोग पूरी तरह बाधारहित और सुविधाजनक होना चाहिए। इनके रखरखाव और संरक्षण की जिम्मेदारी जिन विभागों पर है, उन्हें ईमानदारी और जवाबदेही के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नगर निगम, नगर पालिकाएं, शहरी विकास प्राधिकरण तथा पंचायतों को इस दिशा में सक्रिय कदम उठाने होंगे। जिस प्रकार यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान और जुर्माने का प्रावधान है, उसी प्रकार फुटपाथों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि किसी अतिक्रमण के कारण सड़क दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदार लोगों को कठोर कानूनी दायरे में लाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि सुरक्षित, चौड़े और अतिक्रमण-मुक्त फुटपाथ हर नागरिक का अधिकार हैं और इन्हें उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक हो तो अलग कानून बनाया जाए तथा पैदल यात्रियों की शिकायतों के निवारण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र नियामक (रेगुलेटर) की स्थापना की जाए। तभी फुटपाथों को अतिक्रमण की दादागिरी से मुक्त कर पैदल यात्रियों को उनका वास्तविक अधिकार दिलाया जा सकेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
**दर्शन**

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप में श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं**

एक समय था जब टीबी यानी क्षय रोग का नाम सुनते ही मरीज और उसके परिवार में डर का माहौल बन जाता था। लोगों को लगता था कि यह बीमारी जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगी और इसका इलाज संभव नहीं है। जानकारी की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अनेक मरीज समय पर उपचार नहीं ले पाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज टीबी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है और लाखों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि अब टीबी को लाइलाज बीमारी नहीं माना जाता, बल्कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

- अशोक चमोली, रोहतक

## ट्रेंड

**नार्को-कार्टेल्स**

भारत ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती के खिलाफ सबसे मजबूत लड़ाई लड़ी है; इसके तहत नार्को-कार्टेल्स को सख्ती से खत्म किया गया है और प्रभावित लोगों का उचित देखभाल और सहानुभूति के साथ इलाज किया गया है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



**मारवाड़ी समाज का योगदान**

आधुनिक असम की नींव कई समुदायों की दशकों की कड़ी मेहनत पर टिकी है, जिसमें मारवाड़ी समाज भी शामिल है। अस्पतालों से लेकर समाज-सेवा करने वाली संस्थाओं तक, हर संस्थान उनके अहम योगदान की गवाही देता है।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



**आत्मनिर्भर भारत**

भारत की रक्षा शक्ति को मिली एक और बड़ी मजबूती। स्वदेशी 'नेत्र' एईडब्ल्यू और सी सिस्टम को अंतिम परिचालन मंजूरी मिलने से भारतीय वायुसेना की निगरानी, समय रहते खतरे की पहचान और रणनीतिक क्षमता को नई ताकत मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है।

- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार



**बंकिम चंद्र को नमन**

बंकिम चंद के दोनों हाथों में समान शक्ति थी, वे दोनों हाथों का समान रूप से उपयोग करने वाले थे... एक हाथ से उन्होंने साहित्यिक ज्ञान का प्रकाश फैलाया और दूसरे हाथ से अज्ञानता और गलत धारणाओं के धुएं और राख को दूर किया।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस



## करंट अफेयर

# बकिंघम पैलेस में नहीं रहेंगे महाराज चार्ल्स तृतीय


ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय बकिंघम पैलेस के 10 वर्षों तक 36.9 करोड़ पाउंड (लगभग 48.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के व्यापक नवीनीकरण कार्यक्रम के पूरा होने के बाद भी वहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे। राजशाही का मानना है कि इस ऐतिहासिक भवन को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए। हालांकि, शाही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला बकिंघम पैलेस से अपने आधिकारिक कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह महल आगे भी राजशाही का 'ऑपचारिक और प्रशासनिक केंद्र' बना रहेगा, लेकिन चार्ल्स के पूरे शासनकाल के दौरान महाराजा और महारानी (बकिंघम पैलेस के) निकट स्थित क्लेरेंस हाउस में निवास करेंगे। महाराजा के वित्तीय मामलों की देखरेख करने वाले वरिष्ठ शाही अधिकारी जेम्स चाल्मर्स ने कहा, 'बकिंघम पैलेस राजशाही का मुख्यालय है और आगे भी बना रहेगा। यह हमारे राष्ट्रीय भवनों का सबसे अनमोल रत्न है।' इस निर्णय की घोषणा बृहस्पतिवार को शाही वित्तीय मामलों पर आयोजित एक ब्रीफिंग के दौरान की गई। इसे अवसर पर किंग चार्ल्स देश के पहले ऐसे सम्राट भी बने, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से यह जानकारी दी कि उन्होंने सरकार को कितना कर अदा किया।



## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्युटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरू में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4.5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है। मस्तिष्क के कामकाज और व्यक्ति के मिजाज के नियमन में न्यूरोट्रांसमीटर की अहम भूमिका होती है।




हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एफ आई आर



शादी का दबाव पड़ा भारी

केटरिंग का काम करने वाली महिला के साथ विवाहित प्रेम कर बैठा। दोनों की नजदीकियां बढ़ी और लगातार मिलने जुलने का सिलसिला शुरु हो गया। 7 दिसंबर 2026 की रात करेंगाडीह उतई निवासी विजय बांधे (24) अपनी प्रेमिका गौतम नगर सुपेला निवासी उर्मिला निषाद (30) को मोमोज खिलाने के बहाने उसे उताई थाना क्षेत्र के पुराई के सुनसान जगह नहर के पास लेकर गया। जहां दोनों बैठकर मोमोज और चाईनीज पकौड़ा खाए, तभी विजय ने उर्मिला पर चापर से कई वार कर दिया। जब महिला ने शादी का दबाव विजय पर बनाया तो परेशान होकर उसने उर्मिला से छुटकारा पाने का साजिश रहा। मौका मिलते ही चापर से उर्मिला को मारकर मौत के घाट उतारा दिया।

## जिस पर किया जान से ज्यादा भरोसा उसी ने दे दी मौत की सजा

### मोमोज के एक टुकड़े और हेयर क्लिप से सलाखों के पीछे पहुंचा बेरहम प्रेमी

भिलाई से जेएम तांडी

पहचान छिपाने के लिए विजय ने महिला के शव के ऊपर पेट्रोल डालकर उसके ऊपर पैरा डालकर आग लगा दी। शव पूरी तरह जल जाए, इसके लिए विजय बंधे ने आसपास से पैरा एकत्र कर जलती आग में डाल दिया और मौके से बाइक लेकर अपने गांव करगाडीह आ गया। दोनों की मुलाकात केटरिंग काम दे दौरान हुई थी। 2-3 साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी विजय बांधे ने विवाद और शादी के दबाव के कारण उर्मिला को रास्ते से हटाने की साजिश रची। घटना की शाम शाम 7 बजे विजय गौतम नगर उर्मिला के घर पहुंचा। विजय ने उर्मिला को झांसा दिया कि पाटन में शादी की पार्टी के काम से जाना है, और इस बहाने अपनी बाइक पर उसे बैठाकर उतई लेकर आया। जहां उर्मिला की हत्या कर फरार होने के बाद आरोपी अपने गांव में ही था। पूरी जानकारी गांव में ही लेता रहा। अगले दिन वो वापस सुपेला लौट गया। विजय डर की वजह से 9 दिसंबर को स्वयं सुपेला थाना पहुंचा। यहां पर उर्मिला निषाद की लापता की शिकायत दर्ज कराई। जिससे आरोपी खुद को बचा सके और प्रार्थी साबित हो पाए। लेकिन जैसा विजय ने हुलिया और घटनाक्रम बताया तो पुलिस को उस पर संदेह होने लगा। उसे पुलिस ने तुरंत हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया और घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।



#### 15 दिन तक रचता रहा साजिश

एसएसपी विजय अग्रवाल ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी विजय-उर्मिला का पैसा भी रख लेता था। इसको लेकर भी उनके बीच कई बार विवाद हुआ था। विजय बांधे शादीशुदा था घटना के समय उसकी पत्नी गर्भवती थी। विजय बांधे को उसकी प्रेमिका उर्मिला शादी के लिये दबाव बनाती थी। जिससे इसका पारिवारिक जीवन तनाव में रहता था और आर्थिक तंगी बनी रहती थी। इनमें पैसों के लेनदेन का विवाद भी होता था। पैसों की बात पर उर्मिला इसे सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करती थी। परेशन विजय उर्मिला को इस कारण रास्ते से हटाया। 15 दिन से विजय उर्मिला की हत्या करने के फिराक में था। इसके लिए उसने सुपेला से चापर खरीदा, उसके बाद उमरपोटी पेट्रोल पंप से बॉटल में पेट्रोल लिया। फिर पुरई में सुनसान जगह ले जाकर उसकी हत्या कर दी।





#### खेल मैदान के पास मिली थी लाश

उतई पुलिस ने बताया कि 8 दिसंबर की सुबह ग्राम पुरई के कोटवार ने पुलिस को सूचना दी कि करगाडीह-पाउवारा नहर के पास बने खेल मैदान में महिला की अधजली लाश पड़ी मिली है। सूचना मिलते ही तत्कालीन उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव अपनी टीम के सात मौके पर पहुंची। सुलझाने के लिए पुलिस ने 6 टीमे बनाई। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और गुमशुदगी रिपोर्ट को खंगालना पुलिस ने शुरु किया। इस बीच आरोपी विजय खुद ही प्रार्थी बनकर पुलिस थाना पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी का खून से सना कपड़ा भी जब्त कर लिया और अन्य लोगों की संलिप्ता की जांच हुई। पुलिस ने विजय को पकड़ने के लिए 40 से 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाल गए। उसके बाद आरोपी तक पुलिस पहुंच पाई। इस पूरे कार्रवाई में तत्कालीन एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा, फोरेसिंक एक्टसपर्ट डॉ मोहन पटेल, एसडीओपी अनूप लकड़ा, क्राइम डीएसपी अलेक्सजेंडर किरो, निरीक्षक महेश ध्रुव समेत पुलिस कर्मियों को योगदान रहा है।

15 अक्टूबर 2023 की सुबह एक सनसनीखेज खबर लेकर आई थी। पूर्व विधायक स्व. सोमप्रकाश गिरी के पुत्र और भाजपा कार्यकर्ता चंद्रशेखर गिरी गोस्वामी की उनके ही घर में घुसकर बेरहमी से हत्या कर दी गई । शुरूआती दौर में इस हत्याकांड को लेकर कई तरह की चर्चाएं हुईं, राजनीतिक बयानबाजी हुई और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे, लेकिन जांच आगे बढ़ी तो जो सच सामने आया, उसने सभी को चौंका दिया। पुलिस के अनुसार हत्या की साजिश किसी बाहरी दुश्मन ने नहीं, बल्कि मृतक के अपने सगे भाइयों ने रची थी।



कुरूद से यशवंत गंजीर

## खून ही बना खून का प्यासा

### पूर्व विधायक के बेटे की हत्या के पीछे निकले सगे भाई

पुलिस जांच में सामने आया कि 15 अक्टूबर 2023 की सुबह लगभग 5:30 बजे हेमगिरी गोस्वामी और हेमेंद्र गिरी गोस्वामी अपने साथियों के साथ दो वाहनों में सवार होकर कुरूद स्थित चंद्रशेखर गिरी के घर पहुंचे थे। आरोपियों ने घर में घुसकर चंद्रशेखर गिरी और उनकी पत्नी अर्चना गिरी पर लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दंपति को पहले कुरूद अस्पताल और फिर धमतरी रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में संबलपुर के पास चंद्रशेखर गिरी ने दम तोड़ दिया। हमले में अर्चना गिरी का पैर फ्रैक्चर हो गया था।

पुलिस के अनुसार चंद्रशेखर गिरी, हेमगिरी और हेमेंद्र गिरी तीनों सगे भाई थे और पैतृक संपत्ति को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चंद्रशेखर को घर से बेदखल करने और उसके हाथ-पैर तुड़वाने के लिए एक लाख रुपए की सुपारी दी थी। घटना के बाद आरोपी घर से 20 हजार रुपए नकद और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए थे। हालांकि हमले की गंभीरता के कारण मामला हत्या में बदल गया और पूरे जिले में सनसनी फैल गई।





संपत्ति विवाद से शुरू हुई खूनी साजिश

#### हथियार, गाड़ियां और सुपारी की रकम भी बरामद

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महिंद्रा थार ( सीजी 04 पीएफ 6897), महिंद्रा एक्सयूवी-500 (सीजी 17 केएच 8321), मित्सुबिशी कार ( जीजे 01 केपी 2583), आठ मोबाइल फोन, सीसीटीवी डीवीआर, वाई-फाई राउटर, 20 हजार रुपए नकद, 70 हजार रुपए सुपारी की शेष रकम तथा हमले में प्रयुक्त हथियार बरामद किए थे। पुलिस का दावा था कि घटना पूरी तरह योजनाबद्ध थी और संपत्ति विवाद ने अंततः एक राजनीतिक परिवार को ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया, जहां भाई ही भाई का सबसे बड़ा दुश्मन बन गया।



#### 27 मामलों का आपराधिक इतिहास और 10 गिरफ्तारियां

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मृतक चंद्रशेखर गिरी, उनकी पत्नी अर्चना गिरी तथा दोनों भाइयों के खिलाफ कुरूद थाना में कुल 27 प्रकरण दर्ज थे। इनमें चंद्रशेखर गिरी पर 12, अर्चना गिरी पर 5, हेमगिरी पर 6 और हेमेंद्र गिरी पर 4 मामले दर्ज थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें हेमगिरी गोस्वामी (47), हेमेंद्र गिरी गोस्वामी (42), शेख नादिम (31), समीर बाग (20), रिखी राम ध्रुव (18), मोहम्मद अब्दुल माजीर खान (36), सुनील वर्मा (21), जलधर बाग (22), नुहरुद्दीन (31) और मनीष वर्मा (22) शामिल थे। इनमें हेमगिरी और हेमेंद्र ग्राम मरौद, जिला धमतरी के निवासी हैं, जबकि शेष आरोपी रायपुर के कांपा मोवा और मोवा पुरानी बस्ती क्षेत्र के रहने वाले हैं।

प्यार के जुनून में नाबालिग को भला क्या मालूम था कि वह जिसे बेतहाशा प्यार करती है, वह शख्स अपने से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी हत्या करने का मंशा रखता है। शादी समारोह में आई नाबालिग को उसके प्रेमी ने अपने दोस्तों की सहायता से अपहरण कर लिया। बिलासपुर की ओर जाने के लिए ट्रेन में सवार होकर जाने लगे। इस दौरान प्रेमी और नाबालिग बालिका के बीच प्रेम प्रसंग की बातों को लेकर विवाद हुआ तब अपने दोस्तों के साथ मिल कर ट्रेन के धक्का देकर उसकी हत्या कर दी।



राजनांदगांव से संतोष दुबे

## पीछा छुड़ाने नाबालिग प्रेमिका को ट्रेन से धकेला

यह सनसनीखेज वारदात खैरागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई थी। गांव की नाबालिग को एक युवक के साथ लगभग साल भर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान वह अपने मां के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए दूसरे गांव आई हुई थी। 28 मार्च को शादी के रिसेप्शन के दौरान रात लगभग साढे 11 बजे नाबालिग कार्यक्रम से बिना किसी को कुछ बताए चली गई। जिसकी रिपोर्ट नाबालिग के पिता ने खैरागढ थाने में दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित रूप से जाच पड़ताल शुरू कर दी। तकनीकी साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर पुलिस ने संदेही मोहन वर्मा (27), चिचोला को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। इस दौरान वह लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था। अंततः उसने अपना जुर्म कबूल किया और पुलिस को बताया कि नाबालिग से उसका लगभग एक वर्ष से प्रेम प्रसंग था, नाबालिग उसे अपने साथ रखने के लिए दबाव डाल रही थी। साथ में नहीं रखने पर मरने की धमकी देती थी, जिससे वह काफी परेशान हो गया था। इस बात को वह अपने दोस्त हरीश वर्मा को बताया था। उसके बाद वह अपने दोस्त के साथ प्लान बनाया कि नाबालिग को डोंगरगढ़ बुलाकर समझाते है, नहीं मानने पर उसे हमेशा के लिए रास्ते से अलग करना है।

#### गांव पहुंचकर कार्यक्रम से किया अपहरण

प्लान के मुताबिक नाबालिग को मिलने के लिए राजी किया। उसके बाद अपने दोस्त हरीश एवं एक अन्य नाबालिग दोस्त के साथ 28 मार्च की रात्रि में बाइक से खैरागढ़ क्षेत्र के विवाह स्थल गांव पहुंचे और नाबालिग का अपहरण किया। सबूत मिटाने के लिए पहले से ही कपड़े खरीद कर रखे थे। जिसे रास्ते में ही नाबालिग को चेंज कराए व मोबाइल तोड़ कर फेंक दिए। डोंगरगढ रेलवे स्टेशन से बिलासपुर का टिकट कराकर रात्रि लगभग 12 बजे एक्सप्रेस से बिलासपुर की ओर रवाना हो गए। ट्रेन में सीट ना मिलने की वजह से दरवाजे के पास ही बैठे थे।

#### ट्रेन में धक्का देकर नीचे गिराया

बिलासपुर पहुंचने पर नाबालिग स्टेशन में उतरने बोली, किन्तु आरोपी उसे गुमराह कर और आगे ले गया । इस दौरान नाबालिग और प्रेमी मोहन वर्मा के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद होने लगा। आरोपी मोहन वर्मा अपने साथी हरीश वर्मा व विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर नाबालिग को बिलासपुर के जयराम नगर रेलवे स्टेशन के आगे ट्रेन से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी व उसके दोस्त अकलतरा रेलवे स्टेशन में उतरे, तब सुबह हो गई थी। तीनों दोस्त दूसरी ट्रेन में बैठकर वापस डोंगरगढ़ गए और अपने अपने घर चले गए।

#### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान घटना समय को अपहृता एवं आरोपी व विधि से संघर्षरत चारो लोग डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में देखे गए। साथ ही घटना के बाद अकलतरा रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में भी उक्त तीनों को देखा गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोहन वर्मा (27), हरीश वर्मा (31) को 1 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा व विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

## कौमी एकता की मिसाल बने जुलूस

# "या हुसैन" की सदाओं के बीच अकीदत से संपन्न हुआ मुहर्रम

**जबलपुर। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे, हजरत इमाम हुसैन अली मुकाम की शहादत की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम शुक्रवार को अकीदत, एहतराम और कौमी एकता के माहौल में संपन्न हुआ। शहरभर से निकले ताजियों और सवारियों के जुलूस रानीताल कर्बला पहुंचकर परंपरानुसार ठंडे किए गए। पूरे मार्ग में "या हुसैन" और "या अली" की सदाएं गूंजती रहीं, जबकि हजारों जायरीन ने नम आंखों से ताजियों और सवारियों की जियारत कर उन्हें विदाई दी।**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुहर्रम के जुलूस ने सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की। हिंदू और मुस्लिम मुजावरों की सवारियां एक साथ जुलूस में शामिल हुईं। बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने भी सवारियां रखीं, लंगर वितरित किए तथा जुलूस की व्यवस्था और स्वागत में सहयोग दिया। शासन-प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। संवेदनशील मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा तथा अस्थायी पुलिस चौकियां स्थापित की गईं।मुख्य जुलूस में लगभग 300 सवारियां और 70 छोटे-बड़े ताजिए शामिल हुए। बड़ी संख्या में वाहनों से लंगर-ए-इमाम हुसैन का वितरण किया गया। जुलूस मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से निकलकर बहोराबाग, चारखंभा, मछली मार्केट, मिलौनीगंज, कोतवाली, कमानिया और बड़ा फुहारा होते हुए रानीताल कर्बला पहुंचा। पूरे मार्ग में जायरीन ताजियों और सवारियों की जियारत करते रहे।







### आकर्षण का केंद्र रहे ताजिए और सवारियां

मुहर्रम के जुलूस में कई आकर्षक और पारंपरिक ताजिए शामिल हुए। हजरत सूफी गुल बाबा अशरफी द्वारा कायम मन्नत वाला ताजिया, सुलेमानी मस्जिद का ताजिया, चांदनी चौक का ताजिया तथा बहोराबाग का ताजिया विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कंधों पर ताजिए उठाए अकीदतमंद 'या अली' और 'या हुसैन' के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे।श्रद्धालु अपने बच्चों को ताजियों के नीचे से निकालते नजर आए। विभिन्न आकार-प्रकार की सवारियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। बाबा साहब की आमद पर भारी भीड़ उमड़ी। हाथों में मोरछल लिए चल रहे बाबा साहब के दीदार के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कई सवारियों पर चांदी के छत्र सुशोभित थे, जबकि मखानों से निर्मित विशाल सवारियां अपनी भव्यता और सुंदर कारीगरी से सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थीं।

### लंगर वितरण की रही व्यापक व्यवस्था

जुलूस के दौरान शहरभर में जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में वाहन भी लंगर वितरण के लिए शामिल रहे। एक ओर ताजियों और सवारियों का जुलूस रानीताल कर्बला की ओर बढ़ रहा था, तो दूसरी ओर लंगर वितरण करने वाले वाहन रानीताल ईदगाह क्षेत्र की ओर जाकर लोगों की सेवा में जुटे रहे।

### सदर में निकला भव्य जुलूस

सदर क्षेत्र में शाम 4 बजे के बाद परंपरागत जुलूस निकाला गया। इसमें गली नंबर-9 का पंचायती ताजिया, सिकंदर बाबा की सवारी, सारवट सवारी, बूचड़ी, नाले हैदर बशीर होटल की सवारी, अकील बाबा की सवारी तथा चांदी की सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। जुलूस का नेतृत्व समाजसेवी मोहम्मद अकबर खान सरवर, इनायत अली शाह, नासिर बाबा सिकंदर बाबा तथा सिममा बाबा ने किया। समाजसेवी अकबर खान सरवर के अनुसार इस वर्ष 40 से अधिक सवारियां और 10 ताजिए शामिल हुए। जुलूस अपने पारंपरिक मार्गों से होता हुआ रानीताल कर्बला पहुंचा।

### रांझी में भी उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

रांझी क्षेत्र के जुलूस में अन्ना बाबा, राकेश बाबा तथा दरबार ए पहलवान गांधी व्यायाम शाला की सवारी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में अकीदतमंदों की भारी भीड़ मौजूद रही।

### गढ़ा में कौमी एकता की अनूठी मिसाल

उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा का परंपरागत जुलूस भी शाम को निकाला गया। समाजसेवी सूफी मुबारक कादरी एवं नियाज मंसूरी के अनुसार जुलूस में 50 से अधिक हिंदू-मुस्लिम मुजावरों की सवारियां और 12 ताजिए शामिल हुए।गढ़ा के जुलूस में डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी, सूफी निजाम बाबा, खलीफा मुमताज मंसूरी तथा दादा दरबार की सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। जुलूस मार्ग पर अनेक हिंदू धर्मावलंबियों ने लंगर वितरित कर बाबा साहब का इस्तकबाल किया। गढ़ा बाजार कौमी एकता मुर्तजा कमेटी के मुईन उस्मानी ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जुलूस का स्वागत किया।गढ़ा बाजार और त्रिपुरी चौक होते हुए जुलूस सुपाताल कर्बला पहुंचा, जहां सैय्यद कादिर अली कादरी, वासित कादरी, खलीफा इनायत अली कादरी तथा जवाहर कादरी ने इमाम हुसैन अली मुकाम की बारगाह में सलातो-सलाम पेश कर जुलूस का समापन कराया। पूरे आयोजन के दौरान अकीदत, अनुशासन, भाईचारे और कौमी एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।



## 3 साल से फरार 3 हजार का इनामी आरोपी जीआरपी के हत्थे चढ़ा

**जबलपुर**। पुलिस अधीक्षक रेल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना जीआरपी जबलपुर ने बड़ी सफलता हासिल की है। अपराध क्रमांक 722/23, धारा 379 एवं 411 भा.दं.सं. के मामले में तीन वर्ष से फरार चल रहे 3,000 रुपये के इनामी आरोपी अजय मिश्रा उर्फ लल्ली (26), पिता शिवप्रसाद मिश्रा, निवासी ब्राह्मण टोला, रामपुर बघेलान, जिला सतना को 23 जून 2026 को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में निगरानी एवं चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। आवश्यक पूछताछ और वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जीआरपी जबलपुर ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## नीट यूजी से आयुष शिक्षा के भी खुले हैं बेहतर करियर के द्वार: डॉ एके द्विवेदी

**जबलपुर**। एस.के.आर.पी. गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंदौर के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ए.के. द्विवेदी ने कहा कि नीट यूजी केवल एमबीबीएस में प्रवेश का माध्यम नहीं है, बल्कि इसके जरिए बीएचएमएस (होम्योपैथी), बीएएमएस (आयुर्वेद), बीएनवाईएस (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा), बीयूएमएस सहित विभिन्न आयुष पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 के बाद आयुष मंत्रालय की स्थापना, राष्ट्रीय आयुष मिशन तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के विस्तार से आयुष पद्धतियों की स्वीकार्यता लगातार बढ़ी है। आज आयुर्वेद, होम्योपैथी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं।




डॉ. द्विवेदी ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को एमबीबीएस में प्रवेश नहीं मिल पाता, उनके लिए आयुष पाठ्यक्रम सम्मानजनक और उज्ज्वल करियर का बेहतर विकल्प हैं।

इन क्षेत्रों में चिकित्सकीय प्रैक्टिस के अलावा शिक्षण, अनुसंधान, सार्वजनिक स्वास्थ्य, अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य परामर्श और उद्यमिता के क्षेत्र में भी बेहतर संभावनाएं हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से आयुष शिक्षा को भविष्य के सशक्त विकल्प के रूप में अपनाने का आह्वान करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में आयुष भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था का और मजबूत स्तंभ बनेगा तथा नीट यूजी के माध्यम से हजारों युवा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सफल करियर बनाएंगे।



## लेखक राजकुमार गुप्ता की 24वीं पुस्तक 'वीरांगना गोंड रानी दुर्गावती की सनातन धर्म यात्रा' पुस्तक का लोकार्पण

**जबलपुर**। इतिहासकार एवं वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार गुप्ता की नई पुस्तक 'वीरांगना गोंड रानी दुर्गावती की सनातन धर्म यात्रा' का लोकार्पण रविवार को रानी दुर्गावती संग्रहालय, भंवरताल स्थित कला वीथिका में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ।

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, साहित्यकार डॉ. हरिशंकर दुबे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन एवं पूर्व न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लेखक राजकुमार गुप्ता ने बताया कि यह उनकी 24वीं ऐतिहासिक पुस्तक तथा रानी दुर्गावती के जीवन पर तीसरी कृति है, जिसमें गोंड वंश के इतिहास और रानी दुर्गावती द्वारा सनातन धर्म के संरक्षण एवं उत्थान में दिए गए योगदान का विस्तृत वर्णन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। आयोजन गहोई वैश्य नवयुवक मंडल द्वारा किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यकार, इतिहासकार एवं इतिहास प्रेमी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रपति को बलिदान दिवस में आमंत्रित करने केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके को सौंपा निमंत्रण

**जबलपुर**। गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ ने गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के 169वें बलिदान दिवस (18 सितंबर) समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति के आगमन हेतु केंद्रीय राज्य अनुसूचित जनजाति मंत्री दुर्गादास उइके को आमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान किशोरी लाल भलावी, राजेंद्र चौधरी एवं नोखे लाल वरकड़े सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य सेवन एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस पर राही फाउंडेशन ने चलाया नशामुक्ति जागरूकता अभियान

**जबलपुर**। अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य सेवन एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर राही फाउंडेशन द्वारा जबलपुर के घमापुर, बेलबाग, ओमती एवं हनुमानताल क्षेत्रों में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर तथा वंचित समुदाय के युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था।राही फाउंडेशन की ओर से मोहम्मद ताहिर खान ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करती है तथा कई जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान पीयर-टू-पीयर काउंसलिंग के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त जीवन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि राही फाउंडेशन नशे से प्रभावित उन युवाओं को विधिक सहायता उपलब्ध कराती है, जो किसी छोटे-मोटे अपराध के मामलों में फंस जाते हैं या किसी कारणवश जेल चले जाते हैं तथा आर्थिक तंगी के कारण कानूनी सहायता प्राप्त नहीं कर पाते।मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि राही फाउंडेशन समुदाय स्तर पर नशामुक्ति, पुनर्वास, मानसिक स्वास्थ्य और कानूनी सहायता के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। संस्था का प्रयास है कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।






## सक्षम का स्थापना दिवस सम्पन्न, जिले की नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

**जबलपुर**। समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) की प्रान्त और जिला इकाई की बैठक गत दिवस शहीद स्मारक सभागृह, गोल बाजार में सम्पन्न हुई जिसमें वर्ष भर के नियमित कार्यक्रमों पर चर्चा हुई एवं विगत वर्ष किये गए कार्यों की समीक्षा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरदचंद्र पालन रहे एवं अध्यक्षता डॉ. पवन स्थापक ने की। मंच पर महाकोशल प्रान्त के अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता, सचिव पीयूष जैन और समाजसेवी एवं व्यवसायी नवनीत माहेश्वरी उपस्थित थे। इस अवसर पर सक्षम जबलपुर के नए अध्यक्ष के रूप में सुनील फाटक, सचिव प्रभव माहेश्वरी और कोषाध्यक्ष सी.ए. रोहित राठी सहित कुल 70 पदाधिकारियों ने सक्षम के प्रकोष्ठ एवं आयामों के प्रमुख एवं सह-प्रमुख का दायित्व ग्रहण किया। डॉ. पवन स्थापक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अब दिव्यांगता के क्षेत्र में नए-नए अनुसंधान, नयी-नयी चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध हो गई हैं, इसलिए समाज में व्याप्त 21 तरह के दिव्यांगताओं के निराकरण के लिए पूरे भारत में विभिन्न दिव्यांगताओं के विशेषज्ञ सक्षम के माध्यम से सेवायें दे रहे हैं और दिव्यांग राष्ट्र और समाज को सुदृढ़ बनाने में बराबरी से हिस्सा ले रहे हैं।


## आम सूचना

मै अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा आवासीय भूमि जो कि मौजा-अमखेरा, बंदोबस्त नंबर 4, प.ह.नं. 80, वार्ड नंबर 74, तहसील आधारताल व जिला जबलपुर में स्थित खसरा नंबर 421/1 वर्तमान खसरा नंबर 421/1/1 का भाग, महाकौशल गृह निर्माण सहकारी समिति के प्लाट नं.109-डी, जिसका कुल रकवा रकवा 30×50=1500 वर्गफुट है, को भूमिस्वामी श्री विनीत गुप्ता पिता श्री सुखचैन गुप्ता एवं श्री विमल गुप्ता पिता श्री सुखचैन गुप्ता ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22.08.2017, ई-पंजीयन क्रमाक एमपी 182552017ए1483112 के माध्यम से श्रीमति नूतन शुक्ला पति श्री संतोष कुमार शुक्ला से क्रय किया है तथा श्रीमति नूतन शुक्ला पति श्री संतोष कुमार शुक्ला ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 04.08.2007, पंजीयन क्रं. 1225 के माध्यम से महाकौशल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर द्वारा अध्यक्ष श्री हर्षनाथ सिंह पिता स्व. श्री सी.पी.सिंह से क्रय किया था क्रय के पश्चात् उक्त विक्रय पत्र में प्लाट नं. गलत अंकित हो गया था जिसका सुधार पत्र श्रीमति नूतन शुक्ला पति श्री संतोष कुमार शुक्ला ने पंजीकृत सुधार पत्र दिनांक 19.03.2015, पंजीयन क्रं. 4759 के माध्यम से महाकौशल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर द्वारा अध्यक्ष श्री हर्षनाथ सिंह पिता स्व.श्री सी.पी. सिंह के द्वारा कराया गया था यह कि श्री विनीत गुप्ता एवं श्री विमल गुप्ता दोनों के पिता श्री सुखचैन गुप्ता द्वारा मेरे पक्षकार बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच विजयनगर जबलपुर से उक्त संपत्ति को बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसकी सुरक्षा हेतु श्री विनीत गुप्ता एवं श्री विमल गुप्ता दोनों के पिता श्री सुखचैन गुप्ता द्वारा उक्त संपत्ति/मकान बंधक की जा रही है उक्त संपत्ति का साम्यिक बंधक हेतु पंजीकृत सुधार पत्र दिनांक 19.03.2015, पंजीयन क्रं. 4759 के मूल प्रति की आवश्यकता है जो वर्तमान भूमि स्वामियों से गुम हो गयी हैं। अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच विजयनगर जबलपुर को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
जबलपुर दिनांक 27.06.2026 भवदीय-

**राजेश प्यासी एड.**
319, गली नं., 05, त्रिमूर्ति नगर दमोहनाका
जबलपुर- मो.- 9424320068


## जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एंड गाइड का सम्मान

**जबलपुर**। विगत तीन दशकों से ज़रूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, शैक्षणिक सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उनके भविष्य निर्माण में डॉ. विजयकांत तिवारी द्वारा सतही प्रयास के फलस्वरूप बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विभिन्न संस्थाओं में नौकरी प्राप्त की और कुछ ने स्वयं के व्यापार, कारोबार शुरू किए, इस तरह वे अपने घर का सहारा बने, इस प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य करते हुए डॉ. विजयकांत तिवारी ने अनेक बच्चों के भविष्य निर्माण में विविध प्रकार से सहयोग, मार्गदर्शन किया है अभी आप विगत दो वर्षों से शहर में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पुस्तक मेला में भी प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अनेक अभिभावकों/बच्चों को पुस्तकें, यूनिफार्म निःशुल्क बांटते हुए जरूरतमंदों की मदद करते हैं,



इन समस्त जानकारी को संस्था हेल्पिंग हेन्ड की टीम ने डॉ. तिवारी के कार्यों को संज्ञान लेते हुए अपनी संस्था के 11वें स्थापना दिवस के गरिमामय समारोह के अवसर पर उपस्थित अतिथियों/संस्था के पदाधिकारियों से डॉ. विजयकांत तिवारी का उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान किया।

सम्मान प्राप्त करने के पश्चात डॉ. विजयकांत तिवारी ने हेल्पिंग हैंड्स संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम भारत स्काउट एंड गाइड, स्वयंसेवकों, विविध शैक्षणिक संस्थानों के सामूहिक प्रयासों से भविष्य में और भी शैक्षणिक जगत के लिए समाजहित एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को निरंतर बेहतर प्रयास करते रहेंगे।

## मैकेनिकल थ्रॉम्बेक्टॉमी से पल्मोनरी एम्बोलिज्म पीड़ित महिला की बची जान

**जबलपुर**। बड़ेरिया मेट्रो हार्ट हॉस्पिटल में आधुनिक मैकेनिकल थ्रॉम्बेक्टॉमी तकनीक के जरिए पल्मोनरी एम्बोलिज्म से पीड़ित महिला की सफलतापूर्वक जान बचाई गई। गढ़ा निवासी सुमन लता उपाध्याय को मंदिर जाते समय अचानक सीने में तेज दर्द और सांस लेने में तकलीफ होने पर उनके पति रमेश प्रसाद उपाध्याय अस्पताल लेकर पहुंचे। जांच में फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में खून के थक्के (पल्मोनरी एम्बोलिज्म) होने की पुष्टि हुई।अस्पताल की इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्राची शर्मा ने अत्याधुनिक मैकेनिकल थ्रॉम्बेक्टॉमी प्रक्रिया के माध्यम से फेफड़ों की नसों में जमा रक्त के थक्के निकालकर मरीज की जान बचाई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह न्यूनतम चीर-फाड़ वाली आधुनिक तकनीक है, जिससे मरीज को शीघ्र राहत और तेजी से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उपचार के बाद मरीज की स्थिति पूरी तरह स्थिर है। मरीज के पति रमेश प्रसाद उपाध्याय ने चिकित्सकों एवं अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सही समय पर मिले उपचार से उनकी पत्नी को नया जीवन मिला।






## सपा ने घोटाले के आरोपी डॉ. आदर्श विश्नोई पर एफआईआर की मांग की

**जबलपुर**। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 25 जून को मालवीय चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. आदर्श विश्नोई पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में वैक्सीन, भर्ती और जमीन जैसे कई बड़े घोटाले हुए हैं। साथ ही उक्त अधिकारी पर शासन से छुपाकर करीब 12 से 14 विदेश यात्राएं करने और बेनामी सम्पत्ति अर्जित करने का भी आरोप लगाया है। सपा कार्यकर्ताओं ने मालवीय चौक पर डॉ. विश्नोई के भ्रष्टाचार का प्रतीकात्मक घड़ा फोड़कर विरोध जताते हुए सरकार से उन्हें तुरंत पद से हटाकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान मप्र उपाध्यक्ष दिनेश यादव, प्रदेश सचिव कमलेश पटेल, सचिव आशीष मिश्रा, वरिष्ठ बेनी प्रसाद उड़िया, रामबालक पटेल, राहुल अहिरवार, संतोष यादव, दीपेन्द्र दुबे, मनीष पटेल, एड. दीपांशु साहू, एड. बलविंदर सिंग सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 126.12 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिला

**मुंबई।** एबीएस मरीन सर्विसेज लिमिटेड ने हार्डी एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन (इंडिया) इंक. के साथ चार्टर पार्टी समझौता किया है। यह समझौता हार्डी एक्सप्लोरेशन ने अपने संयुक्त उद्यम साझेदार ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन और इनवेनियर पेट्रोडाइन लिमिटेड की ओर से किया है। इसके तहत कंपनी के एंकर हैंडलिंग टग सप्लाई पोत 'एमवी आर्टेमिस' को तैनात किया जाएगा। समझौते के अनुसार, एमवी आर्टेमिस को भारत के पूर्वी तट पर पेट्रोलियम अन्वेषण एवं उत्पादन गतिविधियों के समर्थन के लिए तैनात किया जाएगा।

### केएफसी का 'डबल चिकन डायनामाइट' लांच

**नई दिल्ली ।** खाने के अनोखे और नए कॉम्बिनेशन पसंद करने वालों के लिए केएफसी ने अपना नया मेन्यू आइटम डबल चिकन डायनामाईट लांच किया है। यह एक अनोखा ऑल-चिकन, नो-बन बर्गर है, जिसमें दो क्रिस्पी जिंगर चिकन फिलेट्स के बीच कोरियन नूडल्स, सिग्नेचर स्पाइसी मायो, चीज़ और खास मसालों की टॉपिंग दी गई है। भारतीय उपभोक्ताओं के बीच अलग-अलग स्वादों के फ्यूजन और नए फूड कॉम्बिनेशन की बढ़ती लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए यह नया उत्पाद पेश किया गया है।

### एक मिलियनवें टीवीएस आईक्यूब का रोलआउट

**बेंगलुरु।** टीवीएस वेनु के भाग और दुनिया भर में दोपहिया और तिपहिया वाहनों की जानी मानी निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने होसुर स्थित अपनी मैनुफैक्चरिंग युनिट से 1 मिलियनवें टीवीएस आईक्यूब के रोलआउट की घोषणा की है। यह उपलब्धि भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है,टीवीएस मोटर ने इन-हाउस इंजीनियरिंग, आरएंडडी, प्रोडक्ट इनोवेशन और इकोसिस्टम डेवलपमेंट में लगातार निवेश कर इस श्रेणी को आकार दिया है।

## गौतम अडाणी ने लांच की 'वंदे भारतम' पहल

# देशभर के इनोवेटर्स और उद्यमियों को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

**देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों तथा 800 से अधिक जिलों तक पहुंचकर ऐसे प्रतिभाशाली लोगों की खोज की जाएगी,जिनके पास नवाचार, समाधान या उद्यमिता का मजबूत विचार है**

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

देशभर के नवाचारकर्ताओं , उद्यमियों और सामाजिक बदलाव लाने वाले प्रतिभाशाली लोगों की पहचान और उन्हें प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने अपने 64वें जन्मदिन पर राष्ट्रव्यापी पहल वंदे भारतम की शुरुआत की है।

इस पहल के माध्यम से देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों तथा 800 से अधिक जिलों तक पहुंचकर ऐसे प्रतिभाशाली लोगों की खोज की जाएगी, जिनके पास नवाचार, समाधान या उद्यमिता का मजबूत विचार है। कार्यक्रम में किसी भी आयु, पृष्ठभूमि, शिक्षा या व्यवसाय से जुड़े इच्छुक प्रतिभागी आवेदन कर सकेंगे।

> गौतम अडाणी ने अपने 64वें जन्मदिन पर की शुरुआत की

> युवाओं और उद्यमियों से इस पहल में भाग लेने का आह्वान किया

### 75 फाइनलिस्ट्स का होगा राष्ट्रीय चयन




राष्ट्रव्यापी पहल 'वंदे भारतम' की शुरुआत

कई चरणों वाली चयन प्रक्रिया के बाद 75 फाइनलिस्ट्स का चयन किया जाएगा। इन्हें अहमदाबाद में आयोजित विशेष कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा, जहां उन्हें उद्योग जगत के विशेषज्ञों, निवेशकों और बिजनेस लीडर्स से संवाद करने तथा मेंटरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### स्टार्टअप हब से आगे बढ़ेगी पहल

'वंदे भारतम' का उद्देश्य केवल बड़े शहरों तक सीमित स्टार्टअप संस्कृति से आगे बढ़कर छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी उद्यमी प्रतिभा को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। इस पहल के तहत टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, सस्टेनेबिलिटी, पारंपरिक शिल्प और समुदाय आधारित समाधानों सहित कई क्षेत्रों से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

### गौतम अडाणी ने क्या कहा

पहल का शुभारंभ करते हुए गौतम अडाणी ने कहा कि उन्होंने अपनी यात्रा बहुत सीमित संसाधनों से शुरू की थी और आज जो कुछ भी हासिल किया है, वह भारत की बदौलत है। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन अवसर हर व्यक्ति तक समान रूप से नहीं पहुंच पाते। उन्होंने कहा कि वंदे भारतम का उद्देश्य ऐसे लोगों को पहचान देना है जिनके विचार और नवाचार समाज एवं अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने देशभर के युवाओं और इच्छुक उद्यमियों से इस पहल में भाग लेने का आह्वान किया। चयनित प्रतिभागियों को अनुभवी मेंटर्स, निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों और इन्क्यूबेशन संस्थानों का सहयोग मिलेगा, जिससे वे अपने विचारों को सफल उद्यम में बदल सकें। कार्यक्रम में पुरस्कार राशि और विभिन्न श्रेणियों में सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे, जिनकी घोषणा आगामी चरणों में की जाएगी।

## होटल-रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने ली राहत की सांस

# गैर-घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पर लागू सेक्टोरल पाबंदियां हटाने का स्वागत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार ने गैर-घरेलू (कमर्शियल) एलपीजी की आपूर्ति पर लागू सेक्टोरल पाबंदियां हटाने का फैसला लिया है। सरकार के इस निर्णय से होटल-रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों,औद्योगिक प्रतिष्ठानों और अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

अब उन्हें अपनी आवश्यकता के अनुसार कमर्शियल एलपीजी की उपलब्धता पहले की तुलना में अधिक सहजता से हो सकेगी। औद्योगिक प्रतिष्ठानों, होटल-रेस्तरां से जुड़े लोगों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि गैस की उपलब्धता में सुधार होने से कारोबार प्रभावित नहीं होगा और उत्पादन तथा सेवाओं का संचालन सुचारू रूप से जारी रखा जा सकेगा। होटल एवं रेस्तरां संचालकों का मानना है कि इससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में भी सुविधा होगी।

> इससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में भी सुविधा होगी

> गैस की उपलब्धता में सुधार होने से कारोबार प्रभावित नहीं होगा



फाइल फोटो

### व्यावहारिक दिक्कतें कम होंगी



भोपाल होटल -रेस्टोरेंट व्यवसायी संघ के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने इसे उद्योग और सेवा क्षेत्र के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे कारोबार को गति मिलेगी और व्यवसाय करने में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतें कम होंगी। हालांकि, यह फैसला केवल कमर्शियल (गैर-घरेलू) एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए है। नियमों में इस निर्णय के तहत कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार के इस कदम से व्यावसायिक क्षेत्रों में परिचालन लागत और आपूर्ति संबंधी चिंताओं में कमी की उम्मीद है।

### आवंटन मिलेगा



गोविंदपुरा इंडस्ट्रीयल एसो.के अध्यक्ष विजय गौर ने कहा कि गैर-घरेलू पैक्ड एलपीजी की आपूर्ति संकट-पूर्व स्तर पर बहाल कर दी गई है। इसके साथ ही, बल्क एलपीजी की आपूर्ति भी संकट-पूर्व खपत की 50 फीसदी तक शुरू कर दी गई है। कमर्शियल सिलेंडर आवंटन आसानी से मिल सकेंगे।

### कैटरर्स व्यापार के लिए बड़ी राहत



फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के कमेटी संयोजक और मिलन टेंट एवं केटर्स के रामबाबू शर्मा ने कहा कि होटल-रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों ,औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कैटरर्स और शादी-समारोह के आयोजकों को जो पहले सिलेंडर प्राप्त करने के लिए रसद संबंधी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, उससे अब पूरी तरह छुटकारा मिल गया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे अपने व्यापार के लिए बड़ी राहत बताया है।

### विकल्पों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा



फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने कहाकि पिछले कुछ महीनों में कमर्शियल एलपीजी की भारी किल्लत के कारण कई व्यापारों को कोयले या केरोसिन जैसे विकल्पों पर निर्भर होना पड़ा था। अब वे बिना रुकावट अपनी सामान्य क्षमता पर काम कर सकेंगे।

### आभार जताया

कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई बहाल होने से हमें बड़ी राहत मिली है। पिछले कुछ दिनों से संचालन में काफी परेशानियां आ रही थीं। सरकार के इस फैसले के लिए हम आभार व्यक्त करते हैं। गैस की कमी के कारण रसोई का काम प्रभावित हो रहा था। अब नियमित सप्लाई मिलने से होटल और रेस्टोरेंट का संचालन सुचारु रूप से हो सकेगा।

## वैट अपीलों की समय-सीमा बढ़ाने सहित तीन मांगों के लिए वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपा व्यापारियों ने

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के व्यापारियों, करदाताओं, कर अधिवक्ताओं एवं कर पेशेवरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल का एक प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री एवं वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा से मिला और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर प्रशासन से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है।

इस मौके पर अध्यक्ष एडवोकेट मनोज कुमार पारख, सीए संजय श्रीवास्तव, सीए एस. कृष्णन (पूर्व अध्यक्ष) तथा मुनेंद्र वेद उपस्थित रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार पारख ने बताया कि पहली मांग मध्यप्रदेश वैट की प्रथम अपीलों की सुनवाई की समय-सीमा 30 जून 2026 से बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 तक करने की है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पुराने प्रकरण अभी भी लंबित हैं और आवश्यक अभिलेखों एवं रिकॉर्ड के संकलन में समय लग रहा है। वर्तमान में वर्चुअल सुनवाई व्यवस्था के कारण प्रतिदिन सीमित मामलों की ही सुनवाई हो पा रही है, जिससे करदाताओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में दूसरी मांग वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित मामलों में डीम्ड असेसमेंट स्कीम लागू करने की की गई है। एसोसिएशन का कहना है कि इससे अनावश्यक जांच एवं स्क्रूटनी में कमी आएगी, अनुपालन प्रक्रिया सरल होगी तथा विभाग और करदाताओं दोनों का समय बचेगा।

तीसरी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश वैट अपीलेट बोर्ड में लंबित अपीलों के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक अधिकारियों की शीघ्र नियुक्ति करने की है। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा आग्रह किया कि जिन मामलों में विवादित राशि राज्य सरकार द्वारा सुरक्षित रखी गई है, उन मामलों में अपीलों के अंतिम निराकरण तक व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव या दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## एआई+ के नोवा 2 प्रो और नोवा 2 नियो स्मार्टफोन की बिक्री शुरू

**मुंबई।** एआई+ स्मार्टफोन ने अपने नए नोवा 2 प्रो और नोवा 2 नियो स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। दोनों 5जी स्मार्टफोन शुक्रवार से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। कंपनी के अनुसार, नोवा 2 नियो की शुरुआती कीमत 12,999 रुपये और नोवा 2 प्रो की शुरुआती कीमत 14,999 रुपये (बैंक ऑफर सहित) रखी गई है।

कंपनी के सीईओ एवं नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज़ के संस्थापक माधव शेठ ने कहा कि दोनों स्मार्टफोन बेहतर परफॉर्मेंस, लंबी बैटरी लाइफ, एआई फीचर्स, प्राइवेसी और आधुनिक डिजाइन के साथ ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। नोवा 2 नियो में 120 हर्ट्ज डिस्प्ले, 48 एमपी कैमरा और 6000 एमएएच बैटरी दी गई है, जबकि नोवा 2 प्रो में 144 हर्ट्ज एफएचडी+ डिस्प्ले, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7100 प्रोसेसर, 48 एमपी एआई कैमरा, 13 एमपी फ्रंट कैमरा और 33 वॉट फास्ट चार्जिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।



## हीरो मोटोकॉर्प ने लांच की ऑल-न्यू पैशन प्लस डिस्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने लोकप्रिय कम्यूटर बाइक ऑल-न्यू पैशन प्लस डिस्क को भारतीय बाजार में लांच कर दिया है। नए मॉडल को आधुनिक डिजाइन, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, बेहतर सुरक्षा फीचर्स और शानदार ईंधन दक्षता के साथ पेश किया गया है। कंपनी का कहना है कि यह बाइक खासतौर पर रोजाना आवागमन करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। लांच के अवसर पर हीरो मोटोकॉर्प के इंडिया बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने कहा कि ऑल-न्यू पैशन प्लस डिस्क भारत के सबसे भरोसेमंद मोटरसाइकिल ब्रांड्स में से एक पैशन की विरासत को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि नए स्टाइल, डिजिटल फीचर्स, फ्रंट डिस्क ब्रेक और बेहतर माइलेज के साथ यह बाइक ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प साबित होगी। हीरो मोटोकॉर्प की नई पैशनप्लस डिस्क चार आकर्षक ड्यूल-टोन रंगों—हेवी ग्रे, नेक्सस ब्लू, डार्क इंडस्ट्रियल ग्रे और पर्ल रेड में उपलब्ध होगी। इसकी एक्स-शोरूम (दिल्ली) कीमत 84,128 रुपए रखी गई है।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** — कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** — कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** — परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## रोजमर्रा के सामानों पर बड़ी बचत 4 से 6 जुलाई तक खास डील्स

**बेंगलुरु।** बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2026 की घोषणा ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने कर दी है। भारत में अपने दसवें संस्करण के तहत यह सेल 4 जुलाई की रात 12 बजे से 6 जुलाई की रात 11:59 बजे तक आयोजित होगी। इस दौरान प्राइम मेंबर्स को ग्रोसरी, हेल्थ, बेबी केयर, पेट केयर, ताज़े फल एवं सब्जियों सहित रोज़मर्रा की ज़रूरतों के सामान पर आकर्षक छूट और विशेष ऑफर्स मिलेंगे। इस बार प्राइम डे में ग्राहकों को बड़े डिस्काउंट के साथ नए प्रोडक्ट लांच, लिमिटेड एडिशन उत्पाद और तेज डिलीवरी का लाभ मिलेगा। सेल के दौरान बार्जेस उत्पादों पर 60 प्रतिशत तक, पिंटोला पर 40 प्रतिशत तक और दावत ब्रांड के उत्पादों पर 35 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

**OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI GADARWADA DISTT: NARSINGHPUR**

No /Nirman/ 26-27/404 Gadarwada, Dated: 25.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E - Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Construction of Pump House and Fitting of Pipe Line. Tender No-2026_MPSAM_517762_1 (PAC amount Rs. 19.60 Lack), and Construction of Gate, Tender Number: 2026_MPSAM_517800_1 (PAC amount Rs. 7.35 Lack). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 17.07.2026. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http:// mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in

Note: - Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Development works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

SECRETARY
APMC GADARWADA

## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी

कमांक/1049 /संपदा शाखा/2026 — कटनी दिनांक 24/06/2026

**नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगरपालिक निगम, अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत व भूखण्डो पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। भवन / भूखण्डो के नाम परिवर्तन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रमाणित अभिलेखो सहित प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नामांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. | नाम हस्ताक्षरक | नाम हस्तांतरिती | नामांतरण का आधार | वार्ड का नाम एव भवन /भूखंड का साईज |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती ममता तोमर/ श्री किशोर तोमर | श्री असलम अहमद / श्री इसहाक अहमद, श्रीमती रूकसाना अहमद / श्री असलम अहमद | रजिस्ट्री | योजना क्रमांक 03 वंशस्वरूप वार्ड क्रमांक 29 आवासीय भूखण्ड क्रमांक 03 माप 10X12 मीटर नाम परिवर्तन हेतु |

राजस्व अधिकारी
संपदा शाखा
नगरपालिक निगम कटनी

## शब्द पहेली - 6269



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6268 का हल**



## सूडोकू नवताल- 6279

✱✲✲✲✲ सरल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 6278 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

लाइफ Style



# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती है, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौवीं कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

## हॉलीवुड मसाला




# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

## टीवी मसाला



# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी

**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र



दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।

# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म

# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।



# इक्वाडोर ने किया बड़ा उलटफेर
## 4 बार की चैंपियन जर्मनी को हराया

गोंजालो प्लाटा के 77वें मिनट में दागे गोल की बदौलत इक्वाडोर ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 2-1 से हराकर 2006 के बाद पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

- गोंजालो प्लाटा ने 77वें मिनट में दागा निर्णायक गोल
- जर्मनी को 2-1 से हराकर 2006 के बाद पहली बार नॉकआउट में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

अब मंगलवार को नॉकआउट चरण में मैक्सिको सिटी में उसका मुकाबला मैक्सिको से हो सकता है। अपने शुरुआती दो मैच जीतकर पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर चुकी चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम सोमवार को फॉक्सबोरो में अपना राउंड ऑफ 32 का मैच खेलेगी। टीम का मुकाबला पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया या स्वीडन में से किसी एक से होने की संभावना है। जर्मनी की लगातार जीत का सिलसिला इस हार के साथ 11 मैच पर रुक गया, जो 1979-80 में बने टीम रिकॉर्ड से बस एक मैच कम था।

## ऑस्ट्रेलिया ने खेला ड्रॉ, नॉक-आउट में बनाई जगह

### पैराग्वे के आगे बढ़ने की उम्मीद



सांता क्लारा। ऑस्ट्रेलिया ने पैराग्वे के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलकर फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट में जगह पक्की की। पैराग्वे के लिए भी आगे बढ़ने की उम्मीद बढ़ गई है। टूर्नामेंट में अब 48 टीमें हैं और ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली 12 में से आठ टीम भी नॉकआउट राउंड में जगह बनाएंगी। इसी वजह से ग्रुप डी के अपने आखिरी मैच में दोनों टीमों ने सावधानी दिखाई क्योंकि तुर्की पर जीत के बाद दोनों के पास तीन-तीन अंक थे। इस मैच के विजेता को ग्रुप में अमेरिका के बाद दूसरा स्थान मिलना तय था। ऑस्ट्रेलिया ने ड्रॉ के साथ यह स्थान हासिल कर लिया क्योंकि उसका गोल अंतर पैराग्वे से बेहतर था लेकिन इस ड्रॉ से पैराग्वे को ग्रुप में चार अंक मिले, जो शायद नॉकआउट चरण में प्रवेश के लिए काफी होंगे। यह तीसरी बार है जब ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट दौर में पहुंचा है। इससे पहले 2006 और 2022 में वे प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन जुलाई को अर्लिंगटन में राउंड ऑफ 32 का मैच खेलेगी। उनका मुकाबला ग्रुप जी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।



# पहली बार नॉकआउट में आइवरी कोस्ट

**फिलाडेल्फिया।** निकोलस पेपे के दो गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने क्यूरासाओ को 2-0 से हराकर पहली बार फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मैच के बाद आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। वे टीम फोटो के लिए पिच पर घुटनों के बल बैठ गए और सभी ने एक अंगुली आसमान की ओर उठाई। यह इस पश्चिम अफ्रीकी टीम के विश्व कप नॉकआउट दौर में पहली बार पहुंचने की खुशी थी। स्टार फारवर्ड पेपे ने कहा, 'हम अपने लिए कोई सीमा तय नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमारे अंदर बहुत क्षमता है।' आइवरी कोस्ट की टीम अब नॉकआउट में 30 जून को ग्रुप आई में उप विजेता रहने वाली फ्रांस या नॉर्वे की टीम से भिड़ेगी।

**पेपे ने सातवें मिनट में दिलाई बढ़त**

पेपे ने मैच के सातवें मिनट में ही आइवरी कोस्ट को बढ़त दिला दी, जिसके बाद टीम ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। आइवरी कोस्ट को आगे बढ़ने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन उन्होंने पूरे जोश के साथ खेला और क्यूरासाओ को बराबरी करने का कोई मौका नहीं दिया। आइवरी कोस्ट को स्टेडियम में दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और जब पेपे ने 64वें मिनट में बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट मारकर जीत पक्की की तो नारंगी जर्सी पहने टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

# नीदरलैंड ग्रुप-एफ में शीर्ष पर



**कन्सास सिटी।** ब्रायन ब्रॉबी ने विश्व कप में अपना तीसरा गोल किया जबकि ट्यूनीशिया के खिलाड़ियों ने दो आत्मघाती गोल दागे, जिससे नीदरलैंड ने बारिश के बीच 3-1 की जीत के साथ ग्रुप एफ के विजेता के तौर पर नॉकआउट चरण में जगह बनाई। विश्व कप के शुरुआती मैच में हार के बाद अपने कोच को हटाने वाला ट्यूनीशिया पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था। शुरुआती कुछ मिनटों में ही तय हो गया कि चीजें ट्यूनीशिया के पक्ष में नहीं हो रहीं। डेन्जेल डमफ्रीज ने गोल के सामने से गेंद भेजी और ट्यूनीशियाई कप्तान एलिस स्खिरी ने उसे क्लियर करने की कोशिश में पैर से मारा लेकिन गेंद उनके ही गोल में चली गई। सातवें मिनट में ब्रॉबी ने स्कोर 2-0 कर दिया जब डच टीम को लगभग 25 गज की दूरी से फ्री किक मिली। वैन डाइक ने शानदार ढंग से हेडर से गेंद को बॉक्स के पार भेजा और ब्रॉबी ने गोलकीपर आयमेन डाहमेन के ऊपर से चिप करके गेंद को नेट में डाल दिया।

# जापान और स्वीडन ने खेला ड्रॉ, नॉकआउट में एंट्री

**अर्लिंगटन।** डाइजेन माएदा ने जापान को बढ़त दिलाई लेकिन 6 मिनट बाद एंथनी एलंगा ने बराबरी का गोल कर स्वीडन को 1-1 से ड्रॉ दिलाया, जिससे दोनों ही टीमें विश्व कप के नॉकआउट दौर में पहुंच गईं।

एलंगा ने 62वें मिनट में बॉक्स के दाहिने कोने के ठीक बाहर से बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर इस टूर्नामेंट में अपना दूसरा गोल किया और स्वीडन को नॉकआउट में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एलंगा ने



न्यूकासल के लिए 49 मैच में केवल तीन गोल किए हैं जबकि पिछले 32 प्रीमियर लीग मैच में कोई गोल नहीं किया है। इससे छह मिनट पहले माएदा ने पेनल्टी एरिया में रित्सु दोआन के बेहतरीन पास को बाएं पैर से रोका और आसानी से जैकब विडेल जेटरस्ट्रॉम को छकाते हुए दाहिने पैर से गोल दाग दिया। यह टूर्नामेंट में जापान का सातवां गोल था, जो किसी एक विश्व कप में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# तुर्की की पहली जीत



**इंगलवुड।** कान आयहान ने मैच की आखिरी किक पर गोल किया और तुर्की ने अमेरिका को 3-2 से हराकर विश्व कप में अपनी एकमात्र जीत दर्ज की। ऑस्टन ट्रस्टी ने तीसरे मिनट में गोल करके अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन तुर्की ने आर्डा गुलेर (10वें मिनट) और बारिस अल्पर यिलमाज (31वें मिनट) के गोल की बदौलत स्कोर 2-1 कर दिया। अमेरिका ने 49वें मिनट में सबेस्टियन बरहाल्टर के गोल से बराबरी हासिल की लेकिन आयहान ने अंतिम लम्हों में गोल दागकर तुर्की की जीत सुनिश्चित कर दी। अमेरिकी टीम पहले ही पैराग्वे और ऑस्ट्रेलिया को हराकर ग्रुप डी जीतकर नॉकआउट में जगह बना चुकी थी। तुर्की ने शानदार खेल दिखाते हुए पहले हाफ में दो गोल की बदौलत दबदबा बनाया और अंततः रोमांचक जीत दर्ज करने में सफल रहा। तुर्की अपने पहले दो मैच हारने के बाद पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था जबकि आंकड़ों के लिहाज से उसने दोनों मैचों में काफी हद तक दबदबा बनाए रखा था।

## खबर संक्षेप

### रॉटरडैम डॉकर्स के सह-मालिक बने जॉन अब्राहम



**रॉटरडैम।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम रॉटरडैम डॉकर्स के सह-मालिक बन गए हैं। यह उन छह फ्रेंचाइजी टीमों में से एक है, जो 26 अगस्त से 20 सितंबर तक होने वाली पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में भाग लेंगी। अब्राहम उस नेतृत्व समूह का हिस्सा बन गए हैं, जिसमें क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी जॉन्टी रोड्स, फाफ डु प्लेसी और हेनरिक क्लासेन के अलावा मैनेजिंग पार्टनर मधुकर शामिल हैं।

### 'ऑनलाइन ट्रोलिंग' बचाव से जुड़ी महिला क्रिकेटर

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सोशल मीडिया मंचों पर 'ट्रोलिंग' के बचाव से जुड़े 'प्लेयर प्रोटेक्शन प्रोग्राम' में 100 से अधिक महिला क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया है। आईसीसी ने इसके लिए एआई से संचालित 'मॉडरेटर' फ्रीडम2हियर के साथ साझेदारी की है, जिसने मौजूदा महिला टी20 विश्व कप के दौरान लगभग 60,000 'हानिकारक सामग्री' को हटाया है। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से अब तक 50 से अधिक नए खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

# इंडिया-ए की मजबूत पकड़, 452 रन पर घोषित की पहली पारी

साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल ने खेली शानदार शतकीय पारी
इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच चार दिवसीय मुकाबला

एजेंसी ▶▶| गॉल

इंडिया ए की टीम ने श्रीलंका ए के दौरे पर खेले जा रहे पहले चार दिवसीय मैच की पहली पारी में धमाल मचा दिया। इंडिया ए के लिए पहले दिन साई सुदर्शन (132) ने शतक जड़ा।

इसके बाद दूसरे दिन इंडिया ए के कप्तान ध्रुव जुरेल (141) ने भी शतक जड़ दिया। जुरेल के अलावा शेख रशीद ने 63 रन बनाए, जिससे इंडिया ए ने छह विकेट पर 452 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद पहली पारी घोषित कर दी।

### जुरेल ने जड़ा शतक

गॉल के मैदान में इंडिया ए के कप्तान ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके जवाब में साई सुदर्शन ओपनिंग करने आए और उन्होंने पहले दिन ही 175 गेंदों में 132 रन की शानदार पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत इंडिया ए ने पहले दिन चार विकेट पर 333 रन बना लिए थे। दूसरे दिन जुरेल ने 68 रन और शेख रशीद ने 53 रन से आगे खेलना शुरू किया। रशीद ने दूसरे दिन 10 रन और जोड़कर 63 रन बनाए। वहीं जुरेल ने शानदार शतक जड़ा। उनके अलावा हर्ष दुबे ने भी 30 रन का योगदान दिया। जुरेल जब 215 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 141 रन बनाकर खेल रहे थे, तभी इंडिया ए ने छह विकेट पर 452 रन के स्कोर पर पहली पारी घोषित कर दी।



### अपने ही मैदान पर विकेट के लिए तरसते रहे श्रीलंकाई गेंदबाज

इंडिया ए ने पहली पारी में साई सुदर्शन और कप्तान ध्रुव जुरेल के शतकों की बदौलत छह विकेट पर 452 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. इस दौरान टीम ने 111.4 ओवर तक बल्लेबाजी की और श्रीलंका ए के गेंदबाज अपने ही मैदान पर विकेट के लिए तरसते नजर आए। उनके लिए सबसे अधिक तीन विकेट चमीका गुनासेकरा ने लिए, जबकि दिलूम सुदीरा ने दो विकेट झटके। अब श्रीलंका ए की टीम मैच में काफी पीछे हो चुकी है और अगर उसके बल्लेबाज पिच पर टिक नहीं पाए तो इंडिया ए इस मैच को जीत सकती है। वहीं इंडिया ए के लिए तेज गेंदबाजी में आकिब नबी, अंशुल कंबोज और यश ठाकुर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

# मुनिता ने हाफ मैराथन में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर



उत्तर प्रदेश की अनुभवी धावक मुनिता प्रजापति ने राष्ट्रीय अंतर राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन भीषण गर्मी और उमस के बीच महिलाओं की हाफ मैराथन स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता लेकिन वह एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन स्तर हासिल नहीं कर पाईं।

चौबीस साल की मुनिता ने 21.09 किमी की दूरी एक घंटा 45 मिनट पांच सेकेंड में पूरी की लेकिन वह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के तय किए गए एशियाई खेलों के एक घंटे 37 मिनट 20 सेकेंड के क्वालीफाइंग स्तर से काफी पीछे रहीं। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक घंटा 39 मिनट 26 सेकेंड है, जो उन्होंने इस साल फरवरी में चंडीगढ़ में हुई भारतीय पैदल चाल चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहते हुए हासिल किया था।

## एफआईएच प्रो लीग
### इंग्लैंड से पेनल्टी में हारा भारत

**लंदन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच के नियमित समय में 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी में 1-4 से हार झेलनी पड़ी। ली वैली हॉकी एवं टेनिस सेंटर में भारत के लिए दिलप्रीत सिंह (10वें और 58वें मिनट) ने दोनों गोल दागे जबकि इंग्लैंड के लिए डेविड गुडफील्ड (29वें मिनट) और निकोलस बांडुरक (56वें मिनट) ने गोल किए। बाद में शूटआउट में मेजबान टीम के लिए थॉमस सोर्सबी, जेम्स अल्बेरी और कप्तान जैकरी वालेस ने अपने मौकों को गोल में बदला। इसके अलावा एक मौके पर पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे भी वालेस ने गोल में बदला। शूटआउट में भारत के लिए एकमात्र गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया।

**पहला हाफ रहा रोमांचक :** इससे पहले नियमित खेल के दौरान पहला हाफ रोमांचक रहा क्योंकि दोनों टीमों ने गोल किए और कुछ मौके भी बनाए। भारत ने पहले क्वार्टर में अच्छी शुरुआत की और जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि कप्तान हरमनप्रीत की ड्रैग फ्लिक को इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स माजारेलो ने रोक दिया।

### राइफल-पिस्टल स्पर्धाओं में शीर्ष पर भारत

**सुहल।** भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 7 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर अपने अभियान का शानदार समापन किया, लेकिन शॉटगन स्पर्धा में उसे कोई पदक नहीं मिला। भारत ने 24 पदकों (सात स्वर्ण, आठ रजत और नौ कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण सहित 14 पदक जीते जबकि इटली ने छह स्वर्ण सहित 10 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सेजल कांबले ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हिमांशी ने कांस्य पदक हासिल किया।



# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 308 रन पर समेटा

डिसिल्वा ने जड़ा 13वां टेस्ट शतक

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंथ

कप्तान धनंजय डिसिल्वा के 13वें टेस्ट शतक के बावजूद वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन श्रीलंका को 308 रन पर समेट दिया। डिसिल्वा ने 168 गेंद में 17 चौकों से 120 रन की पारी खेली। उन्होंने उस समय दिनेश चांदीमल (54) के साथ चौथे विकेट के लिए 68 और सोनल दिनुशा (43) के साथ छठे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की जब टीम 42 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

मिलन रत्नायके (27) के साथ सातवें विकेट के लिए 64 रन और जोड़ने के बाद मेहमान टीम के कप्तान आखिरी सत्र में 120 रन पर आउट हो गए। जब 65वें ओवर में डिसिल्वा आउट हुए तब श्रीलंका का स्कोर सात विकेट पर 272 रन था और सात ओवर बाद उनकी पारी खत्म हो गई जब जेडन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स ने निचले क्रम को समेटा।



## अमेरिकी ओपन: दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी को सीधे गेम में हराया
# रौनक ने किया उलटफेर, टिएन को हराया, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रौनक चौहान ने अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए चीनी ताइपे के दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीय चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हरा दिया। दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी रौनक ने टिएन को 21-17, 26-24 से हराया और इजराइल के मिशा जिल्बरमैन के साथ क्वार्टर फाइनल मुकाबला तय किया। भारत के 18 साल के रौनक ने शुरू से ही अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। हालांकि टिएन 17-15 तक आगे रहे लेकिन इसके बाद रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया।



### दूसरे गेम में रौनक ने की वापसी

दूसरे गेम में अधिकतर समय टिएन का दबदबा रहा और वह 17-11 से आगे थे लेकिन फिर रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर जोरदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें रौनक ने चार गेम प्वाइंट बचाए और फिर अपने दूसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए 49 मिनट में जीत हासिल की।

### अंतिम आठ में तन्वी रक्षिता और देविका

महिला एकल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा, रक्षिता श्री और देविका सिहाग भी अंतिम आठ में पहुंच गईं। पांचवीं वरीय तन्वी ने चीनी ताइपे की तुंग सिउ तोंग को 21-12, 21-19 से हराया जबकि रक्षिता ने भी चीनी ताइपे की ही चेन सु यू को 21-4, 21-19 से शिकस्त दी। छठी वरीय देविका ने थाईलैंड की टोनरुग साएहेंग को 21-17, 21-19 से हराया। अनुभवी किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल में मलेशिया के ली जी जिया को 21-14, 21-13 से हराकर भारत के लिए एक शानदार दिन का समापन किया।

# 20 वर्षीय माया से भिड़ेंगी 44 साल की सेरेना

एजेंसी ▶▶| लंदन

सात बार की विम्बलडन एकल चैंपियन सेरेना विलियम्स सोमवार से शुरू हो रहे इस ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया जॉइंट से भिड़ेंगी। यह लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद इस टूर्नामेंट में उनका पहला एकल मुकाबला होगा।

इस 44 वर्षीय दिग्गज को घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। वह एकल के अलावा अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स (46) के साथ युगल स्पर्धा में भी हिस्सा लेंगी। सेरेना की टेनिस में वापसी की शुरुआत दो युगल अभ्यास मुकाबलों से हुई थी, लेकिन रविवार को ऑल इंग्लैंड क्लब ने उनके एकल खेलने की घोषणा के साथ उनकी वापसी को नई गति मिली।



29 जून से विम्बलडन का आगाज

वीनस के साथ युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगी सेरेना

### 2022 में खेला था पिछला एकल मुकाबला

*सेरेना ने अपना पिछला एकल मुकाबला 2022 के यूएस ओपन में खेला था, जहां उन्हें तीसरे दौर में अजला टोमल्यानोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उन्होंने 'संन्यास' शब्द का इस्तेमाल करने से इनकार करते हुए कहा था कि वह टेनिस से दूर होकर अपने जीवन के नए चरण की ओर बढ़ रही हैं। साल 2023 में उनकी दूसरी बेटी का जन्म हुआ था। विम्बलडन में सेरेना पिछला मुकाबला 2022 में खेली थी। उन्हें तब पहले दौर में ही तत्कालीन विश्व नंबर 115 हार्मनी टैन ने पराजित किया था।*

## रिश्वत लेते पकड़े गए अधिकारी के मामले में चार साल बाद भी नहीं पेश हुआ चालान

# क्या सुप्रीम कोर्ट की मंशा भी हुई अनसुनी?

हरिभूमि, जबलपुर।

कटनी के चर्चित रिश्वत प्रकरण ने अब केवल एक अधिकारी की जवाबदेही का सवाल नहीं छोड़ा है, बल्कि भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की गति और संस्थागत जवाबदेही पर भी गंभीर बहस छेड़ दी है। वर्ष 2022 में 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त के हत्थे चढ़े नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक संजय सिंह के मामले में चार वर्ष बीत जाने के बाद भी चालान प्रस्तुत नहीं हो पाया है।

हरिभूमि फॉलोअप

कानूनी जानकारों का कहना है कि भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित जांच और अभियोजन की आवश्यकता पर उच्चतम न्यायालय भी समय-समय पर जोर देता रहा है, ताकि आरोपी और शिकायतकर्ता दोनों अनिश्चितता की स्थिति में लंबे समय तक न रहें। ऐसे मामलों में अनावश्यक देरी न्यायिक प्रक्रिया और जनता के विश्वास दोनों को प्रभावित करती है।कटनी प्रकरण में चार वर्ष बीत जाने के बाद भी यदि मामला न्यायालय तक नहीं पहुंच पाया है, तो यह स्वाभाविक रूप से कई प्रश्न खड़े करता है।

## तीन से चार माह में कार्रवाई की बात, लेकिन कटनी प्रकरण में बीत गए चार वर्ष

### चार महीने नहीं, बीत गए चार साल

मई 2022 में लोकायुक्त ने संजय सिंह और लेखापाल धीरज मिश्रा को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। आरोप था कि धान मिलिंग और परिवहन के लगभग 20 लाख रुपये के बिलों का भुगतान कराने के एवज में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। गिरफ्तारी हुई, एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन इसके बाद मामला वर्षों तक आगे नहीं बढ़ सका। अब जबकि आरोपी अधिकारी सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके हैं, जनता पूछ रही है कि यदि चार वर्षों में भी कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी, तो फिर भ्रष्टाचार के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के दावे कितने प्रभावी हैं?

### पूरी व्यवस्था पर सवाल

भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती केवल नीतियों और नारों से नहीं, बल्कि समयबद्ध और पारदर्शी कार्रवाई से साबित होती है। यदि किसी मामले में जांच, अभियोजन और विभागीय प्रक्रिया वर्षों तक लंबित रहती है, तो सवाल केवल एक अधिकारी पर नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर उठते हैं।

### विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में

इस पूरे मामले में नागरिक आपूर्ति निगम की कार्यप्रणाली भी चर्चा में है।आम तौर पर जब किसी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज होता है, तो विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू होती है। लेकिन यहां स्थिति अलग दिखाई देती है। चार वर्ष पूर्व रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हुए अधिकारी को न केवल सेवा में बनाए रखा गया, बल्कि उन्हें बड़े जिलों की जिम्मेदारियां भी सौंपी जाती रहीं। इसी बीच समर्थन मूल्य खरीदी और भंडारण व्यवस्था को लेकर धान, गेहूं और अन्य अनाज से जुड़े विवाद और अनियमितताओं के मामले भी सामने आते रहे। ऐसे में विपक्ष, किसान संगठनों और सामाजिक संगठनों के बीच यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या, विभागीय निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था पर्याप्त है? क्या विभागीय कार्रवाई की समीक्षा जरूरी है?

### चार्जशीट दायर होने पर निलंबन- ऋतू चौहान

इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम कि महाप्रबंधक ऋतू चौहान का कहना है कि वह अभी आई हैं विभाग में, लोकायुक्त ने अभियोजन कि स्वीकृति मांगी है जैसे ही एम डी आएंगे, स्वीकृति दे दी जाएगी, जहां तक निलंबन का सवाल है तो चार्जशीट दायर होने पर निलंबन किया जाता है।

## डिंडौरी के सेवानिवृत्त कर्मचारी की गुहार पर कोर्ट का हस्तक्षेप

# सेवानिवृत्ति के बाद अटका जीपीएफ अफसरों को 30 दिन की डेडलाइन



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति के बाद भी अपनी ही जमा-पूंजी के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर डिंडौरी निवासी जितेंद्र कुमार साहू के मामले में प्रशासनिक उदासीनता पर हस्तक्षेप किया है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने ने संबंधित सक्षम प्राधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता के लंबित अभ्यावेदन पर 30 दिनों के भीतर विधि के अनुरूप कारणयुक्त आदेश पारित कर उसका परिणाम भी याचिकाकर्ता को सूचित किया जाए।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अक्षय नामदेव ने दलील दी कि स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद भी जीपीएफ की लगभग 3.27 लाख रुपये की राशि का भुगतान नहीं हुआ। कई बार अभ्यावेदन देने के बावजूद विभाग ने कोई निर्णय नहीं लिया। वर्षों की सेवा के बाद कर्मचारी को उसकी वैधानिक राशि के लिए प्रतीक्षा कराना न केवल अनुचित है, बल्कि प्रशासनिक निष्क्रियता का उदाहरण भी है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन पक्ष ने लंबित अभ्यावेदन पर निर्णय कराने की मांग का विरोध नहीं किया। इसके बाद हाई कोर्ट ने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी किए बिना सक्षम प्राधिकारी को 30 दिन के भीतर अभ्यावेदन का निराकरण करने का आदेश दिया और याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

## हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

# 15 लाख आबादी वाले जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र क्यों नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी जिले में अब तक पोस्ट आफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) शुरू नहीं होने के मामले में केंद्र सरकार सहित संबंधित पक्षों से जवाब तलब किया है।एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी अनावेदकों को जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।अगली सुनवाई तीन जुलाई को होगी। कटनी निवासी दिव्यांशु मिश्रा अंशु की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि औद्योगिक और खनिज संपन्न कटनी जिले की लगभग 15 लाख आबादी को पासपोर्ट बनवाने तथा उससे जुड़े कार्यों के लिए आज भी जबलपुर या सतना जाना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों, नौकरीपेशा युवाओं, व्यापारियों और विदेश जाने के इच्छुक नागरिकों पर अतिरिक्त समय और आर्थिक बोझ पड़ रहा है। जिले में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने की मांग लंबे समय से लंबित है। स्थानीय सांसद वीडी शर्मा द्वारा भी केंद्र सरकार को पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## *आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ एनएसए लगाने की मांग पर फैसला सुरक्षित*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने उस जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है, जिसमें वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। एसीजे विवेक रूसिया की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने सुनवाई पूरी कर ली। जनहित याचिका मे कहा गया है कि अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद वर्मा ने ब्राह्मण समाज को लेकर कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे सामाजिक विद्वेष की स्थिति उत्पन्न हो गई। याचिकाकर्ता अभिषेक दुबे ने तर्क दिया कि यह बयान प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ, जिससे मध्य प्रदेश सहित देशभर के ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है। याचिका में वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की गई।

# इलाज में भोपाल जेल प्रशासन की ढिलाई पर हाईकोर्ट सख्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के एक प्रकरण में निरुद्ध जबलपुर निवासी एक युवक के मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण में कथित लापरवाही को गंभीरता से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने भोपाल जेल प्रशासन को निर्देश दिया है कि बंदी को एक जुलाई, 2026 से पहले हर हाल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल ले जाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परीक्षण कराया जाए तथा इसकी अनुपालन रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। मामले की अगली सुनवाई सात जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता युवक की ओर से दलील दी गई कि बंदी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। न्यायालय के पूर्व निर्देश पर उसे एम्स भोपाल ले जाया गया था, जहां विशेषज्ञों ने पुनः परीक्षण के लिए बुलाया था। इसके बावजूद जेल प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने का हवाला देते हुए दोबारा एम्स नहीं भेजा। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था या पुलिस बल की कमी किसी बंदी के उपचार में बाधा नहीं बन सकती। इसलिए आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराकर समय-सीमा के भीतर चिकित्सकीय परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

**जबलपुर निवासी बंदी को एक जुलाई से पहले एम्स भोपाल भेजने के निर्देश, अनुपालन रिपोर्ट तलब**




## गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी

# जबलपुर में आज-कल में दस्तक देगा मानसून

**जबलपुर।** शहर में प्री-मानसून की गतिविधियां तेज होने लगी हैं। मौसम विज्ञान कार्यालय, जबलपुर के अनुसार शुक्रवार को जिले के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। मानसून अभी जबलपुर में प्रवेश नहीं किया है। आज कल में मानसून की दस्तक हो जाएगी। इसके पूर्व गुरुवार की रात शहर में हुई खंड-खंड वर्षा से जबलपुर में शुक्रवार को उमस भरी गर्मी रही। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान शहर का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। सुबह की सापेक्ष आर्द्रता 77 प्रतिशत और शाम की 55 प्रतिशत दर्ज की गई।



बीते 24 घंटे में शहर में ट्रेस से लेकर 42.2 मिमी तक वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि वातावरण में नमी बढ़ने के कारण अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर न जाने, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा तेज हवाओं और आकाशीय बिजली के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण दिशा से लगभग 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं, जबकि दिन में मौसम के और अधिक सक्रिय रहने की संभावना है। इससे शहरवासियों को गर्मी से राहत मिलने के साथ-साथ कई इलाकों में अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। कृषि क्षेत्र के लिए यह मौसम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिले में खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य तेजी से चल रहा है। किसानों का कहना है कि समय पर होने वाली वर्षा से खेतों में नमी बनी रहेगी और धान, सोयाबीन, मक्का तथा अन्य खरीफ फसलों को लाभ मिलेगा। हालांकि तेज हवाओं और अत्यधिक वर्षा की स्थिति में खेतों में जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी है।

## *बाईक की टक्कर से 2 युवक घायल*

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम टिमरी पाटन रोड पर एक बाईक ने दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतलामाता मंदिर के पास 38 वर्षीय राजा झारिया गत दिवस अपनी बहन के घर ग्राम खैरी में चौक कार्यक्रम में अपने रिश्तेदार संजय मेहरा और संजय का साथी अरविंद बेन के साथ जा रहा था। संजय अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एम.पी.20 एन.एन. 3373 से अरविंद बेन को लेकर आगे निकल गया और राजा चौक में देने के लिए बच्चे के कपड़े खरीदने के लिए रुक गया। कपड़े लेकर आगे बढ़ा था तो अनमोल बसेरा के आगे ग्राम टिमरी पाटन रोड पर शाम 3.40 बजे संजय और अरविंद दोनों घायल अवस्था में रोड किनारे पड़े थे उसने दोनों को उठाया और संजय ने बताया कि मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 20 जेडके 3531 के चालक ने उनकी बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए।




## *शहर में झुमकी झटक गैंग सक्रिय*

**जबलपुर।** शहर में झुमकी झटक गैंग सक्रिय हो गए। इस गैंग की हरकतों से महिलाओं के कान की सुरक्षा संकट में पड़ गई। आधारताल के कमानिया गेट के बाद अब माढ़ोताल थाना अतंर्गत खजरी बायपास पर अपने पति के साथ बाईक पर जा रही एक महिला के कान से झुमके लूटकर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाश ले भागे। इस दौरान महिला का कान कट गया और वह घायल हो गई। 3.5 ग्राम वजनी सोने के झुमके की कीमत लगभग 50 हजार रुपए बताई गई है। घटना के संबंध में माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मड़ई व्हीकल रांझी निवासी 38 वर्षीय सविता चौधरी गत शाम करीब 5:30 बजे अपने पति गणेश चौधरी के साथ मोटरसाइकिल से बिहरिया से कंटगी बायपास होते हुए हाईवे के रास्ते खजरी बायपास की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आए। बीच में बैठे युवक ने उनके दाहिने कान का सोने का झुमका झपटकर खींच लिया, जिससे उनका कान फट गया। घटना के बाद तीनों आरोपी खजरी बायपास की ओर भाग निकले। महिला के पति ने बदमाशों का कुछ दूर तक पीछा किया, लेकिन वे हाथ नहीं आए। घायल महिला ने पहले उपचार कराया और इसके बाद थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240